बैशाख कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


सोमवार, 6 मई 2024
वर्ष 5, अंक 41, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता 15

24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी 16

## ईडी ने मांगी यूट्यूबर एल्विश की संपत्तियों की जानकारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- रेव पार्टियों में सांपों के जहर की सप्लाई के मामले में आरोपी है

**अमृत विचार** : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) लखनऊ जोन के अधिकारियों ने यूट्यूबर एल्विश यादव के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने एल्विश के बैंक खातों का ब्योरा, वाहनों एवं अन्य संपत्तियों की जानकारी मांगी है। यादव के खिलाफ लखनऊ जोन में प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉड्रिंग एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

बताते चलें कि भाजपा नेता मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनीमल्स की ओर से रेव पार्टियों एवं अन्य स्थानों पर सांपों के जहर की सप्लाई करने के आरोप में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। एफआईआर दर्ज होने के बाद नोएडा की सेक्टर-49 पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बीती 17 मार्च को एल्विश यादव को भी जेल भेजा गया था। ईडी लखनऊ जोन में मामला दर्ज होने के बाद अब यहां से भी एल्विश पर शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

## यादव परिवार बनाम भाजपा के मंत्री-सांसदों की कल अग्निपरीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मैनपुरी में मोदी की गारंटी पर मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला
- सपा के तीन सदस्यों तो भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की प्रतिष्ठा दांव पर



**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव परिवार के तीन सदस्यों तो, भाजपा के दो मंत्री और चार सांसदों की मंगलवार को अग्निपरीक्षा होनी है। ऐसे में दोनों ही दलों की प्रतिष्ठा दांव पर है। खासकर मैनपुरी सीट पर इस बार मोदी की गारंटी और मुलायम की विरासत के बीच मुकाबला है। मुलायम की बहू डिंपल यादव के साथ यहां पूरा यादव परिवार जुटा है। जबकि मोदी-योगी से लेकर पूरी भाजपा सपा से यह सीट छीनने को मंत्री जयवीर सिंह के साथ है।

उप्र. में मैनपुरी एकमात्र सीट है जिस पर पिछले तीन दशक में किसी लहर का असर नहीं रहा और सपा हमेशा जीतती रही। बदायूं से शिवपाल यादव के पुत्र आदित्य यादव और रामगोपाल यादव के पुत्र अक्षय यादव फिरोजाबाद से प्रत्याशी हैं। परिवार के इन सदस्यों को विजयी बनाने को यादव कुनबे ने प्रचार में कोर-कसर नहीं छोड़ी है।

भाजपा के दो मंत्रियों में से एक हाथरस सु.सीट से राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि हैं तो मैनपुरी से पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह हैं। डिंपल के मुकाबले बसपा से गुलशन कुमार शाक्य भी मैनपुरी के मैदान में हैं। उधर, भाजपा के चार सांसद उम्मीदवारों में आगरा सु. से एसपी सिंह बघेल, फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर, एटा से पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह और आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप शामिल हैं। बदायूं सीट पर कांटे की टक्कर होने की उम्मीद है। दरअसल, सपा ने बदायूं सीट से पहले धर्मेंद्र यादव, फिर शिवपाल यादव और बाद में उनके बेटे आदित्य यादव को प्रत्याशी बनाया। उधर, भाजपा ने यहां मौजूदा सांसद संघमित्रा मौर्य का टिकट काटकर दुर्विजय शाक्य को प्रत्याशी घोषित किया। वहीं, बसपा ने मुस्लिम खान को उतार कर मुस्लिम कार्ड खेला है। भाजपा के सामने इस चरण में चुनौती सपा के चक्रव्यूह को तोड़ते हुए 2019 में जीती हुई सीटों को बचाए रखने की है। जिन 10 लोकसभा सीटों पर मंगलवार को मतदान है वहां पिछली बार भाजपा ने आठ सीटें जीती थीं। सपा केवल दो सीटों संभल और मैनपुरी तक सिमट कर रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में भाजपा ने इन 10 में से 7 सीटें जीती थीं।

### अखिलेश के लिए भी कड़ी परीक्षा का समय

सपा पहली बार लोकसभा चुनावों में बिना मुलायम सिंह यादव के मैदान में है। इसलिए अखिलेश यादव के लिए भी ये समय कड़ी परीक्षा का है। सपा के गठन के बाद से अब तक जितने भी चुनाव हुए, उसमें मुलायम की अहम भूमिका रहती थी। मुलायम की अगुवाई में मुस्लिम और यादव बहुल इन सीटों पर ही काबिज होकर पार्टी ने अपना राजनीतिक झंडा बुलंद किया था।

### तीसरे चरण का प्रचार थमा, मतदान कल

तीसरे चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों के लिए रविवार की शाम चुनाव प्रचार खत्म हो गया। मतदान के लिए छह मई को पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। मतदान सात मई को होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों संभल, हाथरस (अजा), आगरा (अजा), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर मतदान होगा।

## एक नजर

### सीआईएससीई बोर्ड के आज आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली।** काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) सोमवार 6 मई को 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम सुबह 11 बजे घोषित करेगा। यह जानकारी बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और सचिव जोसेफ इमैनुएल ने रविवार को दी। परिणाम बोर्ड की वेबसाइट, कैरियर्स पोर्टल और डिजीलॉकर पर उपलब्ध होंगे। बोर्ड ने इस सत्र से 10 वीं और 12वीं कक्षा के लिए कंपार्टमेंट परीक्षा बंद करने का भी निर्णय लिया है। इमैनुएल ने कहा कि जो अभ्यर्थी परीक्षा के एक ही वर्ष में अपने अंक या ग्रेड में सुधार करना चाहते हैं, वे अधिकतम दो विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं।अंक सुधार परीक्षा जुलाई में आयोजित की जाएगी।

### मणिपुर में स्कूल ऑन व्हील्स की पहल

**इंफाल।** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुइया उइके ने जातीय हिंसा से प्रभावित राज्य में राहत शिविरों में रहने वाले छात्रों तक पहुंचने के लिए रविवार को स्कूल ऑन व्हील्स की पहल शुरू की। राजभवन से यह जानकारी दी गई। बाल विद्या मंदिर परिसर में कार्यक्रम की शुरुआत के दौरान उइके ने कहा कि स्कूल बस एक पुस्तकालय, स्मार्ट टीवी, कंप्यूटर और खेल सामग्री से सुसज्जित है। इसमें एक शिक्षक भी मौजूद रहेंगे।

# अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रहे सपा और कांग्रेस : मोदी

### इटावा के ककराई ढकपुरा में आयोजित चुनावी रैली में बोले प्रधानमंत्री, दोनों से रहें सावधान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा है कि ये दोनों पार्टियां अपने-अपने बच्चों के भविष्य के लिए चुनाव लड़ रही हैं। लोगों को इन दोनों से सावधान रहना होगा। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी का आरक्षण छीनकर धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं। कर्नाटक में रातों-रात मुस्लिम जातियों को ओबीसी घोषित कर दिया गया। वहां ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण मिला था। उसमें डाका डाल दिया। सोचिए, यूपी में ऐसा हुआ तो यहां के ओबीसी के हक का क्या होगा। यह बहुत बड़े खतरे की घंटी है। प्रधानमंत्री रविवार को इटावा लोकसभा क्षेत्र के ककराई ढकपुरा में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इटावा से भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया, कन्नौज से सुब्रत पाठक और मैनपुरी से जयवीर सिंह के समर्थन में आयोजित इस रैली में मोदी ने कहा कि पांच साल पहले कांग्रेस का शाही परिवार मंदिर-मंदिर घूम रहा था। कांग्रेस के शहजादे ने तो कोट के ऊपर जनेऊ पहन लिया था। इस बार मंदिर का दर्शन बंद हो गया है। प्रधानमंत्री ने परिवारवाद की राजनीति पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि पहले एक परिवार के ही लोग पीएम और सीएम बनते थे। एक चाय वाले ने इस कुप्रथा को तोड़ दिया है। सपा-कांग्रेस की बातें झूठीं, वादे भी झूठे हैं। सपा-कांग्रेस के नारे झूठे और नीयत में भी खोट है। मोदी ने कहा कि देश के वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, लेकिन सपा व कांग्रेस के लोग इसको भी बदनाम करते थे। खुद चोरी चुपके टीके लगवाते थे, लेकिन टीवी पर लोगों को भड़काते थे, ताकि हाहाकार फैले और पाप मोदी के माथे पर लगे। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी परिवार के लिए नहीं, बल्कि देश के निर्माण और विकास के लिए काम कर रहे हैं। मोदी रहे न रहे पर ये देश रहेगा। अब 15 साल नहीं बल्कि 25 साल तक काम करना है। 2047 तक हमें देश को आने वाले हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखने का काम करना है। पीएम मोदी ने तीनों प्रत्याशियों के लिए जनता से समर्थन मांगा।



अयोध्या में रोड शो के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह।

- कहा, वैज्ञानिकों ने टीका बनाया, विपक्षियों ने बदनाम किया
- देश को हजार वर्ष तक मजबूत राष्ट्र बनाने की नींव रखनी है

### मोदी ने रामलला का पूजन कर उतारी आरती, रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**अयोध्या कार्यालय।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम श्रीराम मंदिर में रामलला का दर्शन-पूजन कर आरती उतारी। इसके बाद रोड-शो किया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। मोदी शाम 6 :55 बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से श्रीराम मंदिर पहुंचे। रामलला का दर्शन पूजन करने के बाद प्रधानमंत्री वाहन से राम मंदिर के मुख्य गेट से बाहर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीले रंग का शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद रथ पर सवार होकर लगभग आठ बजे उन्होंने राम पथ पर रोड-शो शुरू किया।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी

बेंगलुरु, एजेंसी

**सेक्स स्कैंडल मामला**

- कर्नाटक के गृहमंत्री परमेश्वर ने दी जानकारी
- रेवन्ना को भारत लाने को इंटरपोल की मदद

कर्नाटक के गृहमंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने रविवार को कहा कि अनेक महिलाओं के यौन उत्पीड़न के आरोपी प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है और हासन लोकसभा सीट से राजग के उम्मीदवार को भारत लाने के लिए इंटरपोल की मदद ली जा रही है। किसी अपराध के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग निकाय द्वारा किसी व्यक्ति की पहचान, स्थान या गतिविधियों के बारे में अपने सदस्य देशों से अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जाता है।

मंत्री ने कहा कि 'सेक्स स्कैंडल' की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) इस बात पर फैसला करेगा कि प्रज्ज्वल को कैसे वापस लाया जाए। परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पहले ही ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी किया जा चुका है। इंटरपोल सभी देशों को सूचित करेगा और उनका पता लगाएगा।

### दुष्कर्म पीड़िताओं को आर्थिक मदद देगी सरकार

**बेलगावी।** कर्नाटक में कांग्रेस सरकार जद (एस) नेता प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा यौन उत्पीड़न की शिकार बनाई गईं महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। कांग्रेस महासचिव और पार्टी के कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की मौजूदगी में यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मांग की थी कि आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। सुरजेवाला ने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने सैकड़ों की संख्या में दुष्कर्म पीड़िताओं को वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

**शराब और सिगरेट की लती थी पत्नी**

## पति के साथ पार की दरिंदगी की सारी हदें

संवाददाता, स्योहारा (बिजनौर)



- दूध में नशा देकर पति के हाथ-पैर बांधे जलती सिगरेट से दागा
- पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद, महिला गिरफ्तार

> तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी महिला को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। -**धर्म सिंह मार्छाल**, एसपी पूर्वी।

**अमृत विचार** : महिला ने पति-पत्नी के रिश्तों को शर्मसार करते हुए पहले दूध में नशा देकर पति के हाथ-पैर बांध दिए और पीटने के बाद सिगरेट से उसके शरीर को दागा। इतना ही नहीं चाकू से पति के निजी अंग को काटने का प्रयास किया। यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। पत्नी के अत्याचारों से परेशान पति ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम चक महदूद सानी निवासी मन्नान जैदी पुत्र उसमान जैदी ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी 17 नवंबर 2023 को ग्राम शफियाबाद थाना स्योहारा निवासी स्व. खुर्शीद अहमद की पुत्री से हुई थी। शादी के बाद वह पत्नी की जिद पर अपने परिवार से अलग किराए के मकान में रहने लगा। बाद में उसे पता चला कि उसकी पत्नी का चरित्र ठीक नहीं है। वह शराब, सिगरेट आदि का सेवन करती है। उसने मना किया तो वह झगड़ा करने लगी और उसे जान से मारने की कोशिश में लग गई। आरोप है कि 29 अप्रैल 2024 की रात को पत्नी ने दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। जब वह बदहवास हो गया तो उसने हाथ-पैर बांधकर उसे जान से मारने की नीयत से उसका गला दबाया। जलती सिगरेट से उसके शरीर को कई जगहों पर दागा। चाकू से उसके निजी अंग काटने का प्रयास किया। युवक का कहना है कि पत्नी उसे कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी दे रही है।

### पत्थर से वार कर पति को उतारा मौत के घाट

**बागेश्वर।** जिले के कपकोट क्षेत्र के किरौली गांव में घरेलू विवाद के दौरान आवेश में आकर एक महिला ने अपने पति की पत्थर से वार कर हत्या कर दी। मृतक के भाई ने अपनी भाभी के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शनिवार की रात किरौली गांव निवासी धीरेंद्र कांडपाल (43) और उसकी पत्नी मुन्नी देवी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान मुन्नी देवी ने एक बड़े से पत्थर से धीरेंद्र के सिर पर वार कर दिया। जिससे धीरेंद्र की मौत हो गई।

## देहरादून में इस्कॉन के वरिष्ठ संन्यासी गोपाल कृष्ण गोस्वामी का निधन



**देहरादून।** इस्कॉन के वरिष्ठ सन्यासी और इस्कॉन इंडिया की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण गोस्वामी महाराज का रविवार सुबह उपचार के दौरान, उत्तराखंड के देहरादून स्थित एक निजी अस्पताल में देहावसान हो गया।

गोस्वामी ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से भक्तों में शोक की लहर है। सूत्रों ने बताया कि गोपाल महाराज दो मई को डोईवाला अंतर्गत, दूधली स्थित मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचे थे। यहां वह अचानक फिसलकर गिर गए थे। इससे उनके पसलियों में फ्रेक्चर हो गया था। तीन दिनों से उनका इलाज सिनर्जी अस्पताल में चल रहा था जहां रविवार की सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को उनका पार्थिव शरीर वृंदावन ले जाया जाएगा, जहां अंतिम क्रिया की जाएगी।

## मायावती पर की अमर्यादित टिप्पणी सपा महासचिव शिवपाल पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं





- वीडियो वायरल होने पर बसपा जिलाध्यक्ष ने दी थी तहरीर

> बसपा जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी की ओर से तहरीर प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है। -**आलोक मिश्रा**, सीओ सिटी

**अमृत विचार** : बसपा सुप्रीमो मायावती के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने पर सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बसपा जिलाध्यक्ष आरपी त्यागी ने पार्टीजनों के साथ सिविल लाइन कोतवाली पहुंचकर शिवपाल के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर वायरल वीडियो की जांच के बाद कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता आरपी त्यागी ने सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव बदायूं लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं। शिवपाल यादव ने एक कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव में बेटे की हार के डर से बौखलाहट में बसपा प्रमुख मायावती के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। जो एक टीवी चैनल के अलावा सोशल साइट्स पर प्रसारित हुआ। बसपा जिलाध्यक्ष ने 3 मई दोपहर तीन बजे वह वीडियो देखा। उनका कहना है कि सपा नेता के बयान से बसपा के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। इसकी वजह से सामाजिक माहौल बिगड़ने की प्रबल संभावना है। मामला गंभीर होने पर सिविल लाइन पुलिस ने शिवपाल यादव के खिलाफ जानबूझकर अपमानित करने और दो वर्गों के बीच द्वेष व शत्रुता पैदा करने को बढ़ावा देने का बयान देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

## बुलंदशहर की नहर में मिला चार दिन से ग्रेटर नोएडा से लापता किशोर का शव

**बुलंदशहर।** ग्रेटर नोएडा से चार दिन पहले अपहरण किए गए किशोर की लाश पुलिस ने बुलंदशहर में एक नहर से रविवार को बरामद किया।

- कार सवार बदमाशों ने 1 मई को किया था अगवा

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व एक मई को कार सवार बदमाशों ने गावं मियाना निवासी कुनाल (15) पुत्र कृष्ण कुमार का अपहरण कर लिया था। वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी ।

घटना से आक्रोशित परिजनों ने 2 दिन पहले बीटा 2 थाने का घेराव भी किया था। अपहृत बालक का शव बुलन्दशहर कोतवाली देहात क्षेत्र अंतर्गत नहर में पड़ा देखा गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है तथा गौतम बुद्ध नगर पुलिस और परिजनों को भी सूचना कर दी गई है।

**मदरसा बोर्ड** 13 लाख छात्र पढ़ेंगे संशोधित पाठ्यक्रम, उप्र मदरसा शिक्षा परिषद ने दिया व्यवस्थाओं को विस्तार

## एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम से तालीम लेंगे मदरसा छात्र

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्रों के पाठ्यक्रम और पुस्तकों में संशोधन

**लखनऊ** : यूपी मदरसा बोर्ड में नए सत्र का पाठ्यक्रम राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को आधार बनाते हुए शुरू किया जा रहा है। इस बार 13 लाख छात्र संशोधित पाठ्यक्रमों के सहारे अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इसमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र शामिल हैं।

उप्र मदरसा बोर्ड के अंतर्गत 16,513 मदरसे मान्यता प्राप्त हैं। इनमें से 560 मदरसे अनुदानित रहे हैं। कुल मदरसों में 13 लाख के करीब छात्र पंजीकृत हैं। इनमें मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल के छात्र हैं।

रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी बताती हैं कि आधुनिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए मदरसों में शुरू होने वाली नई व्यवस्थाओं को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के अनुसार स्थापित कराया जा रहा है। शिक्षा विभाग से सामंजस्य बनाकर पाठ्यक्रमों में आंशिक संशोधन किए गए हैं। अब तक मदरसों में कक्षा एक में पढ़ाई जा रही उर्दू जुबां पुस्तक के स्थान पर इस बार शहनाई पुस्तक से जुड़े पाठ्यक्रमों को छात्र पढ़ सकेंगे। परिषदीय स्कूलों और मदरसों में गणित और अंग्रेजी की पढ़ाई को संयुक्त पुस्तक के आधार से हटाकर अलग-अलग पुस्तकों के आधार पर पढ़ाया जाएगा।

**छुट्टियों का भी किया निर्धारण** : मदरसों में यूनिफॉर्म सहित अन्य व्यवस्थाएं भी निर्धारित की जा रही हैं। इसमें छुट्टियां भी शामिल की गई हैं। साप्ताहिक अवकाश के साथ जल्द ही बोर्ड कैलेण्डर भी जारी करने पर चर्चा कर रहा है।

### इन संशोधित पुस्तकों से होगा अध्ययन

मदरसा बोर्ड ने पुस्तकों में भी बदलाव किया है। कक्षा एक के छात्रों के लिए उर्दू जुबां के स्थान पर शहनाई पुस्तक को तैयार किया गया है। छात्र गणित विषय आनंदमय-रियाजी पुस्तक के साथ पढ़ेंगे। अंग्रेजी विषय मृदंगम प्रथम के आधार पर शामिल की गई है। कक्षा दो के लिए मृदंगम द्वितीय पुस्तक भी संशोधित पाठ्यक्रम में शामिल है।

### 9,646 शिक्षकों को मिली जिम्मेदारी

प्रदेश में संचालित 560 अनुदानित मदरसों में कार्यरत 9,646 शिक्षकों को नए पाठ्यक्रमों के अनुसार छात्रों को पढ़ाने के लिए रजिस्ट्रार की ओर से निर्देश दिए गए हैं। जनपदवार जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों से कहा गया है कि शिक्षकों के साथ-साथ कार्यरत 554 शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से विस्तार व्यवस्था में मदद ली जाए।

### वैकल्पिक विषयों पर दिया जाएगा जोर

मदरसा बोर्ड में मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल में अरबी, फारसी व उर्दू, हिंदी, अंग्रेजी विषयों के साथ विकल्प के रूप में शामिल सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, नागरिक शास्त्र, कंप्यूटर विषयों पर भी इस बार जोर दिया जाएगा।

### सवा लाख छात्रों का परीक्षा परिणाम जल्द

मुंशी, मौलवी, आलिम, कामिल और फाजिल की परीक्षाओं का परिणाम इसी सप्ताह आना है। विभागीय तैयारी पूरी कर ली गई हैं। रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का कहना है कि सभी परिणाम घोषित होते ही मदरसों की पढ़ाई शुरू करा दी जाएगी।

## ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- ☞ भमरौआ स्थित मंदिर में भगवान शंकर का जलाभिषेक प्रात: 5:30 बजे।
- ☞ व्यापारियों द्वारा सेल टैक्स आफिस में डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन दोपहर 12 बजे।

## एक नजर

### चार घंटे ठप रही बरेली गेट क्षेत्र की बिजली

**रामपुर, अमृत विचार :** रविवार को मोहल्ला बरेली गेट क्षेत्र की बिजली चार घंटे ठप रही। इससे उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लोगों के इनवर्टर भी ठप हो गए। गर्मी में लोगों का हाल बेहाल हो गया। जेई आलोक तिवारी ने बताया कि 33 केवीए की पुरानी तारों को सही कराने की वजह से कटौती की गई। शाम छह बजे आपूर्ति को सुचारु कराया दिया गया है।

### पुलिस ने तीन वारंटी पकड़े

**धमोरा, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। मामला शाहजादनगर के गांव कमरुद्दीनगर का है। कई वर्ष पहले झगडे के मामले में न्यायालय द्वारा आरोपियों के वारंट जारी किए गए थे। दरोगा विष्णु कुमार, दूधनाथ यादव, नवीन, सुरेंद्र देवल ने दबिश देकर सुमेरी लाल सैनी और उसके भाई रामपाल पुत्र टीकाराम निवासी कमरुद्दीन नगर और रामपाल पुत्र टीकाराम निवासी गांव मऊ को उनके घर से पकड़ लिया। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# एसओजी ने दी सोना तस्करों के घर दबिश, मचा हड़कंप

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** शनिवार रात एसओजी की टीम ने सोना तस्करी के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घरों पर दबिश दी। कई आरोपियों को हिरासत में लेने की चर्चा है। पुलिस ने दबिश की कार्रवाई को तो स्वीकार की लेकिन आरोपियों को हिरासत में लेने की बात से अनभिज्ञता जताई है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर एक अप्रैल को कस्टम विभाग ने सिगरेट, गुटखा और सोना तस्करी के आरोप में खाड़ी देशों से आए 36 लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें से 29 आरोपी अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गए थे। जांच में कस्टम अधिकारियों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई थी। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई थी।

उच्चाधिकारियों के आदेश पर फरार आरोपियों के खिलाफ लखनऊ के सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इसके बाद उनकी गिरफ्तारी के लिए कस्टम विभाग और लखनऊ पुलिस स्थानीय पुलिस के सहयोग से लगातार प्रयास कर रही है। कई बार आरोपियों के घरों पर दबिश भी दी, लेकिन कोई भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पाया था।

शुक्रवार को लखनऊ पुलिस ने मोहल्ला राहूपुरा निवासी एक आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार किया था। पुलिस उसे अपने साथ लखनऊ ले गई थी। शनिवार की रात भी एसओजी की टीम ने नगर में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उनके घरों पर दबिश दी। टांडा सीओ कीर्ति आनंद ने बताया कि सोना तस्करी के मामले में एसओजी की टीम ने दबिश दी है। तस्करों को हिरासत में लेने की जानकारी नहीं है।

## जन आरोग्य मेले में मिला मरीजों को उपचार

**रामपुर, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार को 36 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आरोग्य मेले लगाए गए। इसमें 946 पुरुष, 889 महिला और 306 बच्चों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद दवाओं के साथ परामर्श भी दिया।

टांडा में 20-25 मरीज देखे गए। मिलक केंद्र पर 185 मरीजों को देखा गया। धमोरा में 27 मरीजों को परामर्श दिया गया। बिलासपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और उप प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज, बेगमाबाद, मानपुर ओझा में 152 मरीजों का उपचार कराया गया। शाहबाद सीएचसी में 250 मरीजों को देखा। स्वार के सात उपकेंद्रों पर 600 रोगियों की जांच हुई। सीएमओ डा. एसपी सिंह ने बताया कि आरोग्य मेले में मरीजों की जांच के बाद दवा दी गई। उन्होंने बताया कि गर्मी के कारण त्वचा रोगी, बुखार, उल्टी और दस्त के मरीज ज्यादा रहे।

## सौलत पब्लिक लाइब्रेरी की बैठक में सदस्यों ने जिम्मेदारों पर लगाए मनमानी के आरोप

# हंगामे के बीच 14.40 लाख रुपये का बजट पारित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** सौलत पब्लिक लाइब्रेरी का 2024-25 का बजट पेश किया गया। सचिव ने बताया कि 2023-24 के लिए लाइब्रेरी ने 18,26,660 रुपये का वित्तीय बजट मंजूर किया था। गत वर्ष लाइब्रेरी को 13,64,298 रुपये की आमदनी हुई थी। इसके सापेक्ष 13,85,101 रुपये खर्च किए गए। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी प्रबंधन की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 में 14,40 हजार रुपये का बजट प्रस्तुत किया गया है। इसमें मुख्य रूप से भवन मरम्मत, कर्मचारियों का वेतन और अखबार खर्च शामिल है। बैठक में सदस्यों ने जमकर हंगामा किया और लाइब्रेरी के जिम्मेदारों पर मनमानी का आरोप जड़ा।


सौलत पब्लिक लाइब्रेरी की बैठक में मौजूद सदस्य एवं अध्यक्ष। ● अमृत विचार

सौलत पब्लिक लाइब्रेरी की सलाहकार परिषद की बैठक हिमायत उल्लाह खां हॉल में हुई। लाइब्रेरी के अध्यक्ष डा. महमूद अली खां की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में चुने हुए 24 में से 18 और नामंकित तीन सदस्य शामिल हुए। लगभग आठ माह बाद हुई बजट बैठक में सदस्यों ने जमकर हंगामा किया और लाइब्रेरी प्रबंधन पर मनमानी का आरोप लगाया। इस दौरान लाइब्रेरी के संविधान की व्याख्या की और उसके अनुसार कार्य करने को लेकर मजलिस आमला (कार्यकारी परिषद) के सदस्यों जीशान मोहम्मद खां मुराद, डा. सैयद जाफर शाह, जाहिद खां, डा. सैयद अनवार उल हसन, सैयद मुज्तबा नदीम, गजनफर जैदी और सैयद जफर अली एडवोकेट के बीच लाइब्रेरी से जुड़े कई मुद्दों पर तीखी नोकझोंक के साथ ही बहस हुई।

हंगामे के दौरान लाइब्रेरी के सचिव डॉक्टर अदनान खां जियाई ने पिछली मीटिंग की कार्यवाही के अनुमोदन के बाद कहा कि भवन मरम्मत के लिए एक लाख, कर्मचारियों के वेतन के लिए 4.98 लाख, रीडिंग रूम के लिए समाचार पत्र व पत्रिकाओं की खरीदारी के लिए 50 हजार, पुस्तकों की खरीदारी के लिए 50 हजार, सीसीटीवी कैमरों के लिए 35 हजार, पुस्तकों की जिल्दसाजी के लिए 50 हजार, लाइब्रेरी के मुख्य कार्यालय के फर्श के लिए 50 हजार और फर्नीचर खरीदारी के लिए 50 हजार रुपये का प्रबन्ध किया गया है।

# जिले में छह केंद्रों पर 2843 अभ्यर्थियों ने दी नीट

## 102 अभ्यर्थियों ने किया किनारा, नौ आब्जर्रवर ने संभाली परीक्षा की कमान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिले में रविवार को 2843 अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) छह केंद्रों पर दी। इसमें 2945 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। सुबह से ही आब्जर्रवर व केंद्र व्यवस्थापक सक्रिय हो गए थे। परीक्षा दोपहर दो से शाम 5:20 बजे तक हुई। शांतिपूर्ण तरह से परीक्षा निपट जाने के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली। नीट से 102 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के लिए 2945 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। एक सप्ताह पहले ही एडमिट कार्ड भी आने शुरू हो गए थे। शनिवार को देर शाम तक नीट के प्रवेश पत्र आन लाइन आते रहे। रविवार को नीट के लिए जिले में छह परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। इसमें व्हाइटहॉल पब्लिक स्कूल, दयावती मोदी एकेडमी, ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सनवे सीनियर सेकेंड्री स्कूल, सेंटपॉल्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल और बिलासपुर का अपेक्स स्कूल शामिल थे। रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से अभ्यर्थियों का केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गया था। परीक्षा दोपहर दो से शाम 5:20 बजे तक हुई। इसमें 2843 अभ्यर्थी शामिल हुए। जबकि 102 अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे। दिव्यांग अभ्यर्थियों को एक घंटा पांच मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया। परीक्षा के दौरान नौ आब्जर्रवर भी पल-पल की जानकारी लेते रहे। केंद्र व्यवस्थापकों और शिक्षकों ने शाम को परीक्षा निपटने के बाद राहत की सांस ली।


परीक्षा देकर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

### केंद्रों पर हुई अभ्यर्थियों की सघन तलाशी

नीट के लिए शासन की ओर से अपराह्न दो से शाम 5:20 तक परीक्षा का समय तय हुआ था। परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को 11 बजे का समय दिया गया था। रविवार को सुबह 10 बजे से ही अभ्यर्थी अपने सेंटरों पर पहुंच गए। इसके बाद 11 बजे परीक्षा केंद्रों पर उनकी सघन तलाशी ली गई। इसके बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया।


नीट को लेकर काफी समय से ऑन लाइन तैयारी चल रही थी। पेपर अच्छा हो गया है। सभी सवालों के अच्छी तरह जवाब दिए हैं। परीक्षा पास करने की उम्मीद है। **- उन्नति**


रविवार को हुई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा काफी अच्छी हुई है। एक वर्ष से तैयारी की थी। पेपर भी काफी अच्छा हुआ है। सभी पढ़े हुए सवाल आए थे। **- बॉबी**


इस वर्ष ही इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नीट की ऑनलाइन तैयारी चल रही थी। फरवरी में आवदेन किया था। पेपर अच्छा हुआ है। **- दिव्यांश**


नीट की ऑनलाइन तैयारी काफी समय से चल रही थी। पेपर काफी अच्छा हुआ है। सभी पढ़े हुए सवाल आए। पेपर से पहले काफी तनाव महसूस हो रहता था। **- रजनीश कुमार**


कोसी नदी की सफाई करते वर्क संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# वर्क संस्था के पदाधिकारियों ने की कोसी नदी की सफाई

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार:** भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही परियोजना नमामि गंगे के अंतर्गत समाजसेवी संस्था वर्क एवं जिला गंगा समिति के तत्वावधान में रविवार को वर्क संस्था से जुड़े लोगों ने गंगा समिति के पदधिकारियों के साथ मिलकर कोसी नदी की सफाई की। इसमें वर्क संस्था की महिलाओं ने भी योगदान दिया और गंगा नदी को साफ रखने का सन्देश दिया।

वर्क संस्था के वालंटियर्स ने बताया कि नदी को साफ रखने की प्रेरणा उन्हें अंतिम ईशदूत मोहम्मद मुस्तफा स. से मिलती है। हर अच्छे काम में सहयोग देना भी अंतिम ईशदूत की शिक्षाओं में से एक है। वर्क के अध्यक्ष डा. अब्दुल्ला तारिक ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नदी को दूषित न करें। गौरतलब है कि नमामि गंगे, भारत सरकार की प्रमुख पहल है। इसका उद्देश्य पवित्र गंगा नदी को पुनर्जीवित करना है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना नदी की सफाई, संरक्षण और प्रदूषण को रोकने तथा टिकाऊ उपयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# नगली भगवंत की सड़क में गड्ढों से दिक्कत

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते तहसील मिलक की ओर जाने वाली नगली भगवंत की सड़क लंबे समय से जर्जर है। यहां दिनभर हजारों की तादाद में राहगीरों, छात्र-छात्राओं की आवाजाही रहती है। इसके बाद भी सड़क की हालत सुधारने को विभागीय अधिकारियों ने सुध नहीं ली। इसके चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रामपुर-केमरी मार्ग पर चमरपुरा चौराहे से दाईं ओर को यह सड़क रासडंडिया, बरा मिलक, नगली भगवंत होते हुए मिलक की ओर जाती है। चमरपुरा चौराहे से नगली भगवंत की दूरी चार किलोमीटर है। करीब एक किलोमीटर सड़क लंबे समय से जर्जर अवस्था में है। यहां रहने वाले अय्यूब, सोहन, नरेश और प्रमोद कुमार का कहना है कि बरसात में इस सड़क पर चलना दुश्वार हो जाता है। यहां के लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति सही नहीं है। सड़क जगह-जगह से उधड़ गई है। इसमें काफी गहरे गड्ढे हो गए हैं। वाहन हिचकोले खाते हुए चलते हैं। सड़क में गड्ढे होने की वजह से कई बार ई-रिक्शा भी पलट चुकी हैं और लोग चोटिल हो चुके हैं। इस सड़क पर प्राइवेट और प्राथमिक विद्यालय भी हैं। सड़क पर जलभराव होने की वजह से छात्र-छात्राओं को भी काफी दिक्कत होती है। बताया कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अधीन है। इसके बावजूद सड़क की स्थिति सही कराने को विभागीय अधिकारी हीलाहवाली बरत रहे हैं।


नगली भगवंत की जर्जर सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

आचार संहिता में कोई कार्य नहीं कराया जा सकता। मतगणना के बाद नगली भगवंत की सड़क का स्थिति देखने के लिए एई, जेई को भेजा जाएगा। **-केवी सिंह,** एक्सईएन निर्माण खंड, लोनिवि

## कॉलोनी की नालियों में पसरी गंदगी

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 12 डायमंड रोड स्थित मोहसिन ए आजम कॉलोनीवासियों ने पालिका प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि सफाई के लिए कई बार पालिकाध्यक्ष व ईओ से शिकायत कर चुके है। इसके बाद भी नालियों की स्थिति सही नहीं है।

मोहसिन ए आजम कॉलोनी के रहने वाले जीशान रजा, जुनैद मियां और जावेद खां का कहना है कि नालियों में कूड़ा-कचरा भरा है। कॉलोनी के नाले की सफाई कराई गई थी। उसमें से निकली कीचड़ व मिट्टी नहीं उठाई गई। इसके चलते अभी तक कॉलोनी में कीचड़ के ढेर लगे हैं। वह लोगों के पैरों, वाहनों के पहियों में आ रही है। कॉलोनी के बाशिंदों का कहना है कि नालियों की सफाई करने में कर्मचारी खानापूर्ति कर रहे हैं।

# रैन बसेरे में लटके ताले, जमीन पर लेटते हैं तीमारदार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में बने रैन बसेरे में ताले लटकने से तीमारदार जमीन पर लेटने को मजबूर हैं। अस्पताल प्रशासन द्वारा किए गए दावे हवा-हवाई हो साबित हो रहे हैं।

जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के पीछे वन स्टॉप सेंटर के सामने महिलाओं व पुरुषों के लिए दो अलग-अलग रैन बसेरे बने हैं। दोनों में चार-चार बिस्तरों की व्यवस्था है। दोनों कक्षों में चार पंखे भी लगे हैं। दोनों कक्षों में एक शौचालय और एक स्नानघर भी है। शनिवार की रात थाना अजीमनगर के गांव नगलिया आकिल निवासी लक्ष्मण कुमार पत्नी रेखा को दिखाने आया था। उसके संग गांव के ही मनोज कुमार भी थे। इमरजेंसी वार्ड में रेखा को भर्ती कर लिया गया। रात बारह बजने पर लक्ष्मण, मनोज कुमार ने सोने की व्यवस्था देखी। दोनों इमरजेंसी वार्ड के बाहर पड़ी बेंच ही सो गए। इसी बीच वार्ड में तैनात पुलिसकर्मियों ने दोनों को उठा दिया। इस दौरान उन्हें किसी ने बताया कि इस वार्ड के पीछे रैन बसेरा है। दोनों रैन बसेरा पहुंचे तो मैन गेट पर ताला लगा था। इस पर वह इमरजेंसी वार्ड के बाहर जमीन पर ही लेट गए। दोनों ने जमीन पर लेटकर ही पूरी रात गुजार दी। रैन बसेरे में ताले लगे होने के मामले में जब अस्पताल के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो पता चला कि चाभी इमरजेंसी वार्ड में रहती है।


जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड के बाहर जमीन पर लेटे तीमारदार। ● अमृत विचार

- **जिला अस्पताल के दो रैन बसेरे में स्थापित हैं चार बेड**
- **अस्पताल प्रशासन के दावे हो रहे हवा-हवाई**

### रैन बसेरा के पास लगे कूड़े के ढेर

जिला अस्पताल के रैन बसेरे के पास कूड़े-कचरे के ढेर लगे रहते हैं। पट्टियां, सिरिंज, बोतल, टिश्यू यहां फेंके जा रहे हैं। यहां छुट्टा पशु और कचरा बीनने वालों का जमावड़ा लगा रहता है। कुत्ते कूड़ा कचरा इधर-उधर फैलाते रहते हैं। इनको समय से नहीं उठाने में सुपरवाइजर द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। कूड़ा-कचरा उठवाने के लिए अस्पताल प्रशासन सुध नहीं ले रहा है।

### निरीक्षण के नाम पर हो रही सिर्फ खानापूर्ति

जिला अस्पताल की ओपीडी में चिकित्सकों न बैठने, बाहरी लोगों के आने-जाने को अधिकारियों द्वारा चेक किया जा रहा है। अगर कोई चिकित्सक ओपीडी न करके सिर्फ बातों में व्यस्त रहना, कक्ष के बाहर लंबी कतार लगना, बाहरी लोगों द्वारा मरीजों को दिखाने के नाम पर अवैध वसूली को लेकर छापेमारी की जा रही है। दो दिन पहले ही सीएमएस अस्पताल के ओपीडी कक्ष का दौरा भी कर चुके हैं। उन्होंने चिकित्सकों से कहा था कि कोई बाहरी व्यक्ति की एंट्री न हो। ऐसे में रैन बसेरे की व्यवस्थाओं को भी चेक करने की जरूरत है। ताकि कोई तीमारदार जमीन पर लेटने को मजबूर न हो।

तीमारदारों के ठहरने के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की गई हैं। यदि किसी तीमारदार को रैन बसेरे की जरूरत होती है तो इमरजेंसी वार्ड में चाभी रखी होती है। **-डा. एचके मित्रा,** मुख्य चिकित्साधीक्षक

जरूरतमंद व्यक्ति को लेटना होता है तो वहां से चाभी लेकर सो सकता है।

**हकीकत** प्रति व्यक्ति के हिस्से में औसतन आ रहा 125 ग्राम दूध, जिले में प्रतिदिन होता है 8,78,492 लीटर दूध का उत्पादन

# जिले में दूध की कमी से कुपोषण का शिकार हो रहे बच्चे

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** जिले में दूध की कमी के कारण बच्चे कुपोषण का शिकार हो रहे हैं। जिले में प्रत्येक व्यक्ति के हिस्से में औसतन 125 ग्राम दूध आ रहा है। जबकि, मानक 220 ग्राम प्रति लीटर प्रति व्यक्ति है। जनपद में 8,78,492 लीटर दूध प्रति वर्ष उत्पादित होता है। जबकि, औसतन लगभग 10 लाख लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन की दरकार है। जिले में गाय के सापेक्ष भैंस वंशीय दुधारू पशु लगभग तीन गुना अधिक हैं। जिले में 3,84,337 भैंस वंशीय और 1,64,540 दुधारू गाय हैं।

जिले में दूध की कमी के बावजूद डेयरियों पर दूध की उपलब्धता निरंतर बनी रहती है। यदि किसी भी डेयरी पर दो-चार क्विंटल दूध का आर्डर दिया जाए तो शाम तक उसकी आपूर्ति कर दी जाती है। दुधारू पशुओं को सुबह और शाम दुहा जाता है। लेकिन, दोपहर में बड़ी मात्रा में डेयरियां दूध कहां से और कैसे उपलब्ध करा देती हैं इस सवाल का जवाब जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के पास भी नहीं है।

बताते हैं कि उन्होंने दूध और मावे वाली मिठाइयों से किनारा कर लिया है। वह अब बेसन के लड्डू, इमरती, जलेबी, बालूशाही और सोहन पापड़ी खाना पसंद करते हैं। उनके निकट ही बैठे एक और बड़े अधिकारी ने कहा कि उन्होंने शादी-पार्टियों में पनीर की सब्जी खानी बंद कर दी है। उसके स्थान पर मिक्स वेज और दाल मखानी खाना पसंद करते हैं। दूध में भी आमदनी अठन्नी और खर्च रुपैया वाला फार्मूला काम कर रहा है। सरकारी दस्तावेज गवाही दे रहे हैं कि जनपद में दूध की कमी है। इसके बावजूद डेयरियों पर कभी भी दूध की कमी नहीं रहती।

### प्रतिदिन 50 से 80 लीटर दूध देती है गिर नस्ल की गाय

जर्सी गाय 25 से 30 लीटर दूध का उत्पादन रोज करती है। जर्सी गाय का दूध पतला और हल्के पीले रंग का होता है। इसका दूध आसानी से पचने वाला होता है। इस गाय का दूध देने का समय 305 दिन होता है। इसके दूध में फैट चार प्रतिशत और एसएनएफ आठ प्रतिशत से अधिक होता है। गिर नस्ल की गाय भी रामपुर में पाली जाती हैं। हालांकि, इनका मूल स्थान काठियावाड़ गुजरात के दक्षिण में गिर जंगल है। इसी के कारण इनका नाम गिर पड़ गया है। यह गाय एक दिन में 40 से 50 लीटर तक दूध देती है। जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी बताते हैं कि साहीवाल उत्तर प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ प्रजाति है। यह गाय एक बार मां बनने पर करीब 10 महीने तक दूध देती है। हरियाणवी गाय भी रामपुर में पाली जाती हैं। इस नस्ल के बैल खेती में अच्छा कार्य करते हैं। इसलिए हरियाणवी नस्ल की गायें सर्वांगी कहलाती हैं।

जिले में लोकल स्तर पर दुग्ध सप्लाई बड़ी मात्रा में है। इसके ठीक-ठीक आंकड़े नहीं हैं। केवल सांख्यिकी की मदद पर आंकड़े तैयार किए जा सकते हैं। नवंबर 2021 की गणना के अनुसार जिले में 3,84,337 दुधारू भैंस वंशीय और 1,64,540 गो वंशीय दुधारू पशु हैं। जिले में गाय के सापेक्ष भैंस का दूध तीन गुना अधिक उत्पादित होता है। **-डा. महेश कुमार कौशिक,** जिला मुख्य पशु चिकित्साधिकारी

### खूब पाली जाती है मुर्रा, भदावरी, सुरती व सांभलपुरी भैंस

मुर्रा, भदावरी, सुरती और सांभलपुरी भैंस दुधारु होती हैं। लेकिन रामपुर में मुर्रा भैंस खूब पाली जाती है। यह दिन में आठ से 14 लीटर तक दूध देती है। भदावरी नस्ल रामपुर, आगरा, इटावा और मध्य प्रदेश के ग्वालियर क्षेत्र में पायी जाती है। इनके सिर का आकार छोटा और पैर भी छोटे-छोटे होते हैं। इस नस्ल के खुर का रंग काला और गर्दन के निचले हिस्सों पर दो सफेद निशान पाए जाते हैं। यह बारह से 14 किलो दूध प्रतिदिन देती है।

- **जिले में हैं 3,84,337 दुधारू भैंस और 1,64,540 दुधारू गाय**

### यह हैं भैंस की प्रमुख प्रजातियां

मुर्रा, सुरती, जाफराबादी, मेहसाना, भदावरी, गोदावरी, नागपुरी, सांभलपुरी।

## आरोपियों की निशानदेही पर बरामद किए तमंचे

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस पर जानलेवा हमला करने के मामले में जेल में बंद चार आरोपियों को पुलिस ने रिमांड पर लिया। उनकी निशानदेही पर तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

कुछ दिन पहले गंज पुलिस गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि कुछ बदमाश जंगल में बैठे हैं। पुलिस मौके पर पहुंची तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी थी। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया था। जबकि चार आरोपी फरार हो गए थे। बाद में उन्होंने कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। रविवार को गंज पुलिस जिला कारागार से शावेज, मुनव्वर, मुकर्रम, मोहसिन को रिमांड पर ले आई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चार तमंचे व आठ कारतूस बरामद किए। रिमांड अवधि खत्म होने पर आरोपियों के फिर से जेल भेज दिया गया।



## एक नजर

### अलग-अलग मिले दोनों शवों की हुई शिनाख्त

बिलासपुर, अमृत विचार : शनिवार को नदी व रेल की पटरियों पर मिले अज्ञात शवों की शिनाख्त हो गई है। बिलासपुर पुलिस ने बताया कि शनिवार को भाखड़ा डैम की नदी में उतराता मिला शव खजुरिया थाने के बांसखेड़ा निवासी ट्रक चालक सोहन सिंह (52) का था। उसके भाई मोहन सिंह ने बताया कि सोहन सिंह सवेरे ट्रक पर जाने की बात कहकर घर से निकला था। अनुमान है कि नहाते समय डूबने से उसकी मौत हो गई होगी। उधर शनिवार को ही इंदरपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला सिरकटा शव उत्तराखंड के रुद्रपुर थाना क्षेत्र के फाजलपुर महरौला में तराई विहार निवासी 24 वर्षीय मोहम्मद शाहनिब का था। उसके पिता राईफ खां ने बताया उन्होंने शाहनिब को डांट दिया था। इसी के चलते उसने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली होगी।

### मेढ़ के विवाद में युवक से की गाली-गलौज

रामपुर, अमृत विचार : मेढ़ के विवाद में युवक से गाली-गलौज कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दे दी है। कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी मोहित के अनुसार गांव के ही कई लोगों से मेढ़ के विवाद को लेकर उसकी रंजिश चल रही है। आरोप है कि रविवार की शाम वह बाजार जा रहा था। आरोपियों ने रास्ते में रोककर उससे गाली-गलौज की।

# पटवाई के मजदूर की सड़क हादसे में मौत

## मूंढापांडे के गांव गणेशपुर के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आया बाइक सवार धर्मपाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



अमृत विचार : पटवाई के 55 वर्षीय मजदूर की मूंढापांडे में ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से मौत हो गई। मजदूर की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लदौरा नारायणपुर निवासी बट्टू सिंह का 55 वर्षीय पुत्र धर्मपाल सिंह गांव में ही एक दुकान पर मजदूरी करता था। परिजनों का कहना है कि शनिवार को वह मूंढापांडे के गांव चकलालपुर निवासी रिश्तेदार के घर गया था। शाम सात बजे वहां लौटते समय मूंढापांडे के गांव गणेशपुर के पास पीछे से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें धर्मपाल बाइक सहित सड़क पर गिर गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल धर्मपाल को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। जानकारी मिलते ही रोते-बिलखते परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के दो बच्चे हैं, दोनों की शादी हो चुकी हैं।



धर्मपाल सिंह की मौत के बाद घर में बैठीं गमजदा महिलाएं। ● अमृत विचार

### हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार

गणेशपुर के पास धर्मपाल की बाइक को टक्कर मारने के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर फरार हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए थे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। मूंढापांडे पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर थाने भेज दिया। हालांकि ट्रैक्टर चालक अभी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सका है। हादसे के बाद काफी देर तक घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

### सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत



शाहबाद, अमृत विचार : सड़क हादसे में घायल युवक ने करीब 15 दिन तक चले उपचार के बाद रविवार को दम तोड़ दिया। परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए ऋषिकेश ले जा रहे थे। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां की ओर से अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नवाबपुरा निवासी 32 वर्षीय सुभाष 21 अप्रैल को शाहबाद आया था। देर शाम गांव लौटते समय लश्करगंज चौराहे के पास उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। हादसे में आई गंभीर चोटों के चलते सुभाष बेहोश हो गया था। गांव वालों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे मुरादाबाद ले गए थे। मुरादाबाद से उसे बरेली रेफर कर दिया गया था। जहां उसका कई दिन उपचार चला, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। रविवार को हालत बिगड़ने पर परिजन उसे ऋषिकेश ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# कार्रवाई के आश्वासन पर पलायन का इरादा टाला

संवाददाता, मसवासी



घोसीपुरा-पट्टीकलां में ग्रामीणों से वार्ता करते पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी।

अमृत विचार : दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई किए जाने के आश्वासन पर पीड़ित पक्ष के लोग मान गए हैं। उन्होंने गांव से पलायन करने का इरादा भी टाल दिया है। पीड़ित पक्ष के लोगों ने पुलिस पर भरोसा जताते हुए घरों की दीवारों पर चस्पा किए गए पलायन करने के पोस्टर भी हटा दिए हैं।

क्षेत्र के गांव घोसीपुरा-पट्टीकलां निवासी भाजपा बूथ अध्यक्ष दिनेश सैनी की 30 अप्रैल को मामूली बात पर कहासुनी के बाद कई लोगों ने घर में घुसकर पिटाई कर दी थी। उसे बचाने आए भाई और पिता से भी मारपीट की गई थी। महिलाओं को हथियारों से डराते हुए पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी थी। भाजपा बूथ अध्यक्ष के पिता नेतराम सैनी ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने दो आरोपियों का शांतिभंग में चालान कर दिया था। इसके कुछ घंटे बाद ही गांव पहुंचे आरोपियों ने फिर से भाजपा बूथ अध्यक्ष को पीट दिया था। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई न करने से क्षुब्ध पीड़ित परिवारों ने गांव से पलायन करने का इरादा बनाते हुए शनिवार को अपने घरों की दीवारों पर पुलिस-प्रशासन हाय-हाय और पलायन करने से संबंधित पोस्टर चस्पा कर दिए थे। इसकी जानकारी मिलने पर पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया था।

रविवार की सुबह गांव पहुंचे सीओ स्वार संगम कुमार, कोतवाल संदीप त्यागी, नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह और चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार मान गए। उन्होंने गांव से पलायन करने का इरादा टाल दिया है। सीओ संगम कुमार ने बताया कि नामजद आरोपी रिजवान और शादाब को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

### बूथ अध्यक्ष से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव घोसीपुरा निवासी भाजपा के बूथ अध्यक्ष गिरीश सैनी के घर में घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों रिजवान पुत्र सलीम व शादाब पुत्र इनाम अली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। आरोपियों की गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी रोहित कुमार, हेड कांस्टेबल बबलू चौधरी कांस्टेबल अंकित कुमार शामिल रहे।

# अमीर के हत्यारोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

संवाददाता, सैदनगर

अमृत विचार : अजीम नगर पुलिस ने साइकिल मिस्त्री की हत्या में पिता-पुत्र को गिरफ्तार करके कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव काशीपुर आंगा निवासी जमील अहमद का कहना है कि उसके भाई अमीर अहमद की खौद चौराहे पर साइकिल मरम्मत की दुकान है। पास में ही खौद निवासी वासिक उर्फ नन्हे चाय की दुकान चलाता है। वासिक पर अमीर अहमद के मजदूरी के पैसे थे। जब भी अमीर अहमद मजदूरी के पैसे मांगता था, तभी वासिक उसकी हत्या करने की धमकी देता था। उन्होंने इसकी शिकायत नन्हे के पिता भूरे से भी की। मगर वह आग बबूला हो गया। उसने कहा था कि तेरी हत्या कर देंग तो तेरा कारोबार खौद से खत्म हो जाएगा। इसी के चलते शनिवार की दोपहर नन्हे और उसके पिता भूरा ने धारदार हथियार से हमला करके अमीर अहमद को मौत के घाट उतार दिया। बचाने आए शाकिर, गौरव सैनी व राहत जान को भी घायल कर दिया। दिन-दहाड़े हत्या होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अमीर अहमद के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। इसके बाद पुलिस ने रविवार को आरोपी पिता-पुत्र को काशीपुर आंगा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो चाकू (आला कत्ल) और घटना के समय पहने हुए कपड़े बरामद किए हैं।



पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी पिता-पुत्र। ● अमृत विचार

- चाय विक्रेता ने साइकिल मिस्त्री को उतार दिया था मौत के घाट
- अजीमनगर थाना क्षेत्र का मामला, तीन लोग हुए थे घायल

# प्राथमिक विद्यालय में हुई चोरी का खुलासा

भोट, अमृत विचार : पुलिस ने करीब 13 दिन पूर्व क्षेत्र के मनुनगर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय से हुई चोरी का खुलासा करते हुए गांव के ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चुराया गया टेबलेट भी बरामद किया है।

थाना क्षेत्र के मनुनगर गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर 22 अप्रैल की रात में चोरों ने टेबलेट समेत अन्य सामान चुरा लिया था। विद्यालय प्रबन्ध समीति के अध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। रविवार को पुलिस ने मनुनगर के ही महेश को प्राथमिक विद्यालय से चोरी किए टैबलेट के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय से चोरी के मामले में गांव निवासी महेश को गिरफ्तार कर उसके पास से चुराया गया टैबलेट भी बरामद किया गया है। आरोपी का चालान कर दिया है।

# दहेज लोभियों ने महिला को घर से निकाला

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : दहेज में बीस लाख रुपये की मांग पूरी न करने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोहल्ला चक स्वार निवासी अरशद अली ने अपनी बेटी मुनीफा का निकाह एक वर्ष पूर्व तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम के गांव मिर्जापुर निवासी इकबाल के बेटे आसिफ के साथ किया था। आरोप है कि ससुराल वाले मुनीफा से दहेज में 20 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उसने ससुराल वालों की मांग पूरी करने में असमर्थता जताई। इस पर दहेज लोभियों ने मारपीट करके उसे घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके आ गई और परिजनों को सारी बात बताई। रविवार को मुनीफा अपने पिता के साथ कोतवाली पहुंची और पति आसिफ, ससुर इकबाल, सास परवीन, चचेरे ससुर आलिम, देवर रियाज अहमद को नामजद करते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दहेज में 10 लाख रुपये नहीं मिलने पर दिया तलाक

रामपुर, अमृत विचार : दहेज में दस लाख रुपये नहीं मिलने पर शौहर ने पत्नी को तलाक देकर घर से भगा दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। टांडा थाना क्षेत्र के मोहल्ला भब्लपुरी निवासी फरीदा का कहना है कि कुछ वर्ष पहले उसका निकाह मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव भीला मेहंदी निवासी हामिद से हुआ था। उसके परिजनों ने दहेज में पांच लाख रुपये दिए थे। मगर ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। वह दहेज में 10 लाख रुपये की मांग कर रहे थे। उसके पिता ने अपनी बेटी को एक मकान विरासत में दिया था। इस मकान को बेचने के लिए महिला का पति दबाव बनाने लगा। विरोध पर पति ने उसे करंट लगाकर मारने का प्रयास भी किया। शादी के बाद पता चला कि उसका पति पहले भी दो पत्नियों को मार चुका है और तीसरी पत्नी को तलाक दे चुका है। आरोप है कि 22 सितंबर 2023 को हामिद ने गला घोंट कर उसे जान से मारने का प्रयास किया। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देखकर पति ने उसे तलाक देकर घर से भगा दिया। इसके बाद महिला मायके आ गई और परिजनों को पूरी बात बताई। परिजन उसे लेकर टांडा थाने पहुंचे। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने हामिद, नौशाद, फरमान, सलमान, हारून और यामीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# प्रधान के पति को जान से मारने की धमकी

सैदनगर, अमृत विचार : प्रधान के पति को जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपी ने 24 घंटे के अंदर तीन ऑडियो वायरल कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। प्रधान के पति की शिकायत पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आरोपी गांव से फरार हो गया है।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव दौंकपुरी टांडा निवासी सगीर अहमद प्रधान के पति हैं। उनके मोबाइल पर दो दिन पूर्व नगलिया आकिल निवासी युवक का फोन आया। कुछ देर बात करने के बाद युवक ने प्रधान के पति को गालियां देना शुरू कर दीं। इस सगीर ने उसका फोन ब्लैक लिस्ट में डाल दिया। कुछ देर बाद युवक ने दूसरे नंबर से फोन करके उन्हें धमकाया। 24 घंटे बाद आरोपी ने फिर फोन करके सगीर को जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान आरोपी ने प्रधान के पति को धमकी देने के कई ऑडियो वायरल कर दिए।



चौकीदारों की बैठक लेते प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा। ● अमृत विचार

# अपने क्षेत्र के अपराधियों पर नजर रखें चौकीदार

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार: प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने कहा कि अपराध नियंत्रण में चौकीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। अगर चौकीदार सजग हैं तो क्षेत्र में कोई अपराध नहीं होगा। उन्होंने चौकीदारों से अपने क्षेत्र में अपराधियों पर नजर रखने को कहा। हर छोटी-बड़ी घटना की सूचना पुलिस को देने की बात भी कही।

शनिवार को थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के चौकीदारों की बैठक ली। इसमें प्रभारी निरीक्षक प्रिंस शर्मा ने कहा कि चौकीदार गांव में पुलिस के सशक्त प्रतिनिधि हैं। चौकीदार अपने तैनाती गांव में रात्रि गश्त भी करें। स्थानीय व्यक्ति होने के नाते ग्रामीण चौकीदार पर भरोसा करते हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि चौकीदार अपने क्षेत्र की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखें। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों को वर्दी, लाठी और नोट बुक दी।

# बैठक में गूंजा पुलिस की मनमानी का मुद्दा

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को पत्र भेजकर नगर पंचायत के चेयरमैन दिनेश गोयल ने चौकी पुलिस की शिकायत की है। आरोप लगाया कि चौकी पर दलालों का जमावड़ा लगा रहता है। पुलिस तहरीर पर भी फरियादियों से सुविधा शुल्क की मांग करती है।

चेयरमैन ने चौकी पुलिस के खिलाफ बोर्ड की आपात कालीन बैठक बुलाई। बैठक में चेयरमैन ने कहा कि भूबरा में जसवंत सिंह के सूने मकान के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना तक नहीं किया। इससे क्षेत्रवासियों में पुलिस के प्रति रोष है। उन्होंने कहा कि चौकी पुलिस के संरक्षण में क्षेत्र में कच्ची शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। शिकायत के बाद भी पुलिस आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसे पुलिस की सांठगांठ उजागर हो रही है। चेयरमैन ने एसपी से जांचकर कार्रवाई की मांग की है।

बैठक में सभासद बृजनंदन सागर, अनिल सागर, मोहम्मद उवेश, जितेंद्र चंद्रा, सोमपाल सागर, राजेश वाल्मीकि, जमील अहमद, विजय मौर्य, राहुल कश्यप, कुलदीप मौर्य आदि मौजूद रहे।



बोर्ड की बैठक में मौजूद सभासद और चेयरमैन दिनेश गोयल। ● अमृत विचार

- एसपी से की मसवासी चौकी पुलिस की शिकायत
- चेयरमैन ने लगाया पुलिस चौकी पर दलालों का जमावड़ा लगे रहने का आरोप

# पुत्रवधु ने ससुर पर लगाया गला दबाने का आरोप

मसवासी, अमृत विचार : फार्म हाउस पर बाग की जुताई को लेकर ससुर और पुत्रवधू में विवाद हो गया। आरोप है कि ससुर ने पुत्र वधू के साथ हाथापाई कर गला दबाने का प्रयास किया। पुलिस ने ससुर को हिरासत में ले लिया है।

किशनपुर मौलागढ़ निवासी वीर कुंवर सिंह हाईकोर्ट नैनीताल में अधिवक्ता हैं। उनका पिता श्यामानंद सिंह से जमीन का विवाद चल रहा है। फार्म हाउस के बराबर में एक बगीचा है। रविवार को श्यामानंद सिंह ने बगीचे को ट्रैक्टर से जोतने का प्रयास किया। वीर कुंवर सिंह की पत्नी सोनी सिंह ने इसका विरोध किया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। सोनी सिंह का आरोप है कि ससुर ने उसका गला दबाने का भी प्रयास किया। सोनी सिंह ने स्वार पुलिस को तहरीर दी। वीर कुंवर सिंह ने बताया कि पुलिस मामला दर्ज नहीं कर रही है।

# युवती ने पुलिस से लगाई प्रेमी के साथ शादी कराने की गुहार

संवाददाता, स्वार

- पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया, समझौते का प्रयास जारी

अमृत विचार : प्रेम-प्रसंग के चलते युवती कोतवाली पहुंच गई और पुलिस अधिकारियों के समक्ष प्रेमी से शादी कराने की गुहार लगाई। इससे दोनों पक्षों में हड़कंप मच गया। युवती की गुहार पर पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। मामले में समझौते के प्रयास किए जा रहे हैं।

नगर से सटे एक गांव निवासी युवक का काफी समय से पड़ोसी गांव निवासी युवती से प्रेम-प्रसंग था। दोनों छिप-छिपकर मिलते रहते थे। परिजनों को युवती के प्रेम-प्रसंग की भनक लगी तो उनके पैरों तले से जमीन खिसक गई। परिजनों ने युवती पर घर से बाहर आने-जाने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद भी युवक-युवती चोरी छिपे मिलते रहे। इस बीच प्रेमी युगल ने अपनी अलग दुनिया बसाने की कसमें खा लीं।

रविवार को युवती कोतवाली पहुंची और पुलिस से प्रेमी के साथ शादी कराने की गुहार लगाई। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना दी। इस पर वह भी कोतवाली पहुंच गए। परिजनों ने युवती को समझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह प्रेमी के साथ शादी कराने की जिद पर अड़ी रही।

इस पर पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया। इस बीच दोनों पक्षों के लोगों का कोतवाली में जमावड़ा लग गया। दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास किये जा रहे थे।

**दिक्कत** हादसों का बना रहता है अंदेशा, शाम को अधिक वाहन गुजरने के कारण लगता है जाम

# शाहबाद-पटवाई रोड पर दुकानदारों ने किया अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शहबाद-पटवाई रोड पर काफी समय से दुकानदारों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। इसके कारण शाम को रोजाना जाम लग जाता है। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे हादसों का अंदेशा भी बना रहता है।

किटप्लाई रोड से लेकर अजीतपुर बाईपास तक सड़क के दोनों ओर परचून, हलवाई और बिजली के सामान की दुकानें हैं। दुकानदार अपना सामान सड़क पर फैला देते हैं। उनके द्वारा किए गए इस अतिक्रमण का खामियाजा जनता को उठाना पड़ता है। अतिक्रमण की वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शाम को बाजार में वाहनों की संख्या बढ़ जाती है। इसके चलते जाम के हालात बन जाते हैं। पैदल चलने वालों को भी दिक्कत होती है। इस दौरान हादसों का अंदेशा भी बना रहता है। लेकिन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस बारे में क्षेत्रवासी कई बार अधिकारियों से शिकायत भी कर चुके हैं। मगर फिर भी स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है। हालांकि कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया गया मगर इसका असर भी ज्यादा दिन नहीं दिखाई दिया। दुकानदार फिर से सड़क पर सामान फैला लेते हैं।



शहबाद-पटवाई मार्ग पर हुआ अतिक्रमण। ● अमृत विचार

> अतिक्रमण कहां हुआ है, इसके दिखाया जाएगा। आचार संहिता हटने के बाद अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। ताकि लोगों को आवाजाही में किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए।
>
> -नीरज रस्तोगी, प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत

### सब्जी और फलों के ठेले वालों ने भी कर रखा है अतिक्रमण

कुछ समय पहले नगर पालिका के अधिकारियों ने ज्वालानगर में राम-रहीम पुल से कृष्णा विहार तक सड़क के दोनों ओर लगने वाले सब्जी और फलों के ठेलों को अभियान चलाकर हटा दिया था। इसके बाद इन लोगों ने थोड़ा आगे बढ़कर शाहबाद-पटवाई रोड पर अतिक्रमण कर लिया है। बहुत से वाहन स्वामी अपने वाहनों को सड़क किनारे लगाकर खरीदारी करने चले जाते हैं। इससे भी जाम लग जाता है। लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है।

# बिना परमिट सवारी ढो रही बस को किया सीज

शाहबाद, अमृत विचार : बिना परमिट सवारियां लेकर दिल्ली जा रही बस पर पुलिस ने सख्ती दिखाई। कागजात न दिखा पाने पर पुलिस ने बस को सीज कर दिया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मंडी समिति स्थल में खड़ा कर लिया है।

शाहबाद से दिल्ली के लिए तमाम डग्गामार बसें संचालित होती हैं। कुछ बसें सिरौली से शाहबाद होते हुए दिल्ली जाती हैं। शाहबाद में एक बस पुलिस की कार्रवाई की जद में आ गई। सिरौली से सवारी भरकर दिल्ली जा रही डग्गामार बस को शाहबाद में पुलिस ने सीज कर दिया। कोतवाल ओमकार सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर बस रोककर कागजात चेक किए गए। चालक दिखाने में असमर्थ रहा। परमिट भी नहीं था। इस पर बस को सीज कर मंडी समिति में खड़ा करा लिया गया है। वहीं, बस में सवार लोगों को दूसरी बस से रवाना कर दिया गया।

# 60 क्विंटल खैर की लकड़ी पकड़ी

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : मिलकखानम पुलिस व वन विभाग ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए कैंटर में लादकर लाई जा रही खैर की 60 क्विंटल लकड़ी पकड़ी है। यह लकड़ी उत्तराखंड से कटान करके ले जाई जा रही थी। इस दौरान चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। जबकि उनका एक साथी फरार हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। वहां से सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

रविवार की सुबह मिलकखानम थानाध्यक्ष संजय कुमार अपनी टीम के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दी कि उत्तराखंड की ओर से कैंटर में लादकर खैर की लकड़ी तस्करी करके लाई जा रही है। इस पर उन्होंने तत्काल वन रेंजर मुजाहिद हुसैन को सूचना दी। इसके बाद पुलिस व वन विभाग की टीम चौकन्ना हो गईं। उत्तराखंड के गदरपुर मार्ग स्थित गांव पदमपुर के निकट पुलिसकर्मियों ने कैंटर को रुकने का इशारा किया। इस पर चालक ने वाहन की गति बढ़ा दी। पुलिस ने पीछा करके कैंटर को रोक लिया और भागने का प्रयास कर रहे चार तस्करों को दबोच लिया। पुलिस ने कैंटर में लदी 60 क्विंटल खैर की लकड़ी व पांच क्विंटल खैर का सोख्ता बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम जनपद अमरोहा के थाना रजबपुर के गांव अतरासी निवासी सद्दाम, उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले के थाना बाजपुर वरैनी निवासी मोहब्बे अली, थाना केलाखेड़ा के गांव बैरिया दौलत निवासी अशोक, थाना केलाखेड़ा गांव बरवाला निवासी बबलू बताए हैं। जबकि अपने फरार साथी का नाम थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा निवासी राजेंद्र ऊर्फ राजू बताया। पुलिस फरार तस्कर की तलाश कर रही है।



मिलकखानम पुलिस की गिरफ्त में खैर की लकड़ी के साथ तस्कर। ● अमृत विचार

## एक नजर

### पत्रकार की मां को पेश की खिराजे अकीदत

मसवासी, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी पत्रकार शकील मलिक की माता शमीम जहां (89) का



हृदय गति रुक जाने से शुक्रवार को इंतकाल हो गया था। रविवार की सुबह जामा मस्जिद में कुरआन ख्वानी की गई और मगफिरत के लिए दुआ की गई। दुआ मस्जिद के इमाम कारी खुर्शीद आलम मिस्बाही ने अदा कराई। इस मौके पर आसपास के तमाम लोग शामिल हुए। वह अपने पीछे चार बेटी और तीन पुत्र समेत नाती-पोते छोड़ गईं हैं।

### किशोरी से छेड़खानी का एक आरोपी पकड़ा

रामपुर,अमृत विचार : किशोरी से छेड़खानी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा है। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव बेनाजीर निवासी विशाल सैनी पर किशोरी से छेड़खानी का आरोप लगा था। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने आरोपी विशाल सैनी को हमसफर चौक से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# बैराज चेक करने को चाहिए 100 क्यूसेक पानी

## 33 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है नाहल बैराज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



चमरौआ क्षेत्र में बना नाहल बैराज। ● अमृत विचार

नाहल बैराज को चेक करने के लिए 100 क्यूसेक पानी की आवश्यकता है। मौजूदा समय में 50 क्यूसेक पानी मौजूद है। 50 क्यूसेक पानी के लिए उत्तराखंड के सिंचाई विभाग को लिखा है। बैराज का लोकार्पण छह जून के बाद होगा।

–सियाराम, एक्सईएन, सिंचाई विभाग

अमृत विचार : सिंचाई विभाग द्वारा करोड़ों रुपयों की लागत से बनाए गए नाहल बैराज को चेक करने के लिए 100 क्यूसेक पानी की जरूरत होगी। इस समय बैराज में 50 क्यूसेक पानी मौजूद है जबकि 50 क्यूसेक पानी के लिए उत्तराखंड के सिंचाई विभाग को लिखा गया है। बैराज का लोकार्पण छह जून के बाद होगा। इसके लिए नहर खंड के अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

चमरौआ क्षेत्र के पीपली वन में नाहल नदी पर बना बैराज विभागीय अधिकारियों की देखरेख के अभाव में खस्ताहाल हो गया था। इस पर सिंचाई विभाग ने इसे बंद कर दिया था। इससे बिलासपुर व स्वार के किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए पानी मिलता था। बैराज बंद होने के बाद फसलों को पानी मिलना बंद हो गया। इस पर किसानों ने इसे चालू कराने और मरम्मत कराने की मांग की। विभागीय अधिकारियों ने इसे चालू कराने के लिए शासन को लिखा। शासन से 33 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली। धनराशि का आवंटन होने पर विभाग की ओर से बैराज की मरम्मत कराई गई।

विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बैराज को चेक करने के लिए 100 क्यूसेक पानी की जरुरत है। मौजूदा समय में बैराज में 50 क्यूसेक पानी मौजूद है। शेष 50 क्यूसेक पानी के लिए उत्तराखंड के सिंचाई विभाग को लिखा गया है। उत्तराखंड से पानी मिलने के बाद बैराज को चेक किया जाएगा। छह जून के बाद लोकार्पण किया जाएगा। बैराज से शंखा, डांडा, अहमदनगर, नुसरतनगर, लोटा और डांडी नहर को पानी मिलेगा।

### 215 गांवों में बनाए गए हैं 193 तटबंध

बाढ़ से निपटने के लिए सिंचाई विभाग ने 215 गांवों में 193 तटबंध बनाए हैं। बाढ़ आने का ज्यादातर खतरा स्वार-टांडा, बिलासपुर और शाहबाद क्षेत्र में रहता है। सप्ताह भर पहले ही जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने नहरों का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने विभाग के एक्सईएन को दिशा-निर्देश दिए थे। इस पर विभाग ने तटबंध बनवाए हैं। जिले में एक तरफ कोसी और दूसरी ओर रामगंगा नदी है। 2021 में बाढ़ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। पहली बार शहर में गांधी समाधि तक बाढ़ का पानी आ गया था। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उर्दू गेट कॉलोनी, घाटमपुर, बेनजीर, प्रानपुर रोड में भी बाढ़ का पानी आ गया था। बाढ़ का पानी लोगों के घरों में भी घुस गया था। तेज बहाव में श्री हरि इंटर कॉलेज रोड भी कट गई थी। जून में मानसून को देखते हुए सिंचाई विभाग की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। एक्सईएन सियाराम ने बताया कि शाहबाद तहसील क्षेत्र में 70, बिलासपुर क्षेत्र में 39, सदर क्षेत्र में 38, टांडा क्षेत्र में 37 और मिलक क्षेत्र में नौ तटबंध बनाए गए हैं। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका रहती है, वहां होल्डर स्टड और बोल्डर एफऑन लगाए जा रहे हैं। ताकि कभी बाढ़ आए तो उसे रोका जा सके। बताया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले 35 गांवों में चौकियां भी स्थापित की गई हैं।

### केबल बॉक्स में आग लगने से ढाई घंटे ठप रही बिजली

बिलासपुर, अमृत विचार : नगर के मुख्य चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर के पास केबल बॉक्स में अचानक आग लगने से ढाई घंटे नगर की आपूर्ति बाधित रही। इसके चलते नगरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

रविवार को साढ़े 11 बजे मुख्य चौराहे पर लगे ट्रांसफार्मर के पास स्थित केबल बॉक्स में अचानक आग लग गई। तेज हवा के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर विद्युत कर्मी मौके पर पहुंच गए। निजी संसाधनों की मदद से उन्होंने आग पर जैसे-तैसे काबू पाया। केबल बॉक्स में आग लगने कारण ढाई घंटे नगर की आपूर्ति बाधित रही। गर्मी के चलते नगरवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

विद्युत उपखंड अधिकारी प्रदीप कुमार प्रसाद ने बताया कि मुख्य चौराहे की केबल बॉक्स में आग लगने के कारण आपूर्ति बाधित हो गई थी। मरम्मत के बाद आपूर्ति को पहले की तरह सुचारु कर दिया गया है।



शिविर में आजमीने हज को जानकारी देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

# आजमीने हज को वितरित की वैक्सीनेशन बुकलेट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: दोमहला रोड स्थित अंजुमन इस्लाहे कौम में लगे शिविर में आजमीने हज को वैक्सीनेशन बुकलेट वितरित की। कन्वीनर बाबू उबैदुल हक ने आजमीने हज से कहा कि सभी अपनी रिपोर्टिंग का ध्यान रखें। इस वर्ष 856 आजमीने हज मक्का-मदीना जाएंगे। पहली फ्लाइट नौ मई को उड़ान भरेगी।

रविवार को अंजुमन इस्लाहे कौम में आजमीन हज के लिए प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें कन्वीनर ने आजमीने हज को अरकानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि आजमीने हज सारे दस्तावेज जमा कर दें। इसके बाद उन्हें रसीद दी जाएगी। रसीद के जरिए दिल्ली एयरपोर्ट पर पासपोर्ट वीजा और फ्लाइट के कागजात दिए जाएंगे। 856 आजमीने हज का वैक्सीनेशन हो गया है। इसके बाद दुआ कराई गई। इस अवसर पर अंजुमन सदर साजिदुल हक, बाबू उबैद, कामरान, फैसल, हबीब, हारिस शमसी, नोमान जलीस, वसीम और सूफियान शमसी आदि शामिल रहे।

# हम स्वयं ही भोगते हैं अपने कर्मों का फल : जय कीर्ति

संवाददाता, बिलासपुर

● हजारीलाल जैन धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अमृत विचार : आचार्य जय कीर्ति महाराज ने कहा कि शास्त्रों में हमारे कर्मों के लिए भगवान को कर्ता-धर्ता नहीं बताया गया है। हम स्वयं ही अपने कर्मों का फल भोगते हैं।

रविवार को दिगंबर जैन समाज के आचार्य जय कीर्ति महाराज, अजीत सेन महाराज तथा आर्यका सुविक्षा माता संघ श्री हजारीलाल जैन धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कहा कि कल्याण का इच्छुक व्यक्ति श्रावक चतुरविध संघ की सेवा करता हैं। वह इससे आनंदित होता है तो चारों दिशाओं से लक्ष्मी उस पर कृपावान होने लगती है। कीर्ति उसका आलिंगन करती है। प्रेम उसकी सेवा करता है।

आचार्य ने कहा कि सुबुद्धि उसे उत्कंठा से प्राप्त होती है और स्वर्ग की लक्ष्मी उसे प्राप्त करने की चेष्टा रखती है। ऐसे श्रावक के लिए मुक्ति प्राप्त होना निश्चित हो जाता है। अतः जो भी श्रावक चतुरविध संघ की सेवा करता है, उसका कल्याण अवश्य होता है।

इस मौके पर नरेश चंद्र जैन, नरेश कुमार जैन, स्वदेश जैन,प्रेमलता जैन,सुनीता जैन, अर्चना जैन, सुमन जैन, संगीता जैन, कनिका जैन, राशि जैन, कोमल जैन, संतोष जैन, अंजना जैन, संध्या जैन, स्वीटी जैन, मंजू जैन, शिखा जैन, पीयूष जैन, नवीन जैन, अखिलेश जैन, आदेश जैन, डा. पीके जैन, कस्तूरचंद जैन, प्रकाश चंद जैन, कपिल जैन, हिमांशु जैन, नितिन जैन आदि रहे।

### ग्रामीण न्यायालय के लिए किया भूमि का निरीक्षण

बिलासपुर, अमृत विचार : क्षेत्र में ग्रामीण न्यायालय के प्रस्तावित नए भवन के निर्माण के लिए न्यायिक अधिकारियों की टीम मुकर्रमपुर गांव पहुंची। उन्होंने न्यायालय के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण किया। गांव की गाटा संख्या-39 व 99 की भूमि चयनित कर प्रस्ताव शासन को भेजा गया है, जो प्रक्रियाधीन है।

क्षेत्रीय ग्रामीण न्यायालय इस समय तहसील परिसर में संचालित है। भवन के लिए बड़ी व पर्याप्त जगह की तलाश के क्रम में मुकर्रमपुर गांव की भूमि का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। शासन के निर्देश पर नए भवन के निर्माण के लिए भूमि चयन की प्रकिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। टीम में जिला जज सत्यप्रकाश त्रिपाठी, अपर जिला जज प्रभु नारायण पांडेय, सीजेएम सुमिता आदि शामिल थे। एडीएम वित्त हेम सिंह, एसडीएम हिमांशु उपाध्याय व तहसीलदार निश्चय कुमार भी मौजूद रहे।

# अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर मांगी दुआएं

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार : हजरत दादा मियां व हजरत सूखा शाह मियां का 73वां पांच दिवसीय उर्स मुबारक रविवार सुबह 10 बजे कुल शरीफ के साथ समाप्त हो गया। कुल शरीफ को लेकर रविवार की सुबह से ही बड़ी तादाद में अकीदतमनदों का दरगाह पर आना शुरू हो गया। अकीदतमंदों ने मजार शरीफ पर चादरपोशी कर दुआएं मांगी।

दस बजे गौसिया मस्जिद मुंडिया पिस्तौर बाजपुर के पेश इमाम कारी अमीर अहमद रिजवी की अगवाई में कुल शरीफ हुआ। रजा मस्जिद नई बस्ती मुंडिया पिस्तौर के पेश इमाम मुफ्ती सलीम रजा, नूरी मस्जिद हबीब नगर के पेश इमाम हाफिज नूर मोहम्मद हाफिज, मुजम्मिल हुसैन, हाफिज जमील अहमद, भूरे मियां दरगाह के सेवादार हाजी मुजफ्फर अली, जाहिद खां, अनवार हुसैन, मोहम्मद हनीफ, शाकिब अली, शोएब, उस्मान अली, अकरम अली, डॉ. जमील अहमद, डॉ. लियाकत अली, सभासद सादिक हुसैन समेत काफी तादाद में महिलाओं व बच्चों ने भी कुल शरीफ में शिरकत की। कुल शरीफ के बाद जुल्फिकार एंड पार्टी ने कव्वाली के बाद रंग पढ़ा। उर्स के कुल में आने वाले अकीदतमंदों को तबर्रुक भी तकसीम किया गया।



मुंडिया स्थित दरगाह पर कुलशरीफ में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार



इमामबाड़ा किला में मजलिस को खिताब करते मौलाना मीसम जैदी। ● अमृत विचार

### अकीदे पर अमल करना ही ईमान की बुनियादः मौलाना मीसम

रामपुर, अमृत विचार : लखनऊ से आए मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि अकीदे पर अमल ही ईमान की बुनियाद है। मौलाना ने इमाम हुसैन के मोजिजों और वाकेयात से रूबरू कराया। इमामाबाड़ा किला में रविवार को मिर्जा तनवीर सहरी की बरसी की मजलिस में मौलाना ने कहा कि अरबईने ए हजरत इमाम हुसैन के मौके पर नजफे अशरफ से करबला ए मोअल्ला तक 80-85 किलोमीटर के दरमियान जायरीन ए इमाम हुसैन रास्ते में जिस चीज का इरादा करते है वह उन्हें मिल जाती है। कहा कि यह इमाम हुसैन का करम और मौजिजा नहीं तो क्या है कि करोड़ों के मजमे में कोई यह नहीं कह सकता कि हमें पानी या खाना नहीं मिला। मजलिस से पहले सोजख्वानी हसन मेहंदी रामपुरी व पेशख्वानी डॉ. अशफाक जैदी, मौलाना जमान बाकरी, अलीम जैदी, जनाब अर्शी बस्ती, अब्बास हैदर व मोहम्मद हैदर सहरी ने की। इस मौके पर शिया जामा मस्जिद के इमाम मौलाना अली मोहम्मद नकवी, मौलाना जमान बाकरी, मौलाना मूसा रजा, नगर पालिका अध्यक्ष के पति मामून शाह खान, मिर्जा मुज्तबा अली बेग, तस्लीम सहरी, आसिफ सहरी, तनवीरुल हैदर, फैसल रिजवी, रियाज, इरफान रिजवी, बाबर जैदी आदि मौजूद रहे।

# गंदगी से नाराज किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, केमरी



गंदे पानी को लेकर मिलक बिलासपुर रोड पर नगर पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भाकियू के जिला महासचिव रईस अहमद ने कहा कि केमरी में सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सही समय पर सफाई नहीं हो पा रही है। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में संक्रामक रोग फैलने का खतरा पैदा हो गया है।

भारतीय किसान यूनियन की पंचायत केमरी स्थित नगर कार्यालय में हुई। इसमें जिला महासचिव रईस अहमद ने किसानों की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इसके बाद किसानों ने केमरी में गंदे पानी को लेकर नगर पंचायत के खिलाफ मिलक बिलासपुर रोड पर प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि दुकानों के सामने मिट्टी व सीमेंट वर्षों से पड़ा है। लेकिन नगर पंचायत के सफाई कर्मियों और दुकानदारों ने इसे नहीं उठाया। हवा चलने पर मिट्टी और सीमेंट जनता की आंखों में और खाने-पीने के समान में पहुंचकर बीमारियों को फैला रहा है। नगर पंचायत के लोगों को चाहिए सफाई व्यवस्था का ध्यान रखें। सीमेंट और मिट्टी को हटवाया जाए। जगह-जगह पानी की लाइन लीकेज है। इसकी वजह से गंदा पानी लाइनों में पहुंच रहा है। इसी गंदे पानी को जनता पीने को मजबूर है। इसे तरह-तरह की बीमारियां होने का अंदेशा है। नगर पंचायत पाइप लाइन को ठीक कराए।

जनता मच्छरों से परेशान है। नगर में मच्छर मारने की दवा का छिड़काव होना चाहिए। भाकियू का कहना है अगर हमारी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं होती है तो नगर पंचायत पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में जमील अहमद, अकील अहमद, महमूद हसन, प्रधान हजरत नूर, अमन सिंह, मोबीन अली, मोहम्मद जमील, नासिर अली, हाजी शफीक अहमद, प्रेमपाल, सादिक अहमद, तेज बहादुर सिंह, हारून खान, दानिश अली, फैज अली, अनु रुहेला, सूरजपाल, समीर अहमद, कमरुद्दीन आदि मौजूद रहे।

### मारपीट व धमकाने में भाभी समेत सात पर रिपोर्ट

भोट, अमृत विचार : युवक से मारपीट व धमकाने में महिला समेत सात लोग फंस गए हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव पेमपुर निवासी होरी लाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सात अप्रैल को वह घर में था। पत्नी और बच्चे उसकी ससुराल गए थे। आरोप है कि इस दौरान उसकी भाभी रानी, अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव सींगनखेड़ा निवासी उसकी भाभी का भाई विनीत, उसकी मां जयोशा एवं गांव जटपुरा निवासी उसकी भाभी का ममेरा भाई दिनेश व तीर्थ, गनपत तथा दो अज्ञात व्यक्ति उसके घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला कर दिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों का उत्पीड़न कर रही पुलिस : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



किसान पंचायत में बोलते भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

● घरों में घुसकर तोड़फोड़ करते हुए किसानों को धमका रही पुलिस

● किसान नेताओं के पास हैं साक्ष्य उच्चाधिकारियों के समक्ष करेंगे पेश

अमृत विचार : भाकियू (टिकैत) की पंचायत में पुलिस की कार्यशैली का मुद्दा गूंजा। आरोप लगाया कि जिले की पुलिस किसानों का उत्पीड़न कर रही है। पुलिस की कार्यशैली के विरोध में आंदोलन शुरू करने का फैसला लिया गया।

सैदनगर के चौधरपुर में रविवार को किसानों की पंचायत हुई। इसमें प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि प्रत्येक गांव से पुलिस उत्पीड़न की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसा लग रहा है कि प्रदेश सरकार ने पुलिस को जनता का उत्पीड़न करने के लिए बेलगाम छोड़ दिया है। पुलिस अवैध कमाई के चक्कर में सबसे ज्यादा उत्पीड़न सीधे-सादे किसानों का कर रही है। प्रदेश महासचिव ने कहा कि पुलिस घरों में घुसकर तोड़फोड़ और किसानों को धमका रही है। कई घटनाओं के सुबूत उनके पास हैं। जरूरत पड़ने पर उच्चाधिकारियों के सामने पेश किए जाएंगे।

उन्होंने चेतावनी दी कि पुलिस की कार्यशैली के खिलाफ आंदोलन किया जाएगा। इसके लिए 11 मई को बड़ी पंचायत बुलाई है। उसमें आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। पंचायत में चौधरी राजपाल सिंह, रघुवर सिंह, जुबैद आलम, गुलाम मोहम्मद, नल सिंह, मुराद हुसैन, बच्छन अली, पिंटू चौधरी, खेमकरन, नरपत सिंह, अशोक सागर चौधरी रनवीर सिंह, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम — बच्चों की शिक्षा के महत्व पर दिया जाए जोर, मोहम्मद वसीम ने प्रस्तुत की सोसायटी की पूरे वर्ष की आर्थिक रिपोर्ट

# लक्ष्य का पीछा करने पर अवश्य मिलेगी सफलता : मुशर्रफ

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रमाण पत्रों के साथ मौजूद बच्चे। ● अमृत विचार

अमृत विचार : हादी जूनियर हाईस्कूल के फाउंडर मुख्य अतिथि मुशर्रफ जमां खां ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि शिक्षा से ही वह तरक्की की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं। छात्र-छात्राएं लक्ष्य निर्धारित कर उसका पीछा करें, सफलता अवश्य मिलेगी।

रविवार को हकीकत माइनॉरिटी वेलफेयर सोसाइटी का 10वां वार्षिक उत्सव ईदगाह रोड स्थित एक पैलेस में हुआ। मोहम्मद तालिब ने तिलावते कुरान पाक से कार्यक्रम का आगाज किया। अब्दुल कादिर ने नात- ए-पाक पेश की। सैफ हैंड्स वर्ल्ड स्कूल के निदेशक डॉ. शाह फैसल ने तालीम के फायदे, सोसायटी को कामयाब बनाने और सहयोग देने पर विचार व्यक्त किए। मुफ्ती नवेद रजा, मदरसा गौसिया फैज ए आम ने इस्लाम की रोशनी में दुनियावी और दीनी तालीम की अहमियत तथा गरीबों की मदद करने के बारे में बताया। रजा लाइब्रेरी के अबुसाद इस्लाही ने लाइब्रेरी की अहमियत के बारे बताया। कहा कि आज के युवाओं को किताबों से जुड़ना जरूरी है। इसके बाद फहद खान और आशिक अली ने सोसाइटी की पूरे साल की सर्वे रिपोर्ट पेश की। अब्दुल माजिद ने डोनेशन बॉक्स लगवाने के बारे में बताया। सदस्य मोहम्मद वसीम ने सोसायटी की पूरे वर्ष की आर्थिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। मौलाना हसरत मोहानी ने लाइब्रेरी विजिटर्स अवॉर्ड के 72 उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र और अवॉर्ड देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर सोसायटी ने एक वर्ष की ट्रेनिंग और इंटरशिप प्रोग्राम के लिए तीन उम्मीदवारों अनस नदीम, आमान, मोहम्मद रजा को पत्र सौंपा। सबेहा, सामिया और अनस नदीम ने भी विचार प्रस्तुत किए। सोसायटी की ओर से सर्वे के अनुसार चयनित 50 बच्चों को कोर्स दिया गया। कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 10 बच्चों को सम्मानित भी किया गया। संचालन मोहम्मद नाजिम व अध्यक्षता शादाब खान ने की।

इस मौके पर दिल्लन खां भारत, नोमान, सूफी अब्बन, इमरान, रजा, आशिक, तालिब, तहमीना, शकील अहमद, शाहबाज, जब्बार, इकतेदार आलम, नौशाद, इमराना, नायब, साकिब, रिजवान, मंजूर आसिफ, सऊद, शाहबाज, निदा, तबस्सुम, बिलाल, समी, उस्मान, इकरा, सामिया, जैनब, सामिया, मुस्कान आदि मौजूद रहे।

### घर में मांस काटने में तीन लोगों पर रिपोर्ट

टांडा, अमृत विचारः घर में मांस काटने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।

कोतवाली पुलिस शनिवार को गश्त कर रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि नगर के मोहल्ला सेंटाखेड़ा में माजिद चेयरमैन की पुलिया के पास जुल्फिकार पुत्र इल्यास अपने मकान में भैंस का मांस काट रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो तीन लोग आंगन में मांस काट रहे थे। पुलिस को देख दो आरोपी भाग गए। जबकि तीसरे को पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम जुल्फिकार बताया। जुल्फिकार ने पुलिस को बताया कि हम तीनों लोग भैंस काटने का काम करते हैं। तीनों ने मिलकर भैंस काटी थी और मांस बेच दिया है। उसने फरार साथियों के नाम फहीम पुत्र इल्यास व सगीर उर्फ भेंड़ा पुत्र तकी निवासी मोहल्ला सेंटाखेड़ा बताए हैं।



बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# अच्छे समाज की आधारशिला है पढ़ा-लिखा इंसान : कमल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचारः तुरैहा-मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। पदाधिकारियों से कहा कि सभी लोगों को अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। पढ़ा लिखा इंसान ही अच्छे समाज की आधारशिला है।

रविवार की दोपहर तुरैहा-मछुआ समाज की बैठक बाबा रामस्वरूप की समाधि मोहल्ला घोसियान सराय गेट पर हुई। इसमें जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी को अपने परिवार एवं समाज की शिक्षा के स्तर पर जोर देने की आवश्यकता है।

संविधान में वर्णित अधिकारों में कटौती की बात की जा रही है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाज के लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाएं। समाज के युवा आगे आएं। नशा मुक्त भारत का निर्माण करें। बैठक में मेवी राम, रामसरन, अजय कुमार, राम सिंह तुरैहा, कृपाल सिंह तुरैहा, भुवनेश डा. रमेश चंद्र, राधेश्याम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### ई-कचरा कारोबारी को किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कटघर थाना पुलिस ने गांव ताजपुर माफी के जंगल से 56 किलोग्राम ई-कचरा बरामद किया है। इस मामले में दौलत बाग निवासी आलम को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पुलिस की गिरफ्त में आया ई-कचरा कारोबारी पिछले काफी लंबे समय से कटघर इलाके में अलग-अलग सुनसान स्थानों एवं जंगलों में ई-कचरा का काम करता आ रहा है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### डिजिटल होगा टीकाकरण का सत्यापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को लगने वाले टीकों के सत्यापन की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टीकाकरण का सत्यापन अब हाईटेक डिजिटल प्रबंधन से किया जाएगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. कुमेश वार्ष्णेय ने बताया कि प्रत्येक ब्लॉक में हेल्थ फैसिलिटी मैनेजर नियुक्त किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में छह, ठाकुरद्वारा में दो और एक हेल्थ फैसिलिटी मैनेजर पाकबड़ा में नियुक्त किए गए हैं। सभी टीकाकरण के लिए कोल्ड चेन की निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप उस दिन के टीकाकरण सत्रों को पोर्टल पर अपलोड करेंगे। बाद में एएनएम पोर्टल पर इसकी डिटेल अपलोड करेंगी।

### दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुगलपुरा थाना पुलिस ने जामा मस्जिद क्वार्टर निवासी मो. फैज वारसी उर्फ प्रिंस को दुष्कर्म के आरोप में जेल भेजा है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि छजलैट थाना क्षेत्र निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया है कि फेसबुक पर उसकी दोस्ती मुगलपुरा क्षेत्र के जामा मस्जिद क्वार्टर निवासी मोहम्मद फैज वारसी उर्फ प्रिंस से हुई थी। आरोपी ने 28 अप्रैल को पीड़िता को मिलने के बहाने मुरादाबाद बुलाया था। इसके बाद अपने कमरे पर ले जाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया था। तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही थी। रविवार को दरोगा सतेंद्र मलिक की टीम ने आरोपी फैज वारसी उर्फ प्रिंस को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### आदर्श कॉलोनी में छापेमारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आबकारी टीम ने रविवार को आदर्श कालोनी में छापेमारी की है। एक आरोपी को शराब बनाते पकड़ा है। मौके से 18 लीटर शराब भी जब्त की है, 250 किग्रा लहन नष्ट कराया है। इस कार्रवाई में सहायक आबकारी आयुक्त अरविंद सोनकर, सहायक आबकारी आयुक्त प्रयागराज राजेश्वर, आबकारी निरीक्षक शिशुपाल सिंह, विकास कुमार शामिल रहे। टीम के पहुंचने पर आदर्श कालोनी में हड़कंप मचा रहा। अवैध शराब बनाने वाले घर छोड़कर भाग निकले।

### ट्रेन से युवक का पैर कटा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ट्रेन की चपेट में आकर युवक का पैर कट गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना सोनकपुर के गांव उदयपुर नरौली निवासी सुमित (25) चंडीगढ़ में मजदूरी करता है। पिता छोटे लाल ने बताया कि छह दिन पहले ही बेटा सुमित घर आया था। रविवार दोपहर के समय सुमित घर से निकला था। शाम पांच बजे कॉल आई कि सुमित ढकिया मिल के पास रेलवे लाइन पर घायल पड़ा है। वह ट्रेन की चपेट में आकर घायल हो गया है। फिर उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है।

### एसएसपी ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** एसएसपी हेमराज मीना ने शनिवार को क्राइम मीटिंग के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र दिया। अपने काम को ईमानदारी एवं लगन से करने के लिए पाकबड़ा थाने के कस्बा इंचार्ज कुलदीप सिंह तोमर एवं कांस्टेबल नितिन कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रंगीन हैदरी के निधन से शायरों में शोक की लहर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● ईदगाह के कब्रिस्तान में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

**अमृत विचार :** महानगर के प्रसिद्ध शायर गुलाम हैदर उर्फ रंगीन हैदरी का 62 वर्ष की उम्र में देहांत हो गया। रंगीन हैदरी गजल के अलावा नात और सलाम के लिए काफी चर्चित रहे हैं।



करूला के जयंतीपुर निवासी रंगीन हैदरी को रविवार दोपहर ईदगाह में सुपुर्दु-ए-खाक किया गया। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे और सात बेटियां हैं। रंगीन हैदरी के मुफलिसी घर के दरीचों से भी मत झांक मुझे। सारे सपने मेरे बच्चों के बिखर जाएंगे... शेर ने उन्हें काफी शोहरत दी। रंगीन हैदरी शहर से बाहर दोहा, ओमान, मस्कट पाकिस्तान, शारजाह, दुबई, ईरान और नेपाल में भी काफी चर्चित थे। वह बुजुर्ग शायर हैरत मुरादाबादी के शिष्य थे। वरिष्ठ शायर अहमद मुरादाबादी ने बताया कि शहर में उन्हें उस्ताद शायरों में शुमार किया जाता था। मशहूर शेर जिसकी जिंदगी गुजरी रात दिन अंधेरों में उसने अपने बच्चों का नाम रख दिया सूरज ने रंगीन हैदरी का कद काफी बढ़ा दिया था। प्रसिद्ध शायर मंसूर उस्मानी ने बताया कि उनका और रंगीन हैदरी का साथ काफी पुराना रहा है। लंबे समय से बीमार होने के कारण रंगीन हैदरी का घर निकलना कम हो गया था। शुरुआत में मुशायरों की शान रहे। कुछ दिनों बाद मुशायरे से हटकर वह कलाम और मनकवत के शायर हो गए थे। शायर-ए-अहले बैत के तौर पर उनको काफी लोकप्रियता मिली।

## ताऊ ने दी भतीजे के शव को मुखाग्नि, जवान बेटे की असमय मौत से दुख के पहाड़ तले दबे माता-पिता

# ताऊ ने किया आशुतोष का अंतिम संस्कार, पिता बेसुध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुखद**

● परिवार के भविष्य को अच्छा बनाने के लिए 650 किमी दूर मुरादाबाद आकर बस गए थे वीर बहादुर

**अमृत विचार :** एक्सपोर्ट कंपनी के मैनेजर वीर बहादुर तिवारी के परिवार का चिराग बुझने के बाद रविवार दोपहर को उसके ताऊ ने 'उम्मीदों' का अंतिम संस्कार कर दिया। बेटे आशुतोष की मौत से पिता बेसुध हैं। मां संजू भी बात करने की स्थिति में नहीं हैं। बीबीए (बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) की पढ़ाई पूरी होने वाली थी। लेकिन, बेटे की असमय मौत से पिता की सभी उम्मीदें मर चुकी हैं। परिवार को अच्छा भविष्य देने को वह 1996 में अपने घर से बलिया जिले से 650 किमी दूर मुरादाबाद आए थे, उस समय आशुतोष का जन्म भी नहीं हुआ था। आशुतोष और इसकी छोटी बहन, मुरादाबाद में ही जन्मे। लेकिन,



आशुतोष तिवारी।

किस्मत ने आज वीर बहादुर को दुख के पहाड़ तले दबा दिया है। अब, बेटा 30 मई को 23 वर्ष की आयु का होने वाला था। लेकिन, शनिवार सुबह उत्तराखंड में मसूरी-देहरादून रोड पर झड़ीपानी के पास वह काल के गाल में समा गया। बेकाबू कार पहाड़ से नीचे जा गिरी। इसमें आशुतोष और उसके सभी पांच दोस्तों की भी मौत हो गई थी। वीर बहादुर बेटे के शव को लेकर शनिवार रात के 12.30 बजे बंगला गांव पहुंचे थे। एंबुलेंस के आते ही घर में फिर चीख-पुकार मचने लगी। छोटी बहन चचेरे भाई-बहन भी रो रहे थे। रात भर घर की महिलाएं-पुरुष और बच्चे बिलखते रहे। फिर सुबह लोगों का आना शुरू हो गया था। सुबह 10 बजे के बाद अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हुईं।

दोपहर 12 बजे के दौरान उसके शव को अंतिम संस्कार के लिए दसवां घाट पर ले जाया गया। छोटे भाई वीर बहादुर की स्थिति को देख बड़े भाई दिनेश तिवारी ने अपने भतीजे के शव का अंतिम संस्कार किया। ताऊ राम प्रकाश तिवारी ने बताया कि उनका छोटा भाई वीर बहादुर वाकई वीर है, उसने कभी अपने को हारा नहीं महसूस किया। लेकिन, किस्मत ने उसे बेटे को खोने का गम जरूर दे दिया है। जिससे वह बेटे को उसकी मौत से नहीं बचा पाया और वह हार गया...।

### बिटिया की शादी हो गई थी, घर भी बन गया था, चिंतामुक्त थे वीर बहादुर पर...

राम प्रकाश बताते हैं कि वीर बहादुर जब पत्नी के साथ मुरादाबाद आया था तो उसने एक्सपोर्ट कंपनी में नौकरी की थी। फिर कुछ समय बाद कंपनी का ऑफिस दिल्ली रोड पर चला गया और फर्म के मालिक ने उसे प्राचीन श्री रामलीला ग्राउंड के सामने वाले पुराने ऑफिस को निवास करने के लिए दे दिया था। तभी से वीर बहादुर परिवार समेत इसी पुराने ऑफिस में निवास कर रहे हैं। हालांकि मेहनत-परिश्रम से अब उन्होंने बैंक कॉलोनी में अपना नया घर बना लिया है। राम प्रकाश ने बताया कि पिछले साल बिटिया की शादी के बाद वर्तमान में वीर बहादुर चिंतामुक्त थे। घर-मकान भी हो गया था और अब बेटे को पढ़ाकर कामयाब बनाने में लगे थे। उम्मीद थी कि इस साल उसका बीबीए पूरा हो जाएगा तो कहीं न कहीं जॉब लग जाएगी। आशुतोष कहता था कि वह जल्द ही जॉब शुरू करेगा और फिर पिता को काम नहीं करने देगा...वह कमाएगा और माता-पिता आराम से रहेंगे। लेकिन, प्रकृति को ये मंजूर नहीं था।

### चार बजे पहुंचे, दो घंटे एंबुलेंस का किया इंतजार

मृतक आशुतोष के ताऊ ने बताया कि भतीजे की मौत की सूचना शनिवार सुबह सवा आठ बजे मिली थी। इसके बाद वीर बहादुर व अन्य लोग 10.15 बजे के दौरान घटनास्थल के लिए रवाना हुए थे। शाम चार बजे के दौरान वह लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे थे, जहां पर आशुतोष का शव रखा था। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने पोस्टमार्टम समय से करा दिया लेकिन, छोटा अस्पताल होने से वहां एंबुलेंस सुविधा नहीं थी। इसलिए देहरादून से एंबुलेंस आते-आते दो घंटे लग गए थे।

# बथुआखेड़ा में किसानों का बवाल, एसडीएम-सीओ से धक्का-मुक्की

## सात महिलाओं समेत 39 किसानों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट, सहायक प्रबंधक व सुरक्षाकर्मियों को दो घंटे बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बथुआखेड़ा में स्थापित हो रहे उद्योग के मामले में विरोध करने वाले किसानों ने जमकर बवाल किया। उद्योग प्रबंधक और सुरक्षाकर्मियों को कमरे में बंद कर दो घंटे तक बंधक बनाए रखा। मौके पर पहुंचे एसडीएम-सीओ से भी धक्का-मुक्की की। इस मामले में भगतपुर थाने में 64 आरोपियों को अभियुक्त बनाया गया है। एफआईआर में सात महिलाओं समेत 39 किसान नामजद हुए हैं।

ये पूरा मामला शुक्रवार शाम 4.30 बजे का है। बथुआखेड़ा में 800 एकड़ जमीन पर सेंचुरी टैक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज कंपनी उद्योग स्थापित कर रही है। करीब 100 किसानों ने कंपनी की जमीन पर पहुंचकर मौके पर हो रहे निर्माण कार्य का विरोध किया। मजदूरों को भगा दिया। इस पूरे मामले में कंपनी के सुरक्षा गार्ड सतीश कुमार की तरफ से भगतपुर थाना पुलिस ने शनिवार को एफआईआर दर्ज की है। इसमें बथुआखेड़ा के 29, बुढ़ानपुर के 7, महुआखेड़ा और पैगा का एक-एक किसान नामजद हुए हैं।



बथुआखेड़ा में हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

**विरोध**

● अपनी जमीन बताकर उद्योग स्थापना का विरोध कर रहे हैं किसान

अन्य 25 आरोपी अज्ञात हैं। एफआईआर में सुरक्षागार्ड ने कहा है कि सभी आरोपी लाठी-डंडे लेकर निर्माणाधीन उद्योग परिसर में बनी हॉस्टल बिल्डिंग में आ गए और जमीन पर अपने कब्जे की बात कहने लगे थे। चेतावनी दे रहे थे जमीन उनके नाम कर दो और चुपचाप यहां से निकल जाओ, नहीं तो जान से मार देंगे। आरोप है कि ये सभी गालियां भी दे रहे थे। आरोप है कि गाली-गलौज का विरोध किया तो किसानों ने सुरक्षाकर्मी सतीश कुमार, मणिशंकर, हरिशंकर से मारपीट की। फिर सहायक प्रबंधक भावना गोस्वामी को उनके कार्यालय में ही बंद कर दिया और सुरक्षाकर्मियों को भी दो घंटे तक बंधक बनाकर बवाल करते रहे। शोरगुल सुनकर मौके पर मान सिंह, आजम शाह, उदयराज समेत कई लोग आए और बीच-बराव किया। थाने में खबर की। एसडीएम-सीओ को भी बताया गया। इन अधिकारियों के साथ मौके पर पुलिस आई तो आरोपी अधिकारियों से भी धक्का-मुक्की करने लगे थे। बाद में अधिकारियों के सहयोग से मामला शांत हुआ।

### ये लोग हैं नामजद

अशोक कुमार, शाबिर, प्रमोद, मनोज, जाहिद, अहसान, उस्मान पुत्र कलुआ, नफीस, अनीस, मुस्लिम, हुसैन, जुनैद, उस्मान पुत्र अशरफ अली, बाबू, रौनक, शीशपाल, धर्मेंद्र, जितेंद्र, जमील, वीरपाल, नावेद, नितिन, ऋषिपाल, संतोष, प्रेमवती, भगवती, आसमा, फरमीना, संतोष, हामिद, रहीश, जाकिर, शराफत, अख्तर, वेदपाल, सोमपाल, तुषार और परविंदर।

### कंपनी के पक्ष में है स्टे ऑर्डर

कंपनी के लीगल एडवाइजर प्रदीप कुमार का कहना है कि सिविल जज ठाकुरद्वारा न्यायालय ने संबंधित जमीन के संबंध में कंपनी के पक्ष में स्टे ऑर्डर दे रखा है। इसमें प्रतिवादियों के लिए स्पष्ट आदेश है कि कंपनी के निर्माण कार्य में व्यवधान या किसी तरह की बाधा उत्पन्न न की जाए।

### हमारे लिए न्यायालय से कोई ऑर्डर नहीं : एसडीएम

सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि किसान काफी उग्र थे। बहसबाजी में उन लोगों ने उनके और एसडीएम के साथ भी धक्का-मुक्की की है। सीओ ने बताया कि जब वह लोग मौके पर पहुंचे थे तो भगतपुर थाने की पुलिस भी आ चुकी थी। दोनों पक्षों से बात कर मामले को शांत कराया था। हालांकि, एसडीएम ठाकुरद्वारा अजय मिश्र ने अपने साथ धक्का-मुक्की से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि जमीन निजी कंपनी की है, अब किसान उसके लिए झगड़ रहे हैं। किसानों ने कंपनी के मजदूरों के साथ मारपीट की थी। इसलिए हम मौके पर गए थे। हमारा काम लॉ-एंड-ऑर्डर का पालन कराना है। इस जमीन के संबंध में हमारे लिए न्यायालय से कोई ऑर्डर नहीं हैं।

### 22 करोड़ से खरीदी थी 800 एकड़ जमीन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कंपनी के लीगल एडवाइजर प्रदीप कुमार ने बताया कि जो लोग कंपनी स्थापना में बाधक बन रहे हैं, उनमें किसानों की संख्या 7-8 है बाकी अन्य लोग हैं। उन्होंने बताया कि जिन करीब 150 किसानों की जमीन उद्योग लगाने के लिए अधिग्रहीत हुई थी, उन्हें दो बार मुआवजा मिल चुका है। यह जमीन करीब 800 एकड़ है। इसका अधिग्रहण केंद्र में कांग्रेस सरकार के समय 1989 में हुआ था। इसके बाद इसे सेंचुरी टैक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज कंपनी ने केंद्र सरकार के उपक्रम नेपा से 1995 में 22 करोड़ रुपये में खरीदकर कब्जा भी लिया था। फिर 2016 में मौके पर काम शुरू कराया। काफी विरोध के बीच वहां हॉस्टल बिल्डिंग बना ली थी। लेकिन, राजस्व अभिलेखों में कुछ गाटे कंपनी के नाम दर्ज नहीं हो पाए थे इसलिए काम बंद करा दिया था। इधर, 2023 में अन्य गाटे भी राजस्व अभिलेखों में कंपनी के नाम दर्ज हो गए तो मौके पर पुरानी बाउड्री को तोड़वाई थी। पिछले दो महीने वहां नई बाउड्री बनाने का काम भी चला है। कंपनी स्थापना का काम 2027 तक पूरा होना है।

# पॉक्सो एक्ट का मामला वापस न लिया तो डाल देंगे तेजाब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पीड़ित मां-बेटी ने दो आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** पॉक्सो एक्ट में दर्ज मामले को वापस न लेने पर आरोपी महिला और उसकी बेटी को परेशान कर रहे हैं। उसकी बेटी का स्कूल आना-जाना तक दूभर कर दिया है। इस मामले में महिला ने मुगलपुरा थाने में दो आरोपियों के विरुद्ध नामजद एफआईआर भी दर्ज कराई है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि 21 अप्रैल को पड़ोसी सौरभ रस्तोगी उनकी बेटी की वीडियो बना रहा था। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज की थी। महिला का आरोप है कि सौरभ और उसका भाई गौरव अश्लील और अभद्र कमेंट करते हैं। जब उसकी बेटी कॉलेज आती-जाती है तो ये लोग अन्य लड़कों के साथ मिलकर उसका पीछा कर छेड़छाड़ करते हैं। इससे पहले भी आरोपी ने छेड़छाड़ की थी। जिसमें पॉक्सो एक्ट के तहत मामला भी दर्ज कराया था। महिला का कहना है अब आरोपी पुराने मामले को वापस लेने के लिए दबाव बना रहे हैं। एफआईआर वापस न लेने पर तेजाब से हमले की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले आरोपी सौरभ ने नितिन शर्मा नाम के एक व्यक्ति को सीजेएम न्यायालय का पैरोकार बताकर उसके घर भेज दिया था। जिसके बाद से पीड़िता डरी हुई है। मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर पर आरोपी सौरभ और उसके भाई गौरव के खिलाफ छेड़छाड़ और धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

# पांच लाख के लिए महिला का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**कार्रवाई**

● पीड़िता की शिकायत पर पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** शादी के तीन साल में ही विवाहिता के सभी सपने टूट गए। दहेज में कार और पांच लाख रुपये के लिए उसे ससुरालियों का उत्पीड़न सहन करना पड़ा। मांग न पूरी होने पर पति मायके छोड़ कर चला गया। पीड़िता ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध नामजद एफआइआर दर्ज कराई है। इसमें पति राजन अग्निहोत्री, सास मिथलेश अग्निहोत्री, देवर सुमित अग्निहोत्री व देवरानी प्रतिभा नामजद हुए हैं।

पीड़िता सोनाली भारद्वाज शिवगंगा नगर पीतल नगरी की निवासी है। उसने पुलिस को बताया है कि उनकी शादी 28 मई 2021 को राजन अग्निहोत्री से हुई थी। ससुराल बरेली जिले के थाना कोतवाली के बिहारी पुरी खत्रिहाना हनुमान गली में है। आरोप है कि विवाह के बाद से उसका पति व ससुराल के अन्य लोग कम दहेज को लेकर ताने मारते हैं। क्रेटा कार व 5 लाख रुपये के लिए ससुराल वाले उसे आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते हैं। पीड़िता ने बताया कि उसने जब मायके में गुहार लगाई तो उन लोगों ने उसके पति को एक बाइक दी थी। लेकिन, ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। उसे मारते-पीटते रहे और कई-कई दिन तक भूखा रखने लगे थे। अमानवीय यातनाएं देते थे। 16 मई 2022 को उसका पति उसे खाटू श्याम ले गया था, वहां भी उसे मारा-पीटा। गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। मरणासन्न स्थिति में उसने अपने मायके वालों को वीडियो कॉल कर प्रताड़ना का हाल दिखाया था। मायके वालों ने पंचायत कर मामले को सुलझवाया। पीड़िता ने बताया कि वह वर्ष 2023 में गर्भवती थी तो उसकी सास ने जांच कराई तो बच्ची का भ्रूण था। इसलिए उसने उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसकी सास कहती है कि वह अस्पताल में सर्विस करती है, ऐसा इंजेक्शन लगवा देगी कि जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। विवाहिता ने पुलिस को बताया है कि उसका पति उसे 13 दिसंबर 2023 को मायके छोड़ गया था। चेतावनी दे गया था कि जब तक दहेज की मांग पूरी नहीं होगी, वह नहीं ले जाएगा। इस मामले में कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर चार लोगों के विरुद्ध एफआइआर दर्ज की है। प्रकरण में जांच कर कार्रवाई करेंगे।

# दो बच्चों के साथ विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पति ने दिया तीन तलाक, मायके में रह रहीं महिला

**अमृत विचार :** दो साल पहले ससुराल वालों की प्रताड़ना और पति से तलाक मिलने के बाद विवाहिता दो बच्चों के साथ मायके में रहने को विवश है। शिकायत पर एसएसपी ने इस मामले में नागफनी थानाध्यक्ष को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में पीड़िता की तहरीर पर उसके आरोपी पति शावेज अली, जेठ जफर अली, देवर जीशान व ससुर नजर अली और सास नजमा बेगम के विरुद्ध मामला दर्ज हुआ है।

भूड़े का चौराहा प्रिंस रोड की मेहनाज ने पुलिस को बताया है कि उसका निकाह 7 नवंबर 2013 को शावेज अली पुत्र नजर अली से हुआ था। उसकी ससुराल किसरौल रहीमउल्ला वाली मस्जिद के पास के है। उसके दो बच्चे आयान (9) व बेटी शिफा (8) है। आरोप है कि उसके ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज के लिए उसे परेशान करते हैं। मारते-पीटते हैं। पीड़िता ने बताया कि दो साल पहले उसके पति ने तलाक देकर घर से निकाल दिया था। वह दोनों बच्चों को लेकर मायके में रहने को विवश है।

इस मामले में पीड़िता ने एसएसपी को बताया था कि उसने पहले भी कई बार प्रार्थना पत्र दिए लेकिन, उसके मामले में आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पीड़िता की तरफ से तीन तलाक का मामला दर्ज किया गया है। अब वह इस मामले में कार्रवाई कर रहे हैं।

**अपराध** | बढ़ रहा साइबर अपराध, ठग खंगाल रहे सोशल मीडिया प्लेटफार्म की आईडी

# स्टेटस सिंबल बना सोशल मीडिया, हर गतिविधि करते शेयर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● पढ़े लिखे लोगों के साथ ही हो रही अधिकांश घटनाएं, अपरिचित कॉल से रहें सतर्क

**अमृत विचार :** आजकल व्यक्ति अपने जीवन की हर गतिविधि को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर रहा है। वह तनिक भी नहीं सोच रहा है कि उसकी गतिविधि का प्रयोग कौन किस रूप में और कहां कर रहा है। यहां तक कि अब लोग घर में शादी हो या बर्थ-डे या फिर कोई धार्मिक व अन्य आयोजन, इनकी भी सूचना लोग अपने रिश्तेदारों-मित्रों को सोशल मीडिया के जरिए ही देने लगे हैं। फिर इन आयोजनों की तस्वीरें, वीडियो आदि भी शेयर करना नहीं भूल रहे हैं।

इस तरह घर की महिलाएं हों या फिर पुरुष, जो लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम या सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म प्रयोग कर रहे हैं, उनकी संपूर्ण गतिविधि से साइबर अपराधी वाकिफ हैं। अपराधी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, आपकी भी आइडी पर उनकी नजर है। चूंकि, उनका काम केवल शिकार फंसना है और इसलिए वह दिनभर ऐसे लोगों को तलाश कर उनको ठगी का शिकार बना रहे हैं।

जी हां, ये बातें हम नहीं बल्कि साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह कह रहे हैं। उनका कहना है कि लोगों के लिए सोशल मीडिया स्टेटस सिंबल बन गया है...फॉलोवर्स बढ़ाने के चक्कर में यह भी नहीं देख रहे हैं कि जिसे अपने से जोड़ रहे हैं, वह कौन है और कहां का है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह कहते हैं कि इससे साइबर ठगी करने वालों को आसानी से पता चल जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति किस स्टेटस वाला है। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि साइबर ठगी का शिकार पढ़े-लिखे लोग ही बन रहे हैं। कोई गांव-देहात का व्यक्ति इस तरह की ठगी का शिकार नहीं हो रहा है। साइबर ठगी के 99 प्रतिशत मामले पढ़े-लिखे लोगों से ही जुड़े हैं, कोई डॉक्टर है तो अधिकारी या शिक्षक, ये सब साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं।

### घटना छिपाएं नहीं, बताएं...

साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा, साइबर ठगी की घटना होने पर पीड़ित अपने को हीन और कमजोर मान लेते हैं। घटना बताने में उन्हें बेइज्जती लगती है। यदि पीड़ित ऐसा करेंगे तो निश्चित ही साइबर क्राइम को बढ़ावा मिलेगा। घटना को छिपाना नहीं चाहिए, उसके बारे में जितना ही जल्दी हो साइबर थाने पर या फिर साइबर क्राइम सेल में सूचना दें। ताकि उसके बारे में कार्रवाई हो और ठगी करने वालों को सजा दिलाई जा सके। कोई अपरिचित कॉल आए तो पहले ध्यान पूर्वक देखें-समझें फिर बहुत संतुलित बातचीत करें। कंट्री कोड पर नजर रखें। यदि कोई नंबर विदेश से संबंधित है तो बेहतर होगा कि रिसीव न करें। यदि रिसीव करें तो बात करें, टेंशन में आकर घबराएं नहीं और हां यह भी ध्यान रखें कि कोई अधिकारी जैसे सीबीआइ, आइबी का हो या फिर पुलिस का, फोन पर यदि वह आपको डरा-धमका कर रुपये मांग रहा है तो निश्चित ही वह फर्जी और जालसाज व्यक्ति है, इसे समझे।

### इन देशों से आ रही हैं कॉल, जानें कंट्री कोड

| देश | - कंट्री कोड |
|---|---|
| पाकिस्तान | - 92 |
| बांग्लादेश | - 880 |
| इंडोनेशिया | - 62 |
| थाईलैंड | - 66 |
| जापान | - 81 |
| दुबई | - 971 |
| चीन | - 86 |

### सीबीआई अधिकारी बन ठग लिए 4.50 लाख

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि गुरुवार एक बुजुर्ग थाने आए थे। उनके पास किसी ने अपने को सीबीआई अधिकारी बताकर कॉल की थी। कॉलर ने कहा था कि आपका दुबई से पार्सल आया है। जिसमें देश विरोधी एवं आपत्तिजनक वस्तुएं हैं। आपको गिरफ्तार करने को हमारी टीम निकल चुकी है...। फिर उस बुजुर्ग का उसने व्हाट्सएप नंबर लिया और बोला कि एक लिंक भेजा है, इसमें फॉर्म है, उसे भर दीजिए। लिंक क्लिक करते ही कॉलर को बुजुर्ग से संबंधित विवरण उसे आसानी से मिल गया। इसके बाद उनके बैंक खाते से करीब 4.50 लाख रुपये कट गए।

# दुकान में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● गुरुवार की रात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी चोरी की गतिविधि

**अमृत विचार :** बीड़ी, गुटखा, सिगरेट के थोक कारोबारी की दुकान का ताला तोड़ चोरों ने 1.60 लाख रुपये की नकदी पार कर दी। घटना मझोला थाना क्षेत्र के मोहन नगर की है। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी करने वाले तीनों आरोपियों की गतिविधि कैद हो गई। कारोबारी ने फुटेज में पहचान के बाद मुहल्ले के लोगों की मदद से पहले एक आरोपी को उसके घर से धर दबोचा। फिर इसने अपनी दो अन्य साथियों के नाम बताए, इसमें व्यापारी ने एक अन्य आरोपी को उसके घर से ही उठा लिया, जबकि तीसरा भाग गया। पुलिस ने आरोपी रोहित पुत्र ललित मोहन, जतिन पुत्र बलवीर सिंह और आकाश उर्फ तुल्लन पुत्र शंकर प्रजापति के विरुद्ध नामजद एफआईआर दर्ज की है। तीनों आरोपी रामेश्वर कॉलोनी के रहने वाले हैं।

अशोक पुत्र प्यारेलाल मोहन नगर में प्राइमरी स्कूल के सामने वाली गली के रहने वाले हैं। यह बीड़ी, गुटखा, सिगरेट के थोक व्यापारी हैं। बताया कि जिस घर में बाहर की तरफ दुकान है, उसके दरवाजे का ताला चोरों ने तोड़ दिया और गल्ले में रखे 1.60 लाख रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि ये घटना गुरुवार रात 2.39 बजे की है। इस घर में कोई नहीं था। वह ताला लगाकर पड़ोस में ही अपने दूसरे वाले घर में सोने चले गए थे। शुक्रवार सुबह जब वह घर आए तो देखा दुकान का ताला टूटा है। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। गल्ले में देखा तो 1.60 लाख रुपये भी गायब थे। फिर उन्होंने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। इसके बाद मुहल्ले वालों के साथ दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज जांचे। इसमें आरोपियों की चोरी करने वाली गतिविधि सामने आई और तीनों आरोपी पहचान में आ गए। जिस पर मुहल्ले के लोगों के साथ अशोक ने रामेश्वर कॉलोनी में पहले आरोपी रोहित के घर पहुंचे। उसे पकड़ लिया, थप्पड़ और लात-घूसों से धुना। फिर इसने अपने दो अन्य साथी जतिन व आकाश उर्फ तुल्लन के नाम बताए। इसके बाद जतिन को पकड़ा, लेकिन आकाश उर्फ तुल्लन उनके हाथ नहीं आया। मुहल्ले वालों ने दुकान से चोरी हुए रुपयों में से जतिन के पास 1,080 रुपये और रोहित के पास 560 रुपये भी बरामद किए हैं। इन दोनों आरोपियों ने कहा, शेष रुपये आकाश उर्फ तुल्लन लेकर भाग गया है। काफी पूछताछ व धुलाई के बाद मुहल्ले वाले आरोपी रोहित व जतिन को मंडी पुलिस चौकी ले गए, जहां चौकी इंचार्ज देवेंद्र कुमार सिंह के सुपुर्द किया और इनके विरुद्ध नामजद तहरीर दी। उधर, मझोला थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपी रोहित व जतिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार आकाश उर्फ तुल्लन की तलाश की जा रही है।

## एक नजर



परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्रा की नाक से आभूषण निकालता अभिभावक।

### केंद्रों पर उतरवाए नाक कान के आभूषण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले कुछ अभ्यर्थियों ने अपने माता-पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया तो कहीं माता-पिता भी अपने बच्चों का माथा चूमते दिखाई दिए। नियमों के अनुसार परीक्षा केंद्र के बाहर परिजन छात्राओं के नाक व कानों के आभूषण उतारते दिखाई दिए। तो वहीं गैर जनपद से आए अकेले छात्र-छात्राओं को अपना सामान रखने में परेशानी का सामना करना पड़ा। परीक्षा केंद्र के पास खुली दुकानों और रेस्टोरेंटों पर छात्र-छात्राओं ने अपना सामान रखा।

# ट्रेनों की लेटलतीफी से यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

| ट्रेन संख्या | नाम | कितनी देरी से पहुंची |
|---|---|---|
| 04313 | देहरादून समर स्पेशल | आठ घंटे एक मिनट |
| 04529 | भटिंडा समर स्पेशल | दो घंटे 32 मिनट |
| 05050 | छपरा समर स्पेशल | 15 घंटे 39 मिनट |
| 05219 | आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल | दो घंटे आठ मिनट |
| 12204 | सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस | सात घंटे 43 मिनट |
| 12588 | गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस | 12 घंटे 41 मिनट |
| 04067 | दिल्ली समर स्पेशल | 12 घंटे 26 मिनट |
| 14618 | जनसेवा एक्सप्रेस | पांच घंटे 22 मिनट |
| 14322 | आला हजरत एक्सप्रेस | पांच घंटे 50 मिनट |
| 05220 | मुजफ्फरपुर समर स्पेशल | चार घंटे 32 मिनट |

- **छपरा समर स्पेशल 15 व गोरखपुर अमरनाथ 12 घंटे देरी से पहुंची**
- **किसान आंदोलन के चलते बदले मार्ग से चल रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान**

**अमृत विचार:** बढ़ती गर्मी में भी ट्रेनों के समय में सुधार नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते यात्री परेशान हैं। पिछले कई दिनों से यात्रियों को सफर से ज्यादा ट्रेनों का इंतजार करना पड़ रहा है। ट्रेनों के लेट होने का कारण किसान आंदोलन बताया जा रहा है। जिसके कारण यात्री प्रतिदिन दुश्वारियों से भरा सफर करने को मजबूर हैं। रविवार को भी मुरादाबाद से होकर गुजरने वाली 10 से ज्यादा ट्रेनें अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंची।

अंबाला मंडल में पिछले 21 दिनों से किसान आंदोलन चल रहा है। जिसके कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को रद्द किया है तो वहीं काफी ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया जा रहा है। ट्रेनों का मार्ग बदलने से दैनिक व स्पेशल ट्रेनें बेपटरी हो गई हैं। मुरादाबाद में आने वाले 10 से 12 ट्रेनें प्रतिदिन अपने निर्धारित समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। ट्रेनें लेट होने से भीषण गर्मी के दौरान यात्री परेशानियां झेल रहे हैं। ट्रेनों की देरी से परेशान होकर यात्री अपने टिकट रद्द करा रहे हैं। रविवार को भी छपरा समर स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 15 घंटे की देरी से पहुंची। जिसके इंतजार में यात्रियों का हाल-बेहाल हो गया। इसके अलावा देरी से पहुंचने वाली ट्रेनों में भटिंडा समर स्पेशल, आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल, सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस व गोरखपुर अमरनाथ एक्सप्रेस ट्रेन समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं।

### मंडल के हरिद्वार और बरेली में खुलेगा रेल कोच रेस्टोरेंट, मुरादाबाद में जगह की तलाश

# कंडम कोच को आलीशान रेस्टोरेंट में बदल रहा रेलवे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




**अमृत विचार:** ट्रेनों के कंडम हो चुके कोचों को जल्द ही आलीशान रेस्टोरेंट के रूप में तब्दील करने जा रहा है। अभी फिलहाल मुरादाबाद रेल मंडल के हरिद्वार व बरेली रेलवे स्टेशन पर कंडम कोच को आलीशान बनाकर रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी शुरू की गई है। इसके अलावा मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर भी इसके लिए जगह की तलाश की जा रही है।

रेलवे प्रशासन अपने कंडम कोचों को रेस्टोरेंट का लुक देने जा रहा है। जिसके बाद लोग ऐसे रेस्टोरेंट में बैठकर लोग ट्रेन कोच में बैठकर लजीज व्यंजनों का स्वाद ले सकेंगे। इतना ही नहीं कोच के बाहर भी ओपन एयर बैठने का इंतजाम होगा। अभी फिलहाल रेलवे ने इसकी शुरूआत मंडल के हरिद्वार व बरेली रेलवे स्टेशन से की है। इन दोनों स्टेशनों के अलावा मंडल मुख्यालय पर भी रेल कोच रेस्टोरेंट के लिए पर्याप्त जगह तलाशी जा रही है। वहीं रेल प्रशासन ने मुरादाबाद स्टेशन के लिए भी रेस्टोरेंट के लिए फिजिबिलिटी रिपोर्ट मांगी है। रेलवे स्टेशनों पर टिकट बुकिंग और वेटिंग हॉल के अलावा परिसर में काफी जगह है। रेलवे इस जगह का उपयोग यात्री सुविधा बढ़ाने के साथ ही स्टेशन को आकर्षक बनाने में कर रहा है। उत्तर रेलवे में नई दिल्ली और लखनऊ मंडल के बाद मुरादाबाद मंडल के कई स्टेशनों पर रेल कोच रेस्टोरेंट खोलने की तैयारी शुरू कर दी है।

### 40 लोग एक साथ कर सकेंगे भोजन

मुरादाबाद, अमृत विचार : कंडम हो चुके कोचों में रेस्टोरेंट बनाए जाएंगे। जिसके बाद रेलवे स्टेशन परिसर में रेस्टोरेंट से यात्री और अन्य लोग खाने का मजा ले सकेंगे। कोच रेस्टोरेंट में लगभग 40 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। 70 बाई 60 मीटर के कोच का नजारा भी आकर्षक और आलीशान दिखेगा। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि रेस्टोरेंट के बाहर खानपान के लिए रेलवे को अलग से लाइसेंस फीस देनी होगी।

ट्रेनों के क्षतिग्रस्त व कंडम हो चुके कोचों की मरम्मत कर रेस्टोरेंट के रूप में विकसित किया जाएगा। अभी फिलहाल मंडल के हरिद्वार और बरेली में कोच रेस्टोरेंट खोलने पर सहमति बनी है। लेकिन, जल्द ही मुरादाबाद में भी रेस्टोरेंट के लिए तैयारी शुरू की जाएगी।

–आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम मुरादाबाद।

# कड़ी सुरक्षा में 22 केंद्रों पर हुई नीट, 302 अभ्यर्थी रहे गैरहाजिर

## 11358 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, केंद्रों पर रहे सुरक्षा के कड़े इंतजाम, किसी ने बताया आसान तो कोई बॉटनी का पेपर देखकर हुआ परेशान



परीक्षा की जैसी तैयारी की वैसा ही पेपर आया। सभी विषयों के प्रश्न आसान लगे। दिन और रात पढ़ने की मेहनत सफल हो गई। 80 प्रतिशत पेपर सही हुआ है। मेरा विश्वास है कि सफलता मिलेगी।

–दिव्यांशी, बुद्धि विहार



परीक्षा केंद्र में काफी देर से खाली बैठी थी। पेपर इतना आसान था कि पेपर छूटने के निर्धारित समय से आधा घंटा पहले पेपर पूरा कर दिया था। केमिस्ट्री, बॉटनी, फिजिक्स में सभी सवाल हल किए हैं। पास होने से कोई नहीं रोक सकता।

–नंदनी गुप्ता, अमरोहा



नीट का पेपर इतना आसान होगा पता नहीं था। पेपर देने से पहले डर लग रहा था। लेकिन पेपर देखकर बहुत खुशी हुई। सब कुछ पढ़ा हुआ आया। जिससे सभी विषयों के 84 प्रतिशत सवाल किए हैं।

–जहीन फात्मा, एकता विहार कालोनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की नेशनल एलिजबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2024 की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा में कुछ परीक्षार्थियों के चेहरे खिल दिखे तो कुछ निराश नजर आए। परीक्षा केंद्र के बाहर आते समय बच्चों के चेहरों से उनके किए गए परिश्रम का एहसास हो रहा था। कुछ छात्राओं ने खुशी के मारे परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े परिजनों को आते ही गले लगाया। परीक्षा देने वालों में छात्राओं की संख्या अधिक रही। 22 परीक्षा केंद्रों में 90 प्रतिशत परीक्षार्थियों ने भाग लिया। इस बार बहुत कम अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ी है। नीट के लिए 11660 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 11358 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठे। जबकि 302 ने परीक्षा नहीं दी।

इस बार नेशनल एलिजबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) 2024 की परीक्षा में छात्रों के सापेक्ष छात्राओं ने अधिक संख्या में भागेदारी की। 11358 परीक्षार्थियों ने नीट की परीक्षा दी। परीक्षा के बाद केंद्र से बाहर आए परीक्षार्थियों में छात्राओं के चेहरों पर संतोषजनक भाव दिखाई पड़े। वहीं कुछ छात्रों के चेहरे मुरझाए नजर आए रहे। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से घंटों पहले आए परिजन अपने बच्चों को तेज धूप से बचाने के लिए सिर पर छाता लगाए खड़े रहे। सुबह दस बजे के आसपास जनपद से अपने बेटा-बेटी को परीक्षा दिलाने के लिए आए अभिभावक परीक्षा केंद्र के बाहर खड़े दिखाई दिए। 9 बजे से एसएस चिल्ड्रन गर्ल्स स्कूल के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी लाइन लगनी शुरू हो गई। स्कूल में मेटल डिटेक्टर से जांच कर परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश दिख जा रहा था। बोनी एनी स्कूल परीक्षा केंद्र के बाहर लगी लिस्ट में अभ्यर्थी अपना कमरा नंबर खोजते नजर आए। स्प्रिंग फील्ड स्कूल परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा को उसके परिजन गोद में उठाकर लाए। परीक्षा से दस दिन पहले उसके पैर में चोट लगने के कारण उसके पैर प्लास्टर चढ़ा था।

वहीं परीक्षा के लिए सबसे बड़ा केंद्र सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल रहा। इसमें 792 परीक्षार्थियों के परीक्षा देने की व्यवस्था की गई थी। जिसमें 769 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी और 23 अनुपस्थित रहे। केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। उधर आईएफटीएम में छह ब्लॉकों में परीक्षा देने आए परीक्षार्थियों के वाहनों से जाम की स्थिति दोपहर एक बजे तक बनी रही। जनपद में 22 परीक्षा केंद्रों पर एक ही समय परीक्षा होने के कारण दिल्ली रोड, कांठ रोड, रामपुर रोड पर शाम 5 बजे परीक्षा छूटने के वक्त से लेकर सात बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम खुलवाने में यातायात पुलिस के साथ सिविल पुलिस भी चौराहे पर खड़ी दिखाई दी। रात आठ बजे तक महानगर की सड़कों को जाम से निजात मिली।



सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल से नीट की परीक्षा देकर बाहर आते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



परीक्षा से पूर्व अपनी कक्ष संख्या देखते छात्र। ● अमृत विचार

### स्थानीय पुलिस ने संभाली यातायात व्यवस्था

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आसपास के जनपदों से आए छात्रों के परिजनों ने भीषण गर्मी में होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट और दुकानों पर बैठकर परीक्षा खत्म होने का इंतजार किया। परीक्षा केंद्रों के बाहर यातायात की व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस भी लगाई गई। परीक्षा केंद्रों की ओर से भी व्यवस्था में स्कूलों का स्टाफ बाहर खड़े वाहनों को व्यवस्थित करता रहा।



बायो का पेपर ज्यादा आसान था। फिजिक्स और केमिस्ट्री बायो के मुकाबले कम आसान था। लेकिन, कुल मिलाकर पेपर अच्छा आया था और सरल आया था।

–सईद अनवर, अमरोहा



पेपर बहुत अच्छा गया है। 95 प्रतिशत पेपर मैंने कर दिया है। बायो, फिजिक्स केमिस्ट्री तीनों ही ठीक थे। तीनों का सरल पेपर था।

–कनू चौधरी, कटघर



बॉटनी का पेपर थोड़ा कठिन था। लेकिन फिजिक्स और केमिस्ट्री के अधिकतर सवाल हल किए हुए थे। जिससे पेपर बहुत अच्छा हुआ है। बोर्ड के बाद रात दिन तैयारी की थी।

–इकरा, नई बस्ती

# कुंदरकी, बिलारी क्षेत्र में मतदान कल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** दूसरे चरण में संभल जनपद के लोकसभा चुनाव को लेकर मुरादाबाद जिला प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस जनपद की दो विधान सभाएं संभल लोकसभा का हिस्सा हैं। जिसके लिए जिलाधिकारी ने रविवार को जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही लाइनपार स्थित फल सब्जी मंडी समिति में पोलिंग पार्टियों के रवाना होने की व्यवस्था में खड़े वाहनों में पेट्रोल आदि की व्यवस्था के अलावा मंडी से रवाना होने वाले मतदान कार्मिकों के लिए टेंट आदि की व्यवस्था देखी।

मुरादाबाद की दो विधान सभाओं में कुंदरकी व बिलारी में सात मई को मतदान होना है। जिसको लेकर मुरादाबाद प्रशासन ने कमर कस ली है। मंडी समिति से मतदान कार्मिकों को रवाना किया जाना है। जिसकी व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह रविवार सुबह मंडी समिति पहुंच गए।

जहां जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्रा व्यवस्थाएं देख रहे थे। उन्होंने बताया कि कुंदरकी विधान सभा में कुल मतदाता की संख्या 3 लाख 91 हजार 438 है। पोलिंग पार्टियों और बूथों की संख्या 436 है। जिसके लिए 39 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 4 जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं।

वहीं बिलारी विधान सभा में कुल मतदाता की संख्या 3 लाख 85 हजार 571 है। बूथ और मतदान केंद्रों की संख्या 347 है। जिस पर 27 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 4 जोनल मजिस्ट्रेट निष्पक्ष मतदान कराने के लिए नियुक्त किए गए हैं। सभी पोलिंग पार्टियां सोमवार की शाम तक मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दी जाएंगी।



मंडी समिति में बैरिकेडिंग करता मजदूर।

### कामगार भी डालेंगे वोट

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीसरे चरण के तहत संभल लोकसभा क्षेत्र में सात मई को मतदान किया जाएगा। मुरादाबाद की कई निर्यात इकाइयों में बिलारी और कुंदरकी के कामगार काफी संख्या में कार्यरत हैं। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान ने बताया कि अवकाश घोषित होने के चलते सभी कर्मी मतदान कर सकेंगे।

## टीकाकरण से छूटे जायरीन कार्यालय में करे संपर्क

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** हज यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को जिला अल्पसंख्यक विभाग की ओर से शिविर लगाकर उनका टीकाकरण कराया और हज ट्रेनिंग की गई। लेकिन, कुछ ऐसे लोग रह गए हैं जिनका अभी टीकाकरण नहीं हुआ है। इसलिए वह लोग जिला अल्पसंख्यक विभाग के कार्यालय या हज ट्रेनर से संपर्क कर सकते हैं।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि इस बार हजयात्रा पर जनपद से 1880 लोग जाएंगे। इन सभी को हज ट्रेनिंग व टीकाकरण कराने के लिए अलग-अलग स्थानों पर चार दिन शिविर लगाए गए थे। टीकाकरण से वंचित लोग जिला अल्पसंख्यक विभाग के कार्यालय या फिर हज ट्रेनर खुसरो फैसल उर्फ राजा से मोबाइल नंबर 9368016288 पर संपर्क करके जल्द से जल्द अपना टीकाकरण करा लें।

# 60 रचनाकारों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




प्रताप सिंह गर्ल्स इंटर कॉलेज में पुस्तक का विमोचन करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रताप सिंह हिंदू गर्ल्स इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय काव्य धारा के बैनर तले अंकन नवोदित साहित्यकार मंच की स्थापना कर काव्य संग्रह लोकार्पण एवं सम्मान समारोह आयोजित गया। इसमें विभिन्न जनपदों व प्रदेशों के 60 रचनाकारों को मंच प्रदान कर, पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण दयाल शर्मा ने की। इसमें डॉ. सीमा शर्मा, जितेंद्र कमल आनंद, डॉ. महेश दिवाकर विशिष्ट अतिथि, अमरीश गर्ग, डॉ. मनोज रस्तोगी, रोहित राकेश, धवल दीक्षित अतिथि मंडल में रहे। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन के बाद मां शारदा की वंदना से हुआ। वंदना छात्रा जारा ने की। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राजीव प्रखर एवं डॉ. प्रीति हुंकार ने किया।

इस अवसर पर डॉ. शरद राही, कमलेश सिंह गौर इंद्र, राम वल्लभ तिवारी, सरफराज हुसैन, डॉ. आजम बुराक, मनोज वर्मा मनु, आनंद वर्धन, विनीता चौरसिया, सांत्वना, अनुराग रोहिला, सीमा रानी मिश्रा, जीतेन्द्र कुमार जौली, नकुल त्यागी, सीमा रानी, रेखा रानी, जैनेन्द्र सिंह, राजबहादुर यादव, महिपाल सिंह, संजय कुमार, पूनम उदयचंद्रा, कवि कृष्ण कुमार, आरती रैदास, देवेन्द्र प्रताप वर्मा, चुनमुन रागिनी, सुनीता, रेखा रानी, के पी सिंह सरल, अल्पना दीक्षित मुम्बई, कमल शर्मा, राजवीर सिंह, रूपेश धनकर मथुरा, जाग्रति कौशकिया, दुष्यंत कुमार अमरोहा, रचना सिंह वानिया, पुष्पा जोशी, पूजा राणा, राजबाला धैर्य, प्रदीप वैरागी, राधा सुनील कुमार, निरुपमा सक्सेना मथुरा, स्वदेश शालिनी गुप्ता, अंजु झा, मीणा कौशल, रमजान अली हसनपुर, राशिद मुरादाबादी, शायलानूर क्रांति, प्रीती सौरभ मनोरमा गुप्ता, ऋच्वा त्यागी, सतीश चंद्र सौमित्र, अर्जुन आदि ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के अंत में संयोजक मंडल डॉ. प्रीति हुंकार, इंदू रानी और शुभम कश्यप ने सभी का आभार जताया।

**लोस चुनाव** | संभल लोकसभा सीट में शामिल हैं मुरादाबाद जनपद के कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र

# तैयारी पूरी, मंडी समिति से आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण का मतदान सात मई को होगा। जिसके तहत पड़ोसी जिले संभल में मतदान होगा। जिसके के लिए थाना मझोला स्थित मंडी समिति में सोमवार को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी।

संभल लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में सात मई को मतदान होगा। संभल लोकसभा क्षेत्र में कुंदरकी और बिलारी विधानसभा भी शामिल हैं। लिहाजा मुरादाबाद जिले से लगभग साढ़े तीन हजार कर्मचारी चुनाव करवाने जाएंगे। मंडी समिति मझोला से इस बार पोलिंग पार्टियां रवाना की जाएंगी। यातायात प्रभारी किंशुक श्रीवास्तव ने बताया कि सभी वाहनों को कतारबद्ध करवा दिया गया है। ड्यूटी लेने के साथ पोलिंग पार्टियां सुबह से रवाना होने लगेंगी। इस दौरान सहायक यातायात प्रभारी आरटीओ आंजनेय सिंह, जिला आपूर्ति अधिकारी अजय प्रताप ने भी व्यवस्थाएं देखीं। इस चुनाव के लिए 200 से अधिक हल्के वाहनों का प्रयोग किया जाएगा। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि कुल पार्टियों के हिसाब से वाहनों का इंतजाम हो चुका है।



मंडी समिति में ड्यूटी के लिए अपनी पर्ची लेते चालक। ● अमृत विचार



मंडी समिति परिसर में चुनाव ड्यूटी के लिए खड़े वाहन। ● अमृत विचार

### कुंदरकी व बिलारी में 2663 बुजुर्ग करेंगे मतदान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संभल लोकसभा के कुदंरकी और बिलारी विधानसभा में सात मई को तीसरे चरण के चुनाव में छह हजार से ज्यादा दिव्यांग मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जबकि 2802 बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या जो मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाताओं के लिए घरों से मतदान की सुविधा दी है, लेकिन इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 139 ऐसे बुजुर्ग मतदाता मतदान कर चुके हैं। जनपद के कुंदरकी और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में प्रशासन की ओर से दिव्यांग मतदाताओं के लिए बूथों पर रैंप और व्हीलचेयर का भी इंतजाम किया है। कुंदरकी विधानसभा क्षेत्र में 3575 और बिलारी विधानसभा क्षेत्र में 2612 दिव्यांग मतदाता हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेटों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में पुलिस लाइन में लोकसभा निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए पुलिस ब्रीफिंग सम्पन्न हुई। संभल लोकसभा में मुरादाबाद जिले की बिलारी और कुंदरकी विधानसभाएं शामिल हैं। यहां की चुनाव की जिम्मेदारी मुरादाबाद जिला प्रशासन और पुलिस की है।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी पुलिस अधिकारी/जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट निर्वाचन को सहजता से लें और शांतिपूर्ण ढंग से मतदान को संपन्न कराए। ईवीएम की सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, एसपी ट्रैफिक, उप जिलाधिकारी बिलारी सहित समस्त जोनल/ सेक्टर मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।



पुलिस लाइन में संभल लोकसभा चुनाव को लेकर ब्रीफिंग करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह।



पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नाईपुरा मोहल्ला निवासी देवकी सिंह व प्रेमपाल शनिवार को बाइक से हापुड़ गए थे। दोनों देर रात घर लौट रहे थे। इसी दौरान हाइवे पर कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक कार लेकर फरार हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे। देवकी की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने पकड़ा वारंटी

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। थाना रहरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान वारंटी रवि पुत्र जगदीश निवासी ग्राम खनौरा को गिरफ्तार कर लिया।

### पत्नी ने धोखा दिया, यह सबको बताना, सिपाही के कई ऑडियो हो रहे वायरल

# मम्मी-पापा, मेरे चारों बच्चों का ख्याल रखना

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या करने वाले सिपाही के ऑडियो वायरल हो रहे हैं। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले अपने मोबाइल से उसने ऑडियो रिकॉर्ड किए थे।



उन्होंने अपने माता पिता से कहा कि मेरी मौत के बाद मेरे चारों बच्चों का ध्यान रखना। मेरे बच्चों का इस दुनिया में तुम्हारे सिवा कोई नहीं है। तुम ही मेरे बच्चों के दादा-दादी हो, माता पिता हो। कहा, जो मैं करने जा रहा हूं, ये सही नहीं है। लेकिन मुझे मेरी पत्नी मुन्नी ने धोखा दिया है। हालांकि मृत सिपाही के पिता ने घटना को इत्तेफाक करार दिया था।

> ऑडियो वायरल होने का मामला संज्ञान में नहीं है। मृत सिपाही के पिता शौकीन खां ने लिखित में बयान दिया है कि वह इस मामले में कोई अग्रिम कार्रवाई नहीं चाहते। उन्होंने इस घटना को इत्तिफाक बताया है। उनके मुताबिक अचानक रायफल से गोली चली और तैय्यब की मौत हो गई। –**सचिन कुमार,** जीआरपी चौकी इंचार्ज, अमरोहा

बागपत जिले में तैनात व अमरोहा के जोया कस्बा निवासी शौकीन अहमद के बेटे तैय्यब ने शुक्रवार शाम को अमरोहा रेलवे स्टेशन पर सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। शुक्रवार रात को शव का पोस्टमार्टम होने के बाद शनिवार को शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया था। जिसके बाद मृत सिपाही के पिता शौकीन खां ने जीआरपी को दिए बयान में इस घटना को इत्तेफाक बताया था। साथ ही कहा कि धोखे से गोली चलने से तैय्यब की मौत हुई। वहीं रविवार को सोशल मीडिया पर सिपाही के चार ऑडियो वायरल हुए। तीन ऑडियो सिपाही की मौत से पहले जबकि एक ऑडियो में सिपाही की मौत के बाद उसकी बहन किसी व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या करने से पहले सिपाही ने ऑडियो रिकॉर्ड किए थे। पहला ऑडियो में मृत सिपाही ने कहा है कि मम्मी मैं आपसे और पापा से बहुत प्यार करता हूं। बहुत ज्यादा प्यार करता हूं। मेरे चारों बच्चों आहद, तय्यबा, जैद और अरीबा को आपको पालना है। तैय्यबा, अरीबा से मैं बहुत प्यार करता हूं इनका ध्यान रखना है आपको। और यह बात भी ध्यान रखनी है कि मुन्नी ने मुझे धोखा दिया है। यह सबको बताना मेरे मरने के बाद, सबको पता चलना चाहिए कि मैं क्यों मर रहा हूं। मेरे मरने के बाद यह बात सबको बताना। इस दुनिया में उनका सब कुछ आप ही हो। वहीं दूसरे और तीसरे ऑडियो में भी उसने यही जिक्र किया है। जबकि चौथे ऑडियो में सिपाही तैय्यब की बहन किसी व्यक्ति से फोन पर बात कर पूछताछ कर रही है। फिलहाल इन ऑडियो के आधार पर भी पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**सिपाही आत्महत्या मामला**

- **ऑडियो में तैय्यब कर रहा पत्नी के धोखा देने की बात**
- **एक ऑडियो में मृतक सिपाही की बहन कर रही पूछताछ**

### आठ घंटे बिजली कटौती से लोगों का बुरा हाल

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर के दाऊद सराय बिजली केंद्र से आठ घंटे बिजली आपूर्ति को बंद रखा गया। बिजली कटौती से गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया।

रविवार को विद्युत विभाग द्वारा आठ घंटे की बिजली कटौती की गई। इस कटौती के कारण नगर के बिजली उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विद्युत वितरण खंड अधिकारी जीडी प्रजापति ने बताया कि आठ घंटे की बिजली कटौती के दौरान बिजली लाइन के जर्जर तारों को बदलने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बिजली कटौती के संबंध में उपभोक्ताओं को पहले ही जानकारी दे दी गई थी। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली लाइन पर अधिक लोड बढ़ने से फाल्ट होने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए जर्जर बिजली के तारों को बदलने का कार्य किया जा रहा है।

# हादसे में बीएमएस के छात्र की मौत

## दिल्ली में निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हुई मौत

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से घायल बीएमएस के छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। छात्र को मेरठ में शुक्रवार को वाहन ने टक्कर मार दी थी। उसका दिल्ली में निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। रविवार को शिवांक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



शिवांक।

बता दें कि थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव चमर पतेई निवासी शिवांक उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह मेरठ में बीएमएस का छात्र था। शुक्रवार को मेरठ में वह अपने मित्र के साथ शाम के समय सड़क पर टहल रहा था। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी गई थी। जिससे छात्र बुरी तरह से घायल हो गया था। घायल छात्र को मेरठ के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूचना मिलने पर परिजन भी मेरठ पहुंच गये थे। जब छात्र की हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन उपचार करने के लिए उसे दिल्ली ले गये थे। लेकिन रविवार को उपचार के दौरान शिवांक ने दम तोड़ दिया। जैसे ही छात्र की मौत की खबर गांव पहुंची तो वहां परिजनों एवं ग्रामीणों को कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि छात्र शिवांक बहुत ही मिलनसार था। शिवांक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। जैसे ही शिवांक का शव गांव पहुंचा। ग्रामीणों की भारी भीड़ वहां एकत्र हो गई। गमजदा माहौल में शिवांक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।



विलाप करते अजीत के परिजन। ● अमृत विचार

- **शुक्रवार को मेरठ में सड़क पर घूमते हुए वाहन ने मारी थी टक्कर**
- **रविवार को दिल्ली में उपचार के दौरान तोड़ दिया था दम**

### हादसे में ई-रिक्शा में बैठे यात्री की मौत

**गजरौला, अमृत विचार :** फाजलपुर मोहल्ला निवासी सोनू ई-रिक्शा चलाता है। वह शनिवार रात 20 वर्षीय अजीत पुत्र विजय सिंह निवासी अम्बेडकर नगर को बैठाकर चौपला की तरफ ले जा रहा था। बताते हैं कि रेलवे ओवरब्रिज के निकट कार ने ई-रिक्शा में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गई और उसमें बैठे अजीत की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सोनू भी घायल हो गया। लोगों ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। घायल के परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भिजवा दिया। जानकारी होने पर रविवार सुबह टक्कर मारने वाली कार को भी पकड़ लिया गया।



अजीत।

## दो भाइयों के सुसरालियों में पथराव, सात लोग घायल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव में दो भाइयों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों ने अपने ससुराल पक्ष के लोगों को बुला लिया। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद पथराव हो गया। पथराव में दोनों पक्षों की ओर से सात लोग घायल हो गए। घायल परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को सीएचसी भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सोहरका में सतीश एवं जयपाल पुत्र कलुआ अपने परिवार के साथ रहते हैं। रविवार दोपहर को दोनों भाइयों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसके बाद दोनों भाइयों ने अपने अपने ससुरालियों को गांव में बुला लिया। जहां कहासुनी के बाद एक बार फिर मारपीट शुरू हो गई और मारपीट के दौरान ही दोनों पक्षों में पथराव हो गया। पथराव में सतीश पुत्र कलुआ, उर्मिला पत्नी कृष्णा निवासी सोहरका, विकास पुत्र नत्थू निवासी मल्लवाली डगरोली, अर्जुन पुत्र पाली, कृष्णपाल पुत्र प्रकाश, राजेश पुत्र प्रकाश निवासी काकांठेर थाना गजरौला एवं सावित्री पत्नी जयपाल निवासी सोहरका घायल हो गए। वहीं जयपाल का कहना है कि उसके भाई सतीश ने उसकी पत्नी सावित्री के साथ मारपीट की थी। सतीश का कहना है कि उसका बड़ा भाई जयपाल उसकी पत्नी से गाली गलौज कर रहा था। इस बात को लेकर मारपीट हुई है। घायल अपने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे और पुलिस को एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाते हुए तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया। जहां उनका उपचार किया गया। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट में सात लोग घायल हो गए हैं उपचार के लिए सीएचसी भेज दिया गया है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।



अस्पताल में घायल। ● अमृत विचार



काजल को सम्मानित करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सर्वजन कल्याण सेवा ट्रस्ट ने काजल को किया सम्मानित

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** रविवार को कस्बा बछरायूं स्थित मोहल्ला बकाबाद निवासी काजल पुत्री राम बहादुर को सम्मानित किया। छात्रा ने इंटर की परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने ट्रस्ट के पदाधिकारी के साथ छात्रा को डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंट किया। छात्रा के पिता को शाल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि छात्रा काजल ने प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने नगर, विद्यालय व प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है। उन्होंने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए की। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अतरपाल सिंह, हेमराज सिंह आर्य, सुरेश चंद्रा, प्रमोद कुमार, देवऋषि, बाबूराम सिंह, चंद्रभान सिंह, काले सिंह, अजेभ कुमार आदि मौजूद रहे।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या

**गजरौला, अमृत विचार :** युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। परिवार वालों ने गांव के युवक पर युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है।

क्षेत्र के गांव निवासी युवती के गांव के युवक से प्रेम संबंध थे। जानकारी होने पर परिवार वालों ने युवती का घर से निकलना बंद कर दिया। युवक के घर भी शिकायत की। युवती शनिवार को किसी तरह प्रेमी से मिली तो उसने युवती को मोबाइल दे दिया। शाम को युवती के परिवार वालों ने उसे डांट दिया तथा मोबाइल छीन लिया। इससे नाराज युवती ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वालों को जानकारी हुई। युवती को निजी अस्पताल ले जाया गया। रविवार सुबह उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



हसनपुर में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के चुनाव में निर्वाचित पदाधिकारी।

# मनोज बने जिलाध्यक्ष, महाबोधी मंत्री

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की जिला स्तरीय कार्यकारिणी का मंडलीय पदाधिकारी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें मनोज कुमार जोशी को जिला अध्यक्ष एवं महाबोधी उपाध्याय को मंत्री नियुक्त किया।

रविवार को डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया। जनपद की नई कार्यकारिणी का गठन मंडलीय अध्यक्ष जगदीश चंद्र एवं मंडलीय मंत्री वीरेंद्र मोहन शर्मा की देखरेख में हुआ। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से मनोज कुमार जोशी को जिला अध्यक्ष एवं महाबोधी उपाध्याय को जिला मंत्री नियुक्त किया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मनोज कुमार जोशी ने कहा कि वह साथियों की हक की लड़ाई के लिए हर समय उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े मिलेंगे और उनकी आवाज को बुलंद करने का काम करेंगे। इस मौके पर ओमजंग पाल, प्रदीप कुमार, गिरीश भंडारी, सैयद खालिद जावेद जैदी, महिपाल भंडारी, विपिन यादव, गीता तिवारी, दिनेश चंद्र, राकेश कुमार गुप्ता, विजय सक्सेना, संतोष कुमार, हरिमोहन, वरुण कुमार रहे।

**मनोनयन** जिला संयोजक हेतराम सागर, विनय प्रकाश विधि सलाहकार नियुक्त

# जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के धर्मवीर बने प्रधान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा अमरोहा का वार्षिक निर्वाचन संपन्न हो गया। जिसमें धर्मवीर आर्य इब्राहिमपुर प्रधान, विनय त्यागी मंत्री एवं रोहिताश सिंह आर्य कोषाध्यक्ष तथा देवव्रत आर्य को लेखाकारनिर्वाचित किया गया है।

रविवार को जिला आर्य प्रतिनिधि सभा अमरोहा का साधारण वार्षिक अधिवेशन आर्य समाज अमरोहा में संपन्न हुआ। जिसमें हरवीर सिंह सुमन निर्वाचन अधिकारी तथा रामपाल सिंह चुनाव पर्यवेक्षक थे। जिनकी देखरेख में वार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। सर्वसम्मति से धर्मवीर सिंह आर्य प्रधान, विनय त्यागी मंत्री, रोहिताश सिंह आर्य कोषाध्यक्ष एवं देव व्रत आर्य लिखा संपरिक्षक निर्वाचित किया गया। सभा का प्रारंभ यज्ञ द्वारा किया। यज्ञ के पश्चात बैठक में मंत्री विनय त्यागी ने गत वर्ष की समस्त गतिविधियां बताईं। तत्पश्चात कोषाध्यक्ष यशवंत सिंह ने पिछले वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। जिला सभा के संयोजक हेतराम सागर तथा विधि सलाहकार विनय प्रकाश आर्य नियुक्त किए गए। इस वर्ष की पूरी कार्य योजना तथा निष्क्रिय आर्य समाज को सक्रिय करने पर पूरा ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। निर्वाचन अधिकारी हरवीर सिंह सुमन ने विशेष रूप से सभी को प्रेम भाव के साथ आर्य समाज का कार्य आगे बढ़ने का संदेश दिया। कहा कि वह जिला सभा को सुझाव देते रहेंगे। अधिवेशन में ठाकुर सिंह, अशोक आर्य रहे।



अमरोहा में आर्य समाज के निर्वाचित प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

### नवगठित जिला आर्य प्रतिनिधि सभा का किया स्वागत

**कैसरा, अमृत विचार :** भाजपा कैंप कार्यालय कैसरा में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा निर्विरोध प्रधान पद पर धर्मवीर सिंह भाटी को बनाने पर स्वागत किया। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं अखिल भारतीय गुर्जर देव सेना के प्रदेश सचिव कैलाश गुर्जर ने धर्मवीर भाटी को माला पहनाकर अपने आवास पर स्वागत किया। स्वागत समारोह में जसवंत प्रधान, डॉ. सुरेन्द्र सिंह, डॉ. मोनू सिंह, प्रवेश सिंह रहे।

# गांव में विकास कार्य न होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गांव में विकास कार्य नहीं होने के विरोध में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। ग्राम प्रधान व ब्लाक के अधिकारियों पर विकास कार्य नहीं करवाने का आरोप लगाया।

रहमापुर खालसा गांव के ग्रामीणों के मुताबिक गांव में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं। गांव की सड़क जर्जर है और गंदगी पसरी है। जर्जर सड़क की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। मच्छरों से संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत के बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। विकास कार्य नहीं होने के विरोध में रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में कैलाश, बॉबी, हेम सिंह, चंद्रपाल, राजेश, सुनील, विकास, मिंटू सिंह, भवन सिंह, मूलचंद, मनोज, कमलेश देवी, शशिवाला, सुनीता, सरोज, शकुंतला, दयावती, कृष्णा देवी, जयपाल, हरचरण, ओमवती, अनिता, विनेश देवी, निधि देवी, सतलेश, क्रांति देवी, मुन्नी देवी रहे।



गजरौला के रहमापुर खालसा गांव में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में कर्मशाला में मौजूद अध्यापक व अन्य।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में कर्मशाला आयोजित

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज कटाई, जोया (संचालित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुतावली) में कर्मशाला हुई। जिसमें छात्रों को कंप्यूटर साइंस और इंजीनियर ब्रांच के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार हुआ। रविवार को प्रधानाचार्य लख्मीचंद के नेतृत्व में साक्षात्कार द्वारा रोजगार दिलाने को कर्मशाला का आयोजन किया। जिसमें प्रदीप कुमार, प्रवक्ता केमिकल इंजीनियर एवं समस्त स्टाफ की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कर्मशाला के सदस्यों ने छात्र-छात्राओं को कर्मशाला से संबंधित जानकारी दी। इस मौके पर हिमांशु कश्यप प्रोजेक्ट मैनेजर, जय कश्यप प्रोजेक्ट लीड, दिव्यांशु तिवारी प्रोजेक्ट लीड रहे। जानकारी दी गई कि संस्था में हर माह के प्रथम शुक्रवार को भी राष्ट्र निर्माण दिवस का आयोजन होगा। जिसमें छात्र-छात्राओं को 10वीं एवं 12वीं कक्षा पास करने के बाद डिप्लोमा करने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिससे छात्र छात्राओं में पढ़ाई के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न हो सके। इस दौरान दीप्ती सहरावत, रितिका बंसल, सौरव मौर्य, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



बच्चों को परीक्षाफल देते डॉ. अफसर अली व अन्य। ● अमृत विचार

### बसपा नेता ने बच्चों को वितरित किए परीक्षाफल

**हसनपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला लाल बाग में लइकिया सथयदना उमर बिन खिताब फारूक ए आजम इस्लामिक मदरसा है। रविवार को यहां परीक्षाफल घोषित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बसपा नेता डॉ. अफसर अली शामिल हुए। कक्षाओं में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को अफसर अली ने पुरस्कार एवं परीक्ष फल देकर प्रोत्साहन बढ़ाया। इस मौके पर हाफिज मोहम्मद अकरम, लाइक अहमद, मुजाहिद खान, अरमान खान, अख्तर अहमद, आरिफ खान, नादिर अंसारी, वसीम अख्तर, नइम अहमद, गुड्डू चौधरी, नवाब सैफी, कारी रशीद, मोहम्मद शमसुल आदि मौजूद रहे।





हसनपुर में समर फ्रूट पार्टी में बच्चे। ● अमृत विचार

### स्कूल में बच्चों के लिए हुई समर फ्रूट पार्टी

**हसनपुर, अमृत विचार :** सुनील कुमार इंटरनेशनल अकादमी में समर फ्रूट पार्टी हुई। जिसमें बच्चों ने पहले अपना परिचय दिया। उसके बाद विभिन्न फलों के महत्व के बारे में बताया। गर्मी के मौसम में आम, खरबूजा, तरबूज एवं लीची आदि फलों का कितना महत्व है। शरीर में ताकत लाने के लिए नियमित रूप से फलों एवं उनके जूस का सेवन करना अनिवार्य है। इस उद्देश्य से यह पार्टी की गई। बच्चे स्कूल में फलों के पोस्टर लगाकर पार्टी में आए थे। स्कूल में उन्होंने फल एवं जूस का सेवन किया।

### आचार्य बालकृष्ण ने डॉ. यतीन्द्र के योगदान को सराहा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. यतीन्द्र कटारिया को पंतजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने सम्मानित किया। उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. कटारिया पतंजलि योगपीठ के मुखपत्र योग संदेश की हिन्दी विश्व विस्तार मुहिम से जुड़कर हिन्दी सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ विश्व पटल पर भारतीय संस्कृति योग आयुर्वेद तथा सनातन का शाश्वत संदेश बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि पतंजलि योगपीठ का मुख पत्र योग संदेश विश्व पटल पर हिंदी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा। जिसमें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी संवर्धन में जुड़े लेखक डॉ. यतीन्द्र कटारिया योगदान देंगे।



हरिद्वार में पंतजलि योगपीठ में बालकृष्ण से मिलते डॉ. यतींद्र।

### मेरी झोली भर दो श्याम बाबा.. भजनों पर झूमे भक्त

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शनिवार रात नगर के विजय नगर में गोल्डी सैनी के आवास पर श्याम बाबा का संकीर्तन हुआ। यह कार्यक्रम श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के द्वारा किया। संकीर्तन में दीपक शर्मा ने मेरी झोली भर दीजिये श्याम बाबा। अर्पित कौशिक ने आंधी के चलते अटकी या तूफान के चलते कैसे अटकी नैया मेरे श्याम के रहते। मीनू शर्मा ने अर्जी लिख दी. मैंने तेरे दरबार में। शौर्य मित्तल ने मेरी जो लाज है बाबा तेरे हाथ है। कृष वर्मा ने लहरादे लहरादे बाबा मोरछड़ी लहरादे। देव शर्मा ने बिगड़ी बने न बाबा श्याम के बिना जैसे भजन सुनकर भक्त झूमने को मजबूर हो उठे और बाबा के जयकारों से पंडाल गूंज उठा। दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा लगाया। द्वादशी पर हारे के सहारे श्याम सरकार को खीर, चूर का भोग लगा कर प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर सर्वेश शर्मा, सुमन, पारस, सचिन, नीरज रस्तौगी, स्वाति शर्मा, सौरभ शर्मा, पूनम, ज्योति, पीतम सिंह, विशाल, हर्ष, राखी, ऋषिपाल, धर्मेंद्र, नमन राजेन्द्र, सीमा, सहित आदि मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में खाटू श्याम की पूजा करते पुजारी। ● अमृत विचार



गजरौला में छात्रा को सम्मानित करते लोग। ● अमृत विचार

### कॉलेज टॉप करने पर छात्रा को किया सम्मानित

**गजरौला, अमृत विचार :** सामाजिक कार्यकर्ता तेजवीर सिंह अलुना की पुत्री हिमानी अलुना ने बीएएमएस 2018 बैच के संजीवनी मेडिकल कॉलेज से रुहेलखंड यूनिवर्सिटी से टॉप रैंकिंग हासिल करके पास किया। इससे परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के वरिष्ठ शिक्षाविद् सरदार जगजीत सिंह और चमन सिंह अपनी माता रिशाल कौर के साथ गजरौला पहुंचे और हिमानी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। सभी ने हिमानी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर हर्षिता अलुना आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्टेटिक टीम ने कार से बरामद किए एक लाख रुपये

संभल/असमोली, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला ख्वांस खां सराय निवासी मोहम्मद शाहनवाज रविवार को कार में सवार होकर संभल जोया मार्ग पर जा रहा था। असमोली थाना क्षेत्र में गांव मनोटा पुल पर लगे बैरियर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार त्रिपाठी लोकसभा चुनाव को लेकर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। मोहम्मद शाहनवाज से कार रुकवाकर चेक किया तो कार में रखी एक लाख रुपये की नकदी बरामद हुई। रुपये लेकर जाने के बारे में मांगे स्टेटिक मजिस्ट्रेट ने साक्ष्य मांगे। लेकिन शाहनवाज को कोई साक्ष्य नहीं दिखा सका। जिसके बाद कार से बरामद हुई नकदी को कोषागार में जमा कराया गया।

### तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सिसौना निवासी राजेंद्र रविवार को गांव के पास स्थित पुलिया के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राजेंद्र से यहां खड़े होने के बारे में पूछताछ की, लेकिन राजेंद्र पुलिस को पुलिया के पास खड़े होने की साफ साफ वजह नहीं बता सका। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया।

## जनपद की चार विधानसभाओं में बने 1648 बूथों पर मतदान के लिए तैयारियां पूरी

# मतदान कराने आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां

संवाददाता,बहजोई/संभल

अमृत विचार:लोकसभा चुनाव के लिए मतदान कराए जाने के लिए आज पोलिंग पार्टियां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना होंगी। इसके लिए दिनभर नवीन पुलिस लाइन के ग्राउंड में तैयारी का दौर चलता रहा। देर शाम तक कर्मचारी तैयारी को अंतिम रूप दे रहे थे। जिला प्रशासन ने पोलिंग पार्टी रवाना करने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण होने का दावा किया।

लोकसभा संभल की विधानसभा चंदौसी, असमोली, संभल,बिलारी आंशिक तथा बदायूं लोकसभा की गुन्नौर विधानसभा में चुनाव कराए जाने को लेकर बहजोई राजपुर मार्ग स्थित नवीन पुलिस लाइन ग्राउंड से 1648 पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी।

इसके लिए ग्राउंड पर दिनभर तैयारी का दौर जारी रहा। कर्मचारी जहां अलग-अलग विधानसभा वार टेंट लगा रहे थे तो वहीं दूसरी ओर ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व पानी से बचाने के लिए वाटरप्रूफ टेंट लगाया गया। पूरे ग्राउंड में बैरिकेडिंग की गई है। जिससे अलग-अलग विधानसभाओं की पोलिंग पार्टियों अपने ही पंडाल में बैठकर आराम से चुनाव सामग्री प्राप्त करें।

उसके बाद वह यहां से रवाना देर शाम तक तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा था। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल ने दावा किया कि पोलिंग पार्टियां रवाना होने को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

### विधानसभा वार बने टेंट, पास में ही पार्किंग व्यवस्था

बहजोई, अमृत विचार : जहां नवीन पुलिस लाइन के ग्राउंड में सबसे पहले असमोली विधानसभा का पंडाल बनाया गया है। उसके बाद संभल फिर चंदौसी और बाद में गुन्नौर का बनाया गया है। पोलिंग पार्टियों को वहां के लिए कोई समस्या न आए इसको लेकर विधानसभा वार बने पंडाल के पीछे ही उनके लिए वाहन पार्किंग की व्यवस्था की है। अपने पंडाल से निकलकर सीधे वह वाहनों में रवाना होंगे। मतदान सामग्री प्राप्त करने के लिए भी अलग-अलग काउंटर मतदान कार्मिकों को बनाए गए हैं।

### सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम

बहजोई, अमृत विचार : नवीन पुलिस लाइन के ग्राउंड से पोलिंग पार्टी रवाना होंगी। जहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जहां चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है। तो वही ऐसी व्यवस्था की गई है। जहां पर पोलिंग पार्टियों को आने-जाने में किसी प्रकार की समस्या न आए। यातायात प्रभारी अनुज कुमार मलिक को निर्देश दिए गए हैं कि वह पोलिंग पार्टी रवाना होते समय ऐसी व्यवस्था बनाएं जिससे किसी प्रकार जाम की व्यवस्था न हो।

### 50 प्रतिशत बूथों पर रहेगी वेब कास्टिंग की व्यवस्था

बहजोई, अमृत विचार : एडीएम प्रदीप वर्मा ने बताया कि मतदान को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर क्रिटिकल बर्नेबल बूथ चिन्हित किए गए हैं। जिन पर वीडियोग्राफी की जाएगी। वहीं बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। 50 प्रतिशत ऐसे बूथ हैं जिन पर वेव कास्टिंग की जाएगी। जिसकी लाइव कवरेज की जाएगी।

### विधानसभा वार ये पोलिंग पार्टियां होंगी रवाना

| विधानसभा | बूथ व पोलिंग पार्टी |
|---|---|
| संभल | 372 |
| चंदौसी | 390 |
| गुन्नौर | 436 |
| असमोली | 388 |
| बिलारी आंशिक | 62 |
| कुल संख्या | 1648 |

# निष्पक्षता से मतदान करायें पुलिसकर्मी: एसपी

संवाददाता,बहजोई(संभल)


पुलिस कर्मियों से मुखातिब एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

अमृत विचार: शांतिपूर्ण निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने को लेकर रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस ब्रीफिंग की गई। चुनाव प्रेक्षक व एसपी ने मतदान ड्यूटी में लगने वाले पुलिस कर्मियों व केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों को निष्पक्ष रहते व निष्पक्ष दिखते हुए चुनाव कराए जाने के निर्देश दिए।

एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने मौजूद पुलिसकर्मियों व केंद्रीय पुलिस बल के जवानों को निर्देश देते हुए कहा कि हमें निष्पक्ष व शांतिपूर्ण पारदर्शी चुनाव करना है। अपने कर्तव्य को ईमानदारी के साथ निर्वहन करना है, यह हमारी प्राथमिकता रहेगी। निर्वाचन आयोग ने जो भी निर्देश दिए हैं उनका हमें पालन करना है। निष्पक्ष होने के साथ-साथ निष्पक्ष दिखने का भी काम करना है। हमें इस तरीके से मतदान केंद्र पर तैनात रहना है जिससे हमारी निष्पक्षता पर कोई सवालिया निशान न उठा सके। चुनाव पुलिस प्रेक्षक अशोक कुमार प्रसाद ने कहा कि सभी इस बात का ध्यान रखेंगे जो हमें नियमों को बताया गया है उसी के हिसाब से कार्य करें। इस दौरान एएसपी अनुकृति शर्मा, एएसपी श्रीश्चंद्र, सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी, सीओ लाइन गणेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### 100 मीटर दूर रहेंगे वाहन, 200 मीटर पर लगेंगे कैंप

बहजोई, अमृत विचार : एसपी ने बताया कि आयोग के नियमों के अनुसार मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में प्रतिबंधित गतिविधि नहीं होने दी जाएगी। कोई भी पुलिसकर्मी मतदान केंद्र के अंदर नहीं जा सकेगा। मतदाता के अलावा अधिकृत प्राधिकारी या प्रत्याशी के अलावा अधिकारी के बगैर अनुमति के कोई अंदर नहीं जा सकेगा। 100 मीटर के बाहर ही वाहन रहेंगे। 200 मीटर के बाहर प्रत्याशियों के शिविर लगाए जाएंगे।

### 17 कंपनी अर्धसैनिक बल व दो प्लाटून पीएससी रहेगी तैनात

बहजोई, अमृत विचार : अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि 17 कंपनी केंद्रीय पुलिस बल की तैनात रहेगी जिन्हें अलग-अलग स्थान पर तैनात किया गया है। इसके अलावा दो प्लाटून पीएसी रहेगी। बाहरी जनपदों से 3500 पुलिसकर्मी चुनाव करने के लिए ड्यूटी पर आए हैं। जिन्हें ब्रीफ कर दिया गया। जिले के लगभग 1500 पुलिसकर्मियों को पहले से ही दिशा निर्देश दिए जा चुके हैं।

# चुनाव प्रचार थमते ही सील की गईं जनपद की सीमाएं

## जिले में प्रवेश करने वाले वाहनों की हो रही सघन चेकिंग

कार्यालय संवाददाता, संभल


असमोली में जनपद की सीमा पर वाहनों को चेक करती पुलिस। ● अमृत विचार

- चुनाव में गड़बड़ी के अंदेशे के चलते प्रशासन बरत रहा सख्ती

अमृत विचार :लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को शाम जैसे ही चुनाव प्रचार थमा तो जिले की सीमाएं सील कर दी गईं। पुलिस और उड़नदस्ता टीमों ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। गड़बड़ी के अंदेशे को लेकर जिले में अवांछित तत्वों का प्रवेश रोकने को लेकर पुलिस ने वाहनों को चेक किया।

संभल में कल मंगलवार 7 मई को मतदान होना है। जिला प्रशासन का उद्देश्य शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराना है। इसलिए गड़बड़ी के अंदेशे को लेकर रविवार को और ज्यादा निगरानी की गई। जैसे ही शाम को चुनाव प्रचार थमा तो जिले की सीमाओं को सील कर दिया गया। वहां पुलिस ने बैरियर लगाकर वाहनों की सघन चेकिंग की। कहीं कोई अवांछित तत्व जिले में प्रवेश न कर जाए, इसे लेकर घंटों तक वाहनों की चेकिंग करते हुए जिले में प्रवेश करने वाले लोगों से गहन पूछताछ भी की गई। असमोली क्षेत्र में गांव मालपुर, अहरौला माफी, मातीपुर पर थाना प्रभारी हरीश कुमार ने चेकिंग अभियान चला। जुनावई क्षेत्र में बैरपुर पुलिस चौकी पर बैरियर लगाकर चेकिंग की गई। गुन्नौर क्षेत्र में भी सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

### महिला शक्ति ने बाल श्रम विरोधी पंफलेट लगाए

चन्दौसी, अमृत विचार: जायंट्स ग्रुप महिला शक्ति की ओर से रविवार को बिसौली गेट स्थित रामकृष्ण धर्मशाला में बाल श्रम विरोधी आंदोलन के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया। शहर में जगह-जगह बाल श्रम विरोधी अभियान के तहत पंफलेट लगाए तथा नारे लगाए। सभी नगर वासियों से अनुरोध किया कि किसी भी 15 साल से कम आयु के बच्चों को श्रमिक न बनाएं। उन्हें एक अच्छा नागरिक बनाने में मदद करें। उनका बचपन, खेलकूद, शिक्षा का अधिकार छीनकर उन्हें काम पर ना लगाएं। शारीरिक मानसिक रूप से प्रताड़ित कर कम पैसे देकर उनसे काम न करवाएं। बाल श्रम पूर्ण रूप से गैरकानूनी है।

इस अवसर अध्यक्ष इंदु अग्रवाल, अनुराधा गुप्ता, मृदुल अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, उषा, अनु रस्तोगी, रानी अग्रवाल, कविता बच्चन, उषा अग्रवाल, शैलेश, पारुल, रश्मि जैन, रेखा रस्तोगी आदि रहीं।

# चुनाव प्रचार के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने झोंकी ताकत

कार्यालय संवाददाता, संभल

- नुक्कड़ सभा, डोर टू डोर संपर्क करने में बिताया दिन
- फिर भी कई क्षेत्र ऐसे रह गए जहां प्रत्याशी नहीं पहुंच सके

अमृत विचार :लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने के बाद से कई प्रत्याशियों ने क्षेत्र में जाकर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास किया। कई वादे करते हुए उनके सुख दुख में साथ खड़े होने की बात कही। फिर भी कई क्षेत्र ऐसे रह गए जहां तक प्रत्याशी नहीं पहुंच सके तो चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी रविवार को उम्मीदवारों ने खूब पसीना बहाया।

संभल लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों ने रविवार को सुबह से ही उन मतदाताओं से संपर्क करने के लिए दौड़ भाग की जिनके पास अभी तक नहीं पहुंच सके थे। किसी प्रत्याशी ने क्षेत्र में नुक्कड़ सभा की तो किसी ने डोर टू डोर संपर्क करके मतदाताओं के सामने हाथ जोड़कर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रत्याशियों ने मतदाताओं को भरोसा दिलाया कि इस बार अपने वोट की आहुति देकर उन्हें जिताने का काम किया जाए।

अगर जनप्रतिनिधि बना दिया तो क्षेत्र में न सिर्फ विकास कराया जाएगा बल्कि लोगों की समस्याओं का समाधान कराते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करेंगे। हालांकि सुबह से ही चिलचिलाती धूप रही लेकिन प्रत्याशी पसीना बहाते रहे। जनसंपर्क करने के दौरान प्रत्याशियों के रहे समर्थक भी उत्साहित नजर आए। शाम होते ही चुनाव प्रचार थम जाने पर मतदान को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गईं।

## सार-संक्षेप

### एसपी ने अर्धसैनिक बल के साथ किया पैदल मार्च

संभल, अमृत विचार :रविवार देर शाम एसपी ने भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल के साथ पैदल मार्च किया। उन्होंने लोगों को सुरक्षा का अहसास कराते हुए लोकतंत्र के महापर्व में बढ़चढ़ कर मतदान करने की अपील की। लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक, निष्पक्ष और सुरक्षा के माहौल में संपन्न कराने के लिए तैयारी की गई हैं। शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से शुरू हुआ पैदल मार्च अस्पताल चौराहा, एजेंटी तिराहा, मैंथा मंडी, नखासा घास मंडी, पक्का बाग, दीपा सराय चौक, अंजुमन, नखासा चौराहा, ठेर होते हुए वापस शंकर इंटर कॉलेज चौराहा पर समाप्त हुआ। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्रीश चंद्र, पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार आदि मौजूद रहे।


मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते भूमानंद सेवा ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### सजा दो घर को गुलशन सा, अवध में राम आए हैं...

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से सीएचसी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम डॉ. वाईपी जोशी ने सभी देवी-देवताओं का विधि विधान से पूजन कराया। इसके पश्चात केजी शर्मा, राजेश शंखधार, जेएन मिश्रा, वाईके शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने मेरी झोपड़ी के भाग्य आज जाग जाएंगे, राम आयेंगे, सुरेश चंद्र शर्मा ने सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं आदि भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान सच्चिदानंद शर्मा, ब्रजेंद्र शर्मा, गोविंद वार्ष्णेय, गोविंद वार्ष्णेय, आलोक दत्त दुबे, कपिल शर्मा, पीएन शर्मा, रामकुमार शर्मा, प्रवीण मोहन तिवारी, अमित शर्मा, सुमित पाराशरी, सूरज पाराशरी आदि मौजूद रहे।

# ससुराल से घर जाने को निकले युवक की बाइक व कपड़े मिले

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़

- तीन दिन पहले पत्नी को बुलाने ससुराल आया था युवक

"गांव नगला पूर्वा के पास जंगल में नदी के पास बाइक व कपड़े बरामद हुए हैं। थाना बहजोई का युवक अपनी ससुराल आया था। पत्नी-पति के बीच विवाद होना बताया जा रहा है। युवक की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। -संदीप बालियान, प्रभारी, थाना कुढ़फतेहगढ़

अमृत विचार: कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र गांव नगला पूर्वा में आए दामाद की बाइक व कपड़े रविवार की सुबह ससुराल से एक किलोमीटर दूर आरिल नदी के पास मिले। मायके वालों की ओर से थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई है। युवक अपनी पत्नी को लेने ससुराल आया था।

थाना बहजोई के गांव मिर्जापुर निवासी आरिफ 28 वर्ष पुत्र नसरुद्दीन की शादी कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव नगला पूर्वा निवासी अफसाना से हुई है। आरिफ की पत्नी अफसाना मंगलवार को अपने मायके आई थी। शुक्रवार को आरिफ पत्नी को बुलाने बाइक से ससुराल आया था। मगर पत्नी ने जाने से इनकार कर दिया, तो आरिफ शनिवार की शाम पांच बजे घर जाने के लिए बाइक से निकला। रविवार की सुबह आठ बजे आरिल नदी के पास बाइक, कपड़े, जूते व मोबाइल मिला। जानकारी होने पर आरिफ के ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और सामान अपने दामाद आरिफ का बताया। घटना की सूचना मिलने पर युवक के घर वाले भी थाने पहुंच गए। बताया जाता है कि दंपती के बीच विवाद चल रहा था। जिस कारण महिला अपने पति के साथ ससुराल नहीं गई। जबकि ससुराल वालों ने बताया कि अफसाना ने खुद ही आरिफ को बुलाया था।


स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान की शपथ दिलाते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


बैठक करते हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य कर्मियों व तीमारदारों को मतदान की दिलाई शपथ

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद प्रीतिलता वादेदार की जयंती मनाई

अमृत विचार: महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत ने संयुक्त रुप से सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में मतदाता जागरुकता अभियान एवं स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद प्रीतिलता वादेदार की जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्वास्थ्य कर्मियों व तीमारदारों को सात मई के दिन मतदान करने व परिचितों और पड़ोसियों को मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। सर्वप्रथम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने प्रीतिलता वादेदार के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ किया। कहा कि स्वंतत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद प्रीतिलता वादेदार का जन्म पांच मई 1911 को चटगांव (अब बांग्लादेश में है) में हुआ था। वह पहली महिला क्रांतिकारी थीं। अंग्रेजो के हाथ न आने के लिए अपने पास पोटेशियम साइनाइड रखती थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महेश कुमार गुप्ता व संचालन डॉ. अरविन्द कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर डॉ. नितिन कौशिक, डॉ. निशा गुप्ता, अंकित वार्ष्णेय, पंकज वार्ष्णेय, राहुल सिंह, सीता कश्यप, अवधेश कुमार, रवि, सोनू, आदि मौजूद रहे।

### मजबूत सरकार के लिए मतदान करना आवश्यक

चन्दौसी, अमृत विचार : अखिल भारतीय हिंदू पर्सनल लॉ बोर्ड की ओर से कैथल गेट स्थित बारह सैनी धर्मशाला में मतदाता जागरूकता विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। साथ ही लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता व जिलाध्यक्ष विवेक कुमार चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान करना आवश्यक है। देश की उन्नति, विकास व सुरक्षा के लिए एक मजबूत सरकार का गठन जरूरी है। जिसके लिए वोट डालना जरूरी है। इस दौरान डॉ. डीके अग्निहोत्री, प्रशांत गुप्ता, विनय अग्रवाल, ब्रज गोपाल गुप्ता, हरीश कठेरिया तुलसी दास आदि मौजूद रहे।


चन्दौसी में हज यात्रियों को प्रशिक्षण देते ट्रेनर। ● अमृत विचार

### हज को जाने वाले यात्रियों को दिया प्रशिक्षण

चन्दौसी, अमृत विचार : हज 2024 को जाने वाले चयनित यात्रियों का ट्रेनिंग कैंप रविवार को स्कूल वाली मस्जिद एफआर रोड पर सुबह आठ बजे आयोजित किया गया। जिसमें यात्रियों को हिंदुस्तान की गाइडलाइन अनुसार किस तरीके से सफर करना है तथा मक्का और मदीना में कहां-कहां ठहरना है साथ ही वापसी किस तरीके से करनी है, आदि बताया गया। इसके अलावा हज के अरकान किस तरीके से पूरे किए जाते हैं। मक्का, मदीना व अरफात मुजदल्फा मीना में किस तरह से हज के अरकान पूरे करने हैं। इसकी बारीकी से ट्रेनिंग मौलाना अब्दुल जलील ने दी। यात्रियों के समस्त कागजातों को जिला हज ट्रेनर अब्दुल खालिक ने पूरा किया। अंत में मौलाना अब्दुल जलील ने मुल्क कौम और पूरे आलम के लिए अमनो अमन की दुआ कराई। इस अवसर पर हाजी शाह आलम मंसूरी, अब्दुल वहाब गार्ड साहब, मुफ्ती ओवैस, मास्टर तारीक, अफजाल आलम, हाफिज अजीम, फैजान अहमद आदि का योगदान रहा।

## मेडिकल प्रवेश परीक्षा | जीके सिल्वर स्टोन स्कूल व न्यू सत्यम एकेडमी में हुई परीक्षा

# 670 परीक्षार्थियों ने दी नीट परीक्षा, 26 ने छोड़ी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


चन्दौसी के न्यू सत्यम एकेडमी में नीट परीक्षा देने के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी।

अमृत विचार: रविवार को जनपद में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट की परीक्षा संपन्न हुई। चन्दौसी में कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच दो परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। दोनों परीक्षा केंद्रों पर पंजीकृत 696 परीक्षार्थियों में से कुल 670 ने परीक्षा दी। जबकि 26 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी और अनुपस्थित रहे।

चन्दौसी में कुल दो परीक्षा केंद्र बनाए गए। जिनमें जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल गणेश मेला ग्राउंड और कैथल गेट स्थित न्यू सत्यम एकेडमी में नीट परीक्षा हुई। परीक्षा दोपहर दो बजे से आरंभ हुई। परीक्षा देने के लिए आसपास जनपद बदायूं आदि क्षेत्र के परीक्षार्थी दोपहर साढ़े 12 बजे ही परीक्षा केंद्र के बाहर जुटने शुरु हो गए। दोपहर एक बजे से पुलिस की मौजूदगी में परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई। शाम 5.20 बजे परीक्षा समाप्त हुई तो परीक्षार्थियों के चेहरे खिले नजर आए। जीके सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पंजीकृत 384 परीक्षार्थियों में से 375 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 09 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी क्रम में न्यू सत्यम एकेडमी में पंजीकृत 312 परीक्षार्थियों में से 295 ने ही परीक्षा दी। जबकि 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### बोले परीक्षार्थी



"मैंने दूसरी बार नीट की परीक्षा दी है। पिछली परीक्षा के मुकाबले इस बार प्रश्न पत्र सही आया था। परीक्षा में नया टॉपिक एड शामिल किया गया है। जिसके प्रश्न सभी हल कर दिए गए। कुल मिला कर पेपर बढ़िया रहा।

-प्रखर शर्मा, परीक्षार्थी, गांव करियामई, बदायूं।



"मैंने भी दूसरी बार नीट की परीक्षा दी है। इस बार पेपर काफी आसान आया था। सभी प्रश्नों के उत्तर दे दिए गए। इस बार उम्मीद है कि सफलता मिलेगी। कुल मिला कर पेपर आसान रहा।

-विश्वजीत परीक्षार्थी, गांव देहगवां,बदायूं

# कुत्ते और बंदर राह चलते लोगों पर कर रहे हमला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- सीएचसी में रोजाना रैबीज का टीका लगवाने आ रहे 80 से 90 मरीज


मंडी समिति में पेड़ के नीचे बैठे बंदर।

अमृत विचार: भीषण गर्मी व पर्याप्त भोजन नहीं मिलने से कुत्ते व बंदर खूंखार होते जा रहे हैं। जिससे ये राह चलते लोगों को निशाना बनाने से नहीं चूक रहे हैं। गलियों व मोहल्लों में इनकी दहशत के चलते बच्चों व महिलाओं का निकलना दूभर है। सीएचसी में रोजाना 80 से 90 मरीज एंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं।

शहर सहित देहात क्षेत्रों में कुत्तों व बंदरों की संख्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है। जिससे गली-मोहल्लों की सड़कों पर बंदर व कुत्तों के झुंड घूमते रहते हैं। जबकि भीषण गर्मी होने से यह चिड़चिड़े हो गए हैं। बंदरों ने भी धूप व गर्मी से बचने के लिए गलियों में शरण लेनी शुरू कर दी है। इन्हें पर्याप्त भोजन नहीं मिलने के कारण बंदर राह चलते बच्चे व महिलाओं के हाथों से सामान छीन रहे हैं। साथ ही उन्हें जख्मी करने से भी नहीं चूक रहे हैं। आलम यह है कि गलियों में बंदरों का झुंड एक साथ घूमता रहता है। जिससे के कारण गली का आवागमन बंद हो जाता है। शाम के समय बच्चों ने गलियों व अपने मकानों की छत पर खेलना भी छोड़ दिया है। इनके हमलों से घायल लोग रोजाना सीएचसी में 80 से 90 लोग ऐंटी रैबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। इनमें बच्चों व महिलाओं की संख्या अधिक है।

### शादी के 10 माह बाद युवक ने फंदा लगाकर दी जान

सहसवान (बदायूं), अमृत विचार : घर पर कहासुनी होने के बाद एक युवक ने पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने किसी के खिलाफ भी तहरीर नहीं दी है। रविवार दोपहर सहसवान क्षेत्र के गांव भमोरी निवासी ग्रामीणों ने खेत में खड़े पेड़ पर युवक का शव फंदे पर लटका देखा। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की शिनाख्त थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव कांकसी निवासी बबलू पुत्र सुरेश के रूप में हुई। पुलिस के बताने पर युवक के परिजन मौके पर आ गए। परिजनों ने बताया कि बबलू की शादी तकरीबन 10 महीने पहले जिला संभल के थाना गुन्नौर क्षेत्र के गांव दबतरा निवासी गुड़िया से हुई थी। गुड़िया कई दिनों से बीमार चल रही है। निजी चिकित्सक से उसका इलाज चल रहा है। रविवार को परिवार में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद बबलू घर से चले गए थे। दोपहर में पेड़ पर शव लटका मिला। सहसवान के प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। किसी की ओर से भी तहरीर नहीं मिली है।

### राहुल डर की वजह से अमेठी छोड़कर भागे : आचार्य प्रमोद



संभल] कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा है कि अमेठी छोड़ने के राहुल गांधी के फैसले से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में गलत संदेश गया है। वहीं सामाजिक संदेश भी यही है कि राहुल गांधी डर की वजह से अमेठी छोड़कर भाग गये।पत्रकारों से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि चुनाव हारने के डर से अपनी पारिवारिक सीट छोड़ देना ठीक नहीं। संजय गांधी, इंदिरा गांधी भी चुनाव हारे लेकिन उन्होंने अपनी सीट नहीं छोड़ी। इस तरह मैदान छोड़कर सीट बदल लेना राहुल गांधी को शोभा नहीं देता। आचार्य प्रमोद ने कहा कि राहुल गांधी जब 2019 में अमेठी से चुनाव लड़े थे तब वह कांग्रेस के टिकट पर राजनाथ सिंह के सामने लखनऊ सीट से चुनाव मैदान में थे। इस समय हालात यह बदले हैं कि भले ही सपा व कांग्रेस मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन बसपा का वोट उनके साथ नहीं है। ऐसे में अमेठी से राहूल गांधी की हार तय थी तो वह अब रायबरेली भी हार रहे हैं।

अनर्थकं विप्रवासं गृहेभ्य : पापै : सन्धि परदाराभिमर्शम्।
दम्भं स्तैन्य पैशुन्यं मद्यपानं न सेवते यश्च सुखी सदैव ॥

जो व्यक्ति अकारण घर के बाहर नहीं रहता, बुरे लोगों की सोहबत से बचता है, परस्त्री से संबध नहीं रखता, चोरी, चुगली, पाखंड और नशा नहीं करता– वह सदा सुखी रहता है।

## संपादकीय

# पीओके पर दावा

पाकिस्तान लगातार भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। शनिवार की शाम जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमला इस वर्ष की पहली बड़ी आतंकवादी घटना में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ-साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान को सीमा पार आतंकवाद को रोकना होगा। भारत का कहना है कि वह पाकिस्तान के साथ पड़ोसी देशों की तरह सामान्य संबंध रखना चाहता है लेकिन इसके लिए आतंकवाद और शत्रुता से मुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी पाकिस्तान पर है। इस बीच कटक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत का अहम हिस्सा है, जिसे भुला दिया गया था, लेकिन अब फिर से लोगों की चेतना में आ गया है। पीओके कभी भी देश से बाहर नहीं रहा है। यह देश का हिस्सा था और हमेशा रहेगा। पीओके पूरी तरह से भारत का हिस्सा है, किसी अन्य का नियंत्रण कैसे हो सकता है।

गौरतलब है कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। पाकिस्तान ने कश्मीर के एक हिस्से पर कब्जा कर रखा है। इसे पीओके कहा जाता है। पाकिस्तान के लोग पीओके को 'आजाद कश्मीर' कहते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा है कि भारत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि इसके लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे। पीओके हमारा थाहै और हमारा रहेगा। जम्मू-कश्मीर के इस हिस्से पर अवैध कब्जा करने के बाद से पाकिस्तान लगातार वहां के लोगों का दमन कर रहा है। पीओके में कोई मानवाधिकार नहीं है। इसकी पुष्टि कई मानवाधिकार संगठनों ने भी की है, जबकि यहां जम्मू-कश्मीर में आरंभ से संवैधानिक व्यवस्था और कुछ अपवादों को छोड़कर लगातार लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकारें रही हैं। आतंकवाद को बढ़ावा देने के साथ पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारतीय कश्मीर में मानवाधिकारों के कथित उल्लंघनों का मुद्दा उठाने की कोशिश करता रहा है। ऐसे में आवश्यकता है कि पीओके के लोगों के अधिकारों के पक्ष में भारत सशक्त अंतर्राष्ट्रीय अभियान चलाए। वैसे ये मुद्दा भारत बनाम पाक का नहीं, बल्कि मूलभूत मानव अधिकारों का है, जिन्हें सुनिश्चित करना संयुक्त राष्ट्र का दायित्व है।

# आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचार की धुरी



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलतः मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं।

राजनीति में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन साहित्य में यह कभी मुद्दा ही नहीं रहा। यहां तक संपूर्ण क्रांति आंदोलन के समय नागार्जुन ने भ्रष्टाचार पर नहीं संपूर्ण क्रांति पर लिखा, इंदिरा गांधी पर लिखा। जबकि यह आंदोलन भ्रष्टाचार के खिलाफ था। क्या वजह है लेखकों को भ्रष्टाचार विषय नहीं लगता। साहित्य में भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति इस बात का संकेत है कि लेखक इसे मसला नहीं मानते। साहित्य में मूल्य, नैतिकता, परिवार और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर खूब लिखा गया है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर नहीं लिखा गया है। आर्थिक भ्रष्टाचार सभी किस्म के भ्रष्टाचरण की धुरी है। यह प्रतिवाद को खत्म करता है। उत्तर आधुनिक अवस्था का यह प्रधान लक्षण है। इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। इसके साथ नेताओं में संपदा संचय की प्रवृत्ति बढ़ी है।

फ्रेडरिक जेम्सन के शब्दों में यह 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है। अस्सी के दशक से सारी दुनिया में सत्ताधारी वर्गों और उनसे जुड़े शासकों में पूंजी एकत्रित करने, येन-केन प्रकारेण दौलत जमा करने की लालसा देखी गई। इसे सारी दुनिया में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार कहा जाता है और देखते ही देखते सारी दुनिया उसकी चपेट में आ गई। आज व्यवस्थागत भ्रष्टाचार सारी दुनिया में सबसे बड़ी समस्या है। पश्चिम वाले जिसे रीगनवाद, थैचरवाद आदि के नाम से सुशोभित करते हैं। यह मूलतः 'आधुनिकीकरण की छल योजना' है, इसकी धुरी है व्यवस्थागत भ्रष्टाचार। रीगनवाद-थैचरवाद को हम नव्य आर्थिक उदारतावाद के नाम से जानते हैं। भारत में इसके जनक हैं नरसिंहा राव। भ्रष्टाचार को राजनीतिक मसला बनाने से हमेशा फासीवादी ताकतों को लाभ मिला है। यही वजह है लेखकों ने आर्थिक भ्रष्टाचार को कभी साहित्य में नहीं उठाया। भ्रष्टाचार वस्तुतः नव्य उदार आर्थिक नीतियों से जुड़ा है। आप भ्रष्टाचार को परास्त तब तक नहीं कर सकते जब तक नव्य उदार नीतियों का कोई विकल्प सामने नहीं आता। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन प्रतीकात्मक प्रतिवादी आंदोलन रहे हैं। इन आंदोलनों को सेलिब्रिटी प्रतीक पुरुष चलाते रहे हैं। ये मूलतः मीडिया इवेंट हैं। ये जनांदोलन नहीं हैं। प्रतीक पुरुष इसमें प्रमुख होता है। जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन से लेकर अन्ना हजारे के जन लोकपाल बिल आंदोलन तक इसे साफ तौर पर देख सकते हैं। ये मीडिया पुरुष हैं। इवेंट पुरूष हैं। इनकी अपनी वर्गीय सीमाएं हैं और वर्गीय भूमिकाएं हैं। प्रतीक पुरुषों के संघर्ष सत्ता संबोधित होते हैं जनता उनमें दर्शक होती है। टेलीविजन क्रांति के बाद पैदा हुई मीडिया आंदोलनकारियों की इस विशाल पीढ़ी का योगदान है कि इसने जन समस्याओं को मीडिया टॉक शो की समस्याएं बनाया है। अब जनता की समस्याएं जनता में कम टीवी टॉक शो में ज्यादा देखी-सुनी जाती हैं। इनमें जनता दर्शक होती है। इन प्रतीक पुरुषों के पीछे कारपोरेट मीडिया का पूरा नैतिक समर्थन है।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं, जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं, इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ।

उल्लेखनीय है कि भारत को महमूद गजनवी ने जितना लूटा था उससे सैंकड़ों गुना ज्यादा की लूट नेताओं की मिलीभगत से हुई है। नव्य उदार नीतियों का इस लूट से गहरा संबंध है। चीन और रूस में इसका असर हुआ है। चीन में अरबपतियों में ज्यादातर वे हैं, जो पार्टी मेम्बर हैं या हमदर्द हैं, इनके रिश्तेदार सत्ता में सर्वोच्च पदों पर बैठे हैं। यही हाल सोवियत संघ का हुआ। भारत में नव्य उदारतावादी नीतियां लागू किए जाने के बाद नेताओं की सकल संपत्ति में तेजी से वृद्धि हुई है। सोवियत संघ में सीधे पार्टी नेताओं ने सरकारी संपत्ति की लूट की और रातों-रात अरबपति बन गए। सरकारी संसाधनों को अपने नाम करा लिया। यही फिनोमिना चीन में भी देखा गया। उत्तर आधुनिकतावाद पर जो फिदा हैं वे नहीं जानते कि वे व्यवस्थागत भ्रष्टाचार और नेताओं के द्वारा मचाई जा रही लूट में वे मददगार बन रहे हैं। मसलन गोर्बाचोव के नाम से जो संस्थान चलता है, उसे अरबों-खरबों के फंड देकर गोर्बाचोव को रातों-रात अरबपति बना दिया गया। ये जनाब पैरेस्त्रोइका के कर्णधार थे।

रीगन से लेकर क्लिंटन तक और गोर्बाचोव से लेकर चीनी राष्ट्रपति के दामाद तक पैदा हुई अरबपतियों की पीढ़ी की तुलना जरा हमारे देश के सांसदों-विधायकों की संपदा से करें। भारत में सांसदों-विधायकों के पास नव्य आर्थिक उदारतावाद के जमाने में जितनी तेजगति से व्यक्तिगत संपत्ति जमा हुई है वैसी पहले कभी जमा नहीं हुई थी। अरबपतियों-करोड़पतियों का बिहार की विधानसभा से लेकर लोकसभा तक जमघट लगा हुआ है। केन्द्रीय मंत्रियों से लेकर मुख्यमंत्रियों तक सबकी दौलत दिन-दूनी रात चौगुनी बढ़ी है। नेताओं के पास यह दौलत किसी कारोबार के जरिए कमाकर जमा नहीं हुई है, बल्कि यह अनुत्पादक संपदा है, जो विभिन्न किस्म के व्यवस्थागत भ्रष्टाचार के जरिए जमा हुई है। अमेरिका में भयानक आर्थिक मंदी के बावजूद नेताओं की परिसंपत्तियों में कोई गिरावट नहीं आई है। कारपोरेट मुनाफों में गिरावट नहीं आई है। भारत में भी यही हाल है।

इसी संदर्भ में फ्रेडरिक जेम्सन ने मौजूदा दौर में मार्क्सवाद की चौथी थीसिस में लिखा है इस संरचनात्मक भ्रष्टाचार का नैतिक मूल्यों के संदर्भ में कार्य-कारण संबंध के रूप में व्याख्या करना भ्रामक होगा, क्योंकि यह समाज के शीर्ष वर्गों में अनुत्पादक ढंग से धन संग्रह की बिल्कुल भौतिक सामाजिक प्रक्रिया में उत्पन्न होती है। इस बात पर बल देना अनिवार्य है कि कार्य-कुशलता, उत्पादकता और वित्तीय संपन्नता जैसे संवर्ग तुलनात्मक हैं। अभिप्राय यह है कि उनके परिणामों की भूमिका उस क्षेत्र में आती है जिसमें अनेक असमान परिघटनाएं प्रतिस्पर्धा कर रही हों। अधिक कार्यकुशल और उत्पादक तकनीक पुरानी मशीनरी और पुराने संयंत्र को तभी विस्थापित करती हैं, जब पुरानी मशीनरी और संयंत्र अधिक कार्यकुशल तथा आधुनिक तकनीकी के कार्यक्षेत्र में प्रवेश करते हैं और उनके साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। इसी बात को सोवियत संघ के संदर्भ में आगे बढ़ाते हुए जेम्सन ने लिखा सोवियत संघ अकुशल हो गया और जब इसने अपने को 'विश्व-तंत्र' के साथ एकीकृत करने का प्रयास किया, तो यह विघटित हो गया, क्योंकि विश्व-तंत्र आधुनिकता से उत्तर आधुनिकता की ओर अग्रसर था। यह एक ऐसा तंत्र था, जो संचालन के नए नियमों के हिसाब से उत्पादकता की अतुलनीय द्रुत गति से दौड़ रहा था। वहीं सोवियत संघ में ऐसा कुछ भी नहीं था जिसकी इससे तुलना की जा सके। सांस्कृतिक अभिप्रेरकों (उपभोक्तावाद, नई सूचना प्रौद्योगिकी आदि) द्वारा प्रेरित, सुविचारित सामरिक-तकनीकी प्रतिस्पर्धा में आकृष्ट होकर, ऋण तथा तीव्र होते वाणिज्यिक सह-अस्तित्व के रूपों के प्रलोभन में आकर रूस एक ऐसे तत्व में प्रवेश कर गया, जहां इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। यह दावा किया जा सकता है कि सोवियत संघ और इसके अनुषंगी देश, जो अब तक अपने ही विशिष्ट दबाव क्षेत्र में अलग-अलग थे मानो किसी विचारधारात्मक सामाजिक, आर्थिक, भूगणितीय उभार (गुंबज) के नीचे दबे हों, इसने अविवेकपूर्ण ढंग से बिना अंतरिक्ष-पोशाक तैयार किए ही वायुबंध खोलना आरंभ कर दिया और इस प्रकार स्वयं को और अपने संस्थानों को बाह्य विश्व के तीव्र और अपरिमेय दबाव के हवाले कर दिया। इसके परिणाम की तुलना हम प्रथम परमाणु बम के विस्फोट से हुई उन तुच्छ ढांचों की हालत से कर सकते हैं, जो इस बम विस्फोट के स्थल के सबसे नजदीक थे या फिर उन असुरक्षित जीवों की हालत से कर सकते हैं, जो समुद्र तल पर उपस्थित थे जब जल में उत्पन्न विकृत दबाव का भार उन पर पड़ा होगा, खासकर जब यह दबाव से ऊपर की ओर उठ रहा होगा। यह परिणाम वॉलरस्टीन की दूरदर्शितापूर्ण चेतावनी की पुष्टि करता है। उन्होंने कहा था कि सोवियत ब्लॉक ने अपनी महत्ता के बावजूद पूंजीवादी तंत्र के विकल्प के रूप में किसी तंत्र का निर्माण नहीं किया, बल्कि इसके भीतर एक तंत्र-विरोधी क्षेत्र या स्थान बनाया, जो अब स्पष्टतया समाप्त हो गया है। यदि शेष कुछ बचे हैं तो वे कुछ पॉकेट्स हैं जिनमें आज भी विविध समाजवादी प्रयोग किए जा रहे हैं।

## प्रसंगवश

# चुनाव के बाद वोटिंग मशीन

चुनाव के बाद वोटिंग मशीने सुस्ता रहीं थी। आपस में अपने-अपने किस्से सुना रही थीं। लोगों ने कैसे उनका उपयोग किया। कैसे वोट डाला। कैसे दबाया। कैसे सहलाया। आइए सुनाते हैं कुछ उनकी गप्पगाथाः ईवीएम एक : एक वोटर ने तो इत्ती जोर से बटन दबाया कि अभी तक दर्द कर रहा है। लगता है अगले चुनाव में चल न पाएंगे हम। /ईवीएम दो : याद आ रही है क्या उस वोटर की?/ईवीएम तीन : अरे उसकी याद की कड़ाही में तू काहे अपनी जलेबी छान रही है? तुमको किसी की याद नहीं आती तो क्या किसी को नहीं आएगी? क्यों री दर्द कैसा हो रहा है मीठा कि खट्टा?



अनूप शुक्ल
कानपुर

ईवीएम एकः भक्क उस तरह वाला दर्द थोड़ी हो रहा। तुम तो सबको अपनी तरह समझ लेती हो। सबके भाग्य में वो मीठा-खट्टा दर्द कहां? इस गप्पाष्टक को एक बुजुर्ग ईवीएम मशीन दूर से सुन रही थी। अंजर-पंजर ढीले होने के चलते उसको चुनाव में ले नहीं जाया गया था। ऊंचा सुनती थी। इसीलिए दूर की बातों पर कान लगे रहते थे। बुजुर्ग ईवीएम आवाज में बोली-'सुना है तुम लोगों से कुछ छेड़छाड़ हुई वहां चुनाव में। तुम लोग भी छेड़छाड़ में इत्ती बेसुध हुई कि वोट दिए किसी और को गए पर तुमने गिनाए किसी और के नाम।' छेड़छाड़ के नाम से ईवीएम मशीने एकदम प्याज-टमाटर की तरह लाल हो गईं। (बुजुर्ग और सांवली मशीने प्याज की तरह, युवा और गोरी टमाटर की तरह) लेकिन उनको लगा कि लाल होने से काम नहीं चलेगा तो सफाई देने लगीं। वैसे भी जिन महिलाओं से छेड़छाड़ होती है उसके जिम्मे सफाई देने का ही काम बचता है। वे बोलीं, 'हम लोग कोई ऐसी-वैसी मशीन थोड़ी हैं। हमको कौन छेड़ेगा।

हम कोई खूबसूरत टाइप मशीन भी नहीं जो हमको कोई छेड़े। खूबसूरत होती तो कोई हीरो-हीरोइन हमारा विज्ञापन करता। भले घर की लड़कियों की तरह हम चुनाव आयोग के गोदाम से सीधे पोलिंग बूथ जाते हैं, वहां से सीधे वापस आ जाते हैं। कहीं इधर-उधर ताकते तक नहीं। झांकने की तो बात ही छोड़ दो।'सफाई से बुजुर्ग ईवीएम मशीन और उत्साहित हो गई। बोली- 'लेकिन जब हवा उड़ी है तो कुछ तो बात हुई ही होगी कि छेड़छाड़ का हल्ला है। हमने भी चुनाव करवाए हैं। हमको भी लोगों ने दबाया है। इधर-उधर थपथपाया है। किसी-किसी ने तो पटका भी है। खटखटाकर भी वोट डाला है, लेकिन मजाल है, जो आज तक किसी ने छेड़छाड़ की हो। तुम लोगों ने जरूर कुछ ऐसा किया होगा जो छेड़छाड़ की खबर फैली। लाख समझाओ, लेकिन तुम लोग मनमानी से बाज कहां आते हो। ये नई हवा का असर है।'

बुढ़िया ईवीएम बड़बड़ाते हुए खांसने लगी। फिर तो सब ईवीएम मशीने छेड़छाड़ का आरोप लगाने पर फिरंट हो गईं। पता लगा कि मशीनों से छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाले वही लोग थे, जो हार भी गए थे। उनको इस बात से तसल्ली हुई कि जीते हुए लोगों ने उन पर छेड़छाड़ का आरोप नहीं लगाया। फिर तो ईवीएम मशीनों के सुर बदल गए। वे ठिठोली करते हुए बतियाने लगीं। बकने दो हरंटो को। सरकार तो हमारे समर्थन में होगी। तब क्या एक ने नारा लगायाः "जिसके साथ खड़ी हो सरकार उसको कौन बात का डर यार।" जिसने हम पर छेड़खानी की बात कही उसको अगले चुनाव में टिकट न मिले। अरे नहीं री। टिकट तो मिले, लेकिन टिकट के दाम दोगुने हो जाएं और टिकट जिस इलाके से मिलें उस इलाके में उसको कोई जानता न हो। फिर तो वो जीत जाएगा बे। लोग उसकी करतूतें जानेंगे नहीं तो भला समझ कर जिता देंगे। दिनभर इसी गपड़चौथ में जुटी ईवीएम मशीनों ने शाम को महसूस किया कि वे तो अपनी छेड़छाड़ के ही किस्से में जुटी रहीं।

एक बोली-'इस चुनाव में हम ईवीएम के हाल तो रजिया की तरह हो गए, जो नेताओं के चक्कर में फस गई हो।' अबे रजिया तो गुंडों के बीच फंसी थी। -दूसरी ने सुधारने की कोशिश की। हां यार। रजिया की किस्मत अच्छी थी, जो गुंडों के बीच फंसी थी। हमारे ही करम फूटे हैं, जो नेताओं के बीच फंस गए। तीसरी ने कहा, ये क्या आंय-बांय-सांय बक रही है तू। क्या चुनाव सभा में भाषण दे रही है। गुंडों के बीच फंसना अच्छी किस्मत है? चौथी ने हड़काया। गुंडों के बीच फ़ंसना तो नेताओं के बीच फ़ंसने से सौ गुना बेहतर है यार- एक भक्तिन टाइप ईवीएम मशीन रामचरित मानस की चौपाइयां बांचने लगीः कर्म प्रधान विश्व रचि राखा/ जो जस करै तो तस फ़ल चाखा। दूसरी पैरोडीबाजी करने लगी- कोऊ नृप होय हमें का हानी/ईवीएम छोड़ न होइहैं रानी ।हम ईवीएम मशीनों को उनके हाल पर छोड़कर चले आए। वैसे और कर भी क्या सकते थे?

# खत्म सी होती जा रही है विश्वविद्यालयों की जीवंतता



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर, सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं।

अमेरिका के विश्वविद्यालयों में गाजा में हो रहे नरसंहार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं। किसी एक या दो में नहीं, देशभर में फैले दर्जनाधिक विश्वविद्यालयों में। इंग्लैंड में, फ्रांस में, नीदरलैंड आदि यूरोपीय देशों के नामचीन विश्वविद्यालयों में भी ऐसे विरोध प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है।

ये सब ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जो दुनिया में अपना मान, अपना सम्मान रखते हैं। वहां अच्छी पढ़ाई होती होगी, बेहतरीन एकेडमिक माहौल होगा। तभी तो हमारे देश के नेतागण, अधिकारीगण, बड़े-बड़े पैसे वाले गण आदि आदि अपने बच्चों को पढ़ने के लिए उन जगहों पर भेजते हैं। वे छात्र दुनिया से जुड़े हैं, मानवता की धड़कनों से जुड़े हैं, विश्व राजनीति की विडंबनाओं पर अपनी राय निर्धारित करते हैं, जरूरत पड़ने पर वैचारिक हस्तक्षेप करते हैं, अक्सर पुलिस की हिरासत में जाते हैं, कुछ कष्ट सहते हैं, स्लोगन बनाते हैं, लेख लिखते हैं, भाषण देते हैं, भाषण सुनते हैं।

गाजा नरसंहार कोई पहला मुद्दा नहीं है जिस पर वे छात्र प्रतिक्रिया दे रहे हैं। जागरूक और आलोकित परिसरों में अक्सर ऐसा होता रहता है, लेकिन हमारे विश्वविद्यालयों में जीवंतता तो खत्म सी ही होती जा रही है। एकाध परिसरों में विश्व या देश की राजनीति पर, मानवीय विडंबनाओं पर छात्र गण प्रतिक्रिया देते हैं तो 'टुकड़े टुकड़े गैंग' कहते हम हिकारत से भर उठते हैं। ये गए हैं पढ़ने, अफसर बनने या नेतागिरी करने? टैक्स देने वालों के पैसों का यह दुरुपयोग है। वह भी देश के कुछ गिने-चुने, शायद एकाध जगहों पर कुछ ऐसा होता हो। हमारे देश का मिडिल क्लास इस बात के सख्त खिलाफ है कि उसके बच्चे गाजा, यूक्रेन, सीरिया, मणिपुर आदि फालतू की बातों में नारेबाजी, भाषणबाजी में उलझें। उन्हें कोर्स पूरा कर जल्दी से जल्दी यूपीएससी से लेकर एसएससी की कोई भी परीक्षा पासकर कलेक्टर से लेकर क्लर्क तक की कोई पोस्ट झपट लेनी चाहिए ताकि उनका शादी ब्याह कर निश्चिंत हो जाएं।

हम जनता लोग भी जागरूक हैं। किसी भी छात्र समूह ने जहां मणिपुर, सीरिया आदि किया, तुरंत देशद्रोही आदि वाले व्हाट्सएप संदेशों की अबाध फॉरवार्डिंग शुरू कर देते हैं। बिहार पर तो भारी गर्व है हमें। इस मामले में यहां के विश्वविद्यालय और कॉलेज तो अनूठे हैं। मजाल है कि पांच दस प्रतिशत से अधिक छात्र बता दें कि गाजा आखिर है क्या? कोई देश है या शहर या कि समुद्र से हाल में खोजा गया कोई निर्जन द्वीप? वे तो सिरे से ही इंकार कर देंगे कि गाजा नाम से उन्हें कोई साबका रहा। उन्हें तो फॉर्म भरना है, परीक्षा देनी है, नकल नहीं करने दो तो बड़ी संख्या में फेल कर जाना है और विश्वविद्यालय का सिर दर्द बढ़ाना है। विज्ञान के छात्र प्रयोगशाला नहीं जाते। अधिकतर कॉलेजों के प्रैक्टिकल रूम्स को खोलिए तो अचानक से लगेगा कि मानव के पदचापों से महरूम इन कक्षों के स्याह, धूल भरे अंधेरों में प्रेतात्माएं विचरती होंगी। प्रयोगशालाओं में जरूरी स्टाफ की बहाली नहीं हुई, जो थे वे जाने कब रिटायर हुए, कितने मर खप गए। फिजिक्स में सब जोड़कर कई सौ छात्र, टीचर एक, सहयोगी स्टाफ कोई नहीं, बोटनी में तो टीचर ही नहीं, मैथ निल।

कितने संतोषी हैं, कितने आत्मतुष्ट, आत्मलीन हैं, हमारे छात्र। उनके कॉलेजों में हिस्ट्री के सर जी हैं तो पॉलिटिकल साइंस के हैं ही नहीं कोई, हिंदी के हैं तो अंग्रेजी का पोस्ट खाली है, चार सौ, पांच सौ, छह छह सौ छात्रों पर हिस्ट्री, राजनीति शास्त्र, हिंदी आदि के एक-एक शिक्षक हैं। बेदम हैं। न वेतन टाइम पर, न प्रमोशन टाइम पर। अगर बकाया आदि रह गया हो तो बूढ़े हो जाओ, एरियर के लिए एड़ियां घिस जाएंगी। मुख्यालय जाकर मांगने की जहमत उठा ही ली तो अगला टेबुल और फाइल से नजरें उठाए बिना कहेगा, 'सरकार से राशि आएगी तो मिल जाएगी।'

वह तो भला हो तकनीकी क्रांति का कि मोबाइल कंपनियां एक-एक बित्ते की स्क्रीन वाले सस्ते मोबाइल लांच करती रहती हैं, अपने अंबानी सर जियो की अबाध सेवा लिए तत्पर रहते हैं, रील्स बनाने वाली बेचैन आत्माएं तरह-तरह के अनोखे दृश्य लिए हाजिर रहती हैं। कौन गाजा, मणिपुर आदि की टेंशन ले। वह अमेरिका है, इंग्लैंड है, फ्रांस है। हम भारत हैं, हम बिहार हैं। हम सीधे विश्वगुरु बनने की देहरी पर खड़े हैं और गुरुकुल के केंद्रीय कक्ष की मुख्य कुर्सी पर छलांग लगाने ही वाले हैं।

## सोशल फोरम

# कोविशील्ड टीका और थ्रोम्बोसिस

खबर आई कि कोविशील्ड टीका उत्पादक ऐस्ट्राजेनेका कंपनी अपने बयान पर पलट गई और अब कह रही है कि अत्यंत बिरले मामलों में इसके टीके से थ्रोम्बोसिस संभव है।

थ्रोम्बोसिस एक गंभीर स्थिति है इसमें रक्त-नलिकाओं में रक्त के थक्के बनते हैं जिससे रक्त का प्रवाह रुक सकता है। यदि हृदय को रक्त नहीं मिला तो मृत्यु संभव है। इसी तरह मस्तिष्क के किसी भाग में रक्त नहीं पहुंचे तो मस्तिष्क का वह भाग निष्क्रिय हो सकता है, पर कंपनी अपने "बयान पर पलट गई" कहना सही नहीं है।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

2021 में ही दवा की विस्तृत विवरणी जो ब्रिटेन के औषधि नियामक के वेब साइट पर आई थी उसमें यह बात कही गई थी कि बिरले मामलों (वेरी रेयर केसेस) में कोविशील्ड का एक पार्श्व प्रभाव देखा गया है। थ्रोम्बोसिस एंड थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम (टीटीएस)। थ्रोम्बोसाइटोपेनिया रक्त में प्लैटलेट्स की संख्या कम हो जाने को कहते हैं। कंपनी के कहने के पहले, अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रेलिया में आंकड़ों के आधार पर कोविशील्ड के इस खतरे को रेखांकित किया गया था। 2021 दिसंबर तक के आंकड़ों के आधार पर ऑस्ट्रेलिया सरकार ने कहा था कि साठ से कम उम्र वालों में एक लाख में तीन और साठ से अधिक उम्र वालों में एक लाख में दो व्यक्ति कंपनी के टीके लेने के चार से बयालीस दिनों के अंदर टीटीएस से पीड़ित हुए पाए गए थे।

आज जब महामारी समाप्त प्रायः हो गई है यह कहना आसान है कि टीके नहीं दिलाने थे। सरकारी आंकड़े हैं कि देश में 4.50 करोड़ से अधिक लोग संक्रमित हुए थे। यह जनसंख्या का 3.22 प्रतिशत हुआ। सरकारी आंकड़ों के अनुसार महामारी से 5.33 लाख से अधिक लोग मरे थे। यह जनसंख्या का 0.038 प्रतिशत हुआ। लाख में टीटीएस के तीन मामले यानी 0.003 प्रतिशत। तो टीटीएस के खतरे के बाद भी टीका नहीं दिलाना बारह गुना अधिक खतरनाक होता। आज जो टीका विरोधी रुख दिखा रहे हैं, ये वही लोग हैं, जो कहते थे चालीस लाख से अधिक लोग महामारी से मरे थे। यदि मृत्यु के उनके आंकड़े लिए जाएं तो टीका नहीं दिलाना टीटीएस के खतरे से सौ गुने से अधिक खतरनाक होता।

**-फेसबुक वॉल से**

# अनियोजित पर्यटन विकास के कारण चलना हुआ दुश्वार



प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है।

कहते हैं 'बारात के आंगन में आ जाने के बाद पानी के लिए कुआं खोदने' से अफरातफरी होती है और समस्या का समाधान भी नहीं हो पाता। प्रदेश के पर्यटन स्थलों में अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के विकास के संदर्भ में यह मुहावरा पिछले करीब चार दशकों से साल-दर-साल और बारंबार दोहराया जा रहा है। उत्तराखंड राज्य की अर्थव्यवस्था का मूलाधार समझे जाने वाले पर्यटन उद्योग को लेकर इस फौरी रवैये से नैनीताल जैसा विख्यात पर्वतीय पर्यटन स्थल आज अनियंत्रित और अनियोजित जन पर्यटन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

पर्यटक सीजन के शुरुआत में ही छोटे से इस पहाड़ी नगर की सभी सड़कें दोपहिया और चौपहिया वाहनों से भर गईं हैं। राहगीरों के लिए पैदल चलने लायक जगह भी नहीं बची है। नैनीताल में पैदल चल पाना भी दुष्कर हो गया है। उत्तराखंड में पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तमाम दावे किए जाते रहे हैं और किए जा रहे हैं, लेकिन ब्रिटिश शासन काल में वजूद में आए नैनीताल और मसूरी आदि ख्याति प्राप्त हिल स्टेशन न्यूनतम अधिसंरचनात्मक सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड को अलग राज्य बने चौबीस साल पूरे होने को हैं, परंतु यहां के भंगुर पर्यावरण और विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप व्यावहारिक पर्यटन नीति नहीं बन पाई है। पर्यटकों की रूपरेखा और पर्यटक सांख्यिकी माप की दिशा में ध्यान ही नहीं दिया गया है। पर्यटक स्थलों की भार वहन क्षमता का आकलन करने की आवश्यकता ही नहीं समझी गई है। इस वजह से पर्यटक स्थलों में अत्यावश्यक अधिसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप नैनीताल जैसे स्थापित पर्यटक स्थलों में जन पर्यटन ने आपाधापी का माहौल बना दिया है। नैनीताल समेत उत्तराखंड के अन्य सभी पर्यटक स्थलों का अनियंत्रित, अदूरदर्शी और असंयोजित रूप से व्यावसायिक दोहन हो रहा है जिससे पर्यावरण संकट बढ़ा है और सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अनियंत्रित जन पर्यटन गतिविधियों से आक्रोश का वातावरण बन रहा है। मेजबान और मेहमान के बीच तनाव की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। 'वहन क्षमता' से कहीं अधिक वाहनों के चलते नैनीताल अत्यधिक भीड़-भाड़ वाले नगर में तब्दील हो गया है। औपनिवेशिक शासक भारत के पहाड़ों की तुलना यूरोपीय पहाड़ों से करते थे। अंग्रेजों ने भारत में कई हिल स्टेशन बसाए जिनमें नैनीताल भी सम्मिलित था। 1980 के दशक में मारुति संस्कृति आने के बाद निजी वाहनों की संख्या बढ़ने लगी थी। परिवहन के साधन बेहतर हुए। पर्यटकों की रुचियों में भी बदलाव आने लगा। पर्यटन ने फैशन का रूप धारण कर लिया। पर्यटकों को सार्वजनिक यातायात के बजाय निजी वाहनों में आना-जाना सुविधाजनक लगने लगा। अब नैनीताल में पार्किंग की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी। 1983-84 में नैनीताल के एकमात्र खुले स्थान फ्लैट्स के एक हिस्से को कार पार्किंग में तब्दील कर दिया गया। इसके बाद साल-दर-साल पर्यटकों और गाड़ियों की तादाद बढ़ती चली गई। नैनीताल के सभी पैदल मार्गों में गाड़ियां दौड़ने और पार्क होने लगीं। इस कारण नैनीताल के पैदल मार्गों में भी पैदल चल पाना दूभर होता चला गया। नैनीताल में पार्किंग एवं अन्य अधिसंरचनात्मक सुविधाओं को लेकर दशकों से हर साल अलग-अलग स्तर पर विमर्श होता रहा है। ज्यों-ज्यों मर्ज की दवा खोजी गई, त्यों -त्यों मर्ज लाइलाज होता चला गया है। इधर के कुछ वर्षों में यहां टैक्सी वाहनों और टैक्सी मोटर बाइकों की संख्या में एकाएक उछाल आया है। निजी दोपहिया और चौपहिया वाहनों की तादाद भी खूब बढ़ी है। दोपहिया टैक्सी वाहनों ने सड़क के किनारों की नालियों को भी हाईवे में तब्दील कर दिया है। नगर में पैदल चलने वालों के लिए सड़कों के किनारों की नालियां भी नहीं बची हैं। इंतजामिया अनियंत्रित और अनियोजित यातायात को कानून व्यवस्था की दृष्टि से देखता है। जबकि यह नियोजन से जुड़ा मुद्दा है। सड़कों की क्षमता से कई गुना अधिक वाहनों की संख्या को ट्रैफिक पुलिस नियंत्रित नहीं कर सकती है। ऐसा हो पाना संभव ही नहीं है। पार्किंग सुविधाओं के विस्तारीकरण से भी इस समस्या से निपटा नहीं जा सकता है। गाड़ियों को चलने के लिए पहले सड़क चाहिए और फिर पार्किंग। समस्या की जड़ को खोजने के बजाय तदर्थ उपाय करने से इसका समाधान हो पाना असंभव है।

नैनीताल की विशिष्ट भौगोलिक बनावट के चलते यहां पर्यटकों की सुविधाओं में बढ़ोतरी की गुंजाइश नहीं के बराबर है। यहां आवश्यकता के अनुरूप अधिसंरचनात्मक सामर्थ्य का अभाव है। मांग और आपूर्ति में असंतुलन से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। संसाधनों पर अत्यधिक दबाव बढ़ गया है। सप्ताहांत पर्यटन की बढ़ती प्रवृत्ति से पर्यटकों के ठहरने की अवधि अत्यंत कम हुई है। पर्यटन को टिकाऊ और लाभप्रद बनाने के लिए दीर्घकालिक उपाय खोजने के बजाय समस्याओं का तदर्थ और तात्कालिक समाधान खोजने की प्रवृत्ति हावी होती जा रही है। जबकि सच्चाई यह है कि पर्यटक स्थल की वहन क्षमता को ध्यान में रखकर सुविचारित दीर्घकालीन योजना बनाए बिना अनियंत्रित पर्यटन विकास को रोका नहीं जा सकता है। याद रहे कि पर्यटन स्थल एक बहुमूल्य संपत्ति होती है, नियंत्रित पर्यटन से ही इस संपत्ति को संरक्षित किया जा सकता है।

# वोट की लड़ाई अब आरक्षण पर आई

**चुनावी मुद्दे की पड़ताल**

मनोज त्रिपाठी

- भाजपा के 400 पार नारे के बाद सुलगी चिंगारी ने चुनावी अभियान में दोनों तरफ बयानबाजी की जबर्दस्त आग लगाई
- इंडिया गठबंधन के नेता चुनावी रैलियों में भाजपा पर संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने के लगातार लगा रहे आरोप
- पीएम मोदी ने कांग्रेस से लिखित गारंटी तक मांगी कि संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देगी

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मतदान के साथ इस बात से कोई इंकार नहीं कर सकता है कि वोटों की लड़ाई संविधान के रास्ते से होती हुई आरक्षण के मुद्दे पर टिकती नजर आ रही है। भाजपा के 400 पार नारे के बाद विपक्ष की तरफ से सुलगाई गई इस चिंगारी ने धीरे-धीरे दोनों तरफ बयानबाजी की ऐसी आग लगा दी है कि शायद ही कोई दिन होगा जब सत्तापक्ष और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों की ओर से आरक्षण पर बयान नहीं दिया जा रहा हो। आरक्षण पहले भी कई चुनावों में अहम मुद्दा बनता रहा है। सभी पार्टियां इस मुद्दे पर राजनीतिक रोटियां सेकती रही हैं। चुनाव चाहे विधान सभा का रहा हो या लोकसभा का। इस मुद्दे पर सत्ताधारी और विपक्षी दल आमने-सामने होते रहे हैं।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि जिस तरह इस बार भाजपा और कांग्रेस के साथ सपा, राजद और बसपा जैसे दल साल 2024 के चुनाव में आरक्षण को लेकर आर-पार के मूड में दिख रहे हैं, उससे आरक्षण कहीं सबसे बड़ा मुद्दा बनने की तरफ तो नहीं बढ़ रहा है। अब जनता के वोट इस मुद्दे पर पड़ेंगे या नहीं, या कितने और कहां पड़ेंगे, इस बारे में तो कोई भी पक्के यकीन से कुछ नहीं सकता, लेकिन इतना साफ है कि विपक्ष को आरक्षण के दांव से भाजपा पर हमला करने का एक बड़ा हथियार हाथ लग गया है, जबकि भाजपा इस मुद्दे के चलते 2019 के चुनाव में हाथ आया दलित और अति पिछड़ा वोट बैंक आसानी से निकलने नहीं जाने देना चाहती है।

## दोनों गठबंधन आरक्षण समर्थक तीर चुनावी, निशाना वोट बैंक

देश में लोकसभा चुनाव के समय वोट लेने के लिए दोनों प्रमुख गठबंधनों की तरफ से तमाम बातें और मुद्दे उछाले जा रहे हैं, लेकिन संविधान से छेड़छाड़ और आरक्षण हटाने को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का तो जैसे हंगामा सा बरपा है। कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दल यह आरोप लगा रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी बाबा साहब का बनाया संविधान और लोगों के पास से वोट की ताकत खत्म करना चाहती है। वह दलित, पिछड़े और शोषित समाज से आरक्षण का अधिकार छीनना चाहती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, आप नेता संजय सिंह जैसे तमाम नेताओं ने पिछले एक पखवाड़े में ऐसे तमाम बयान या चुनावी सभाओं में भाषण दिए हैं, कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में आरक्षण खत्म करने का मन बना रही है। राहुल गांधी अपनी रैलियों में लगातार भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर संविधान और आरक्षण को लेकर निशाना साध रहे हैं। इसी कारण संघ प्रमुख मोहन भागवत को आगे आकर कहना पड़ा है कि उनका संगठन आरक्षण का पूरी तरह समर्थन करता है। मुद्दे को बढ़ता देखकर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह को बार-बार यह कहने के लिए बाध्य होना पड़ा है कि देश में कोई भी सरकार आ जाए आरक्षण नहीं खत्म कर सकती है। भाजपा यह उदाहरण भी दे रही है कि प्रमोशन में आरक्षण खत्म करने के कोर्ट के आदेश के खिलाफ भाजपा ने ही कानून बनाया है, वह भी तब जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल कई दलों ने इसका विरोध किया था। प्रधानमंत्री अपनी चुनावी सभाओं में कई बार कर्नाटक का उदाहारण दे चुके हैं कि किस तरह वहां मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देने के लिए पिछड़ों का हक मारा गया है। बात आगे निकलने पर उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों से इस बात की लिखित गारंटी तक मांगी है कि वे सत्ता में आने पर संविधान बदलकर धर्म के आधार पर मुसलमानों को आरक्षण नहीं देंगे। मोदी चुनावी रैलियों में बार-बार यह बात दोहरा रहे हैं कि कांग्रेस आरक्षण पर डाका डालकर उसे मुसलमानों को देने जा रही है।



### फेक वीडियो, फ़र्जी प्रचार, ध्रुवीकरण भी बना हथियार

- आरक्षण को लेकर वोट हथियाने की चुनावी लड़ाई में मामला इतना बिगड़ा कि गृहमंत्री अमित शाह का फेक वीडियो तक जारी कर दिया गया। मामला इतना संवेदनशील है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के खिलाफ फर्जी वीडियो जारी करने का मामला दर्ज हो गया। अमित शाह को सामने आकर कहना पड़ा कि सबसे पहले कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में मुसलमानों को रिजर्वेशन दिया, उसकी वजह से ओबीसी का आरक्षण कटा। इसके बाद कर्नाटक में सभी मुसलमानों को चार प्रतिशत का कोटा रिजर्व कर दिया, इससे भी ओबीसी का आरक्षण कटा है। कांग्रेस की हताशा और निराशा यहां तक पहुंच गई है कि उन्होंने मेरा और कुछ भाजपा नेताओं का फेक वीडियो बनाकर फॉरवर्ड करने का काम किया है।

### वोट हथियाने की चुनावी चाल ज्यादा

- विपक्ष के आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने के मुद्दों में भले ही कोई सच्चाई नहीं हो, यह चुनावी चाल देश की बड़ी आबादी को गुमराह करके उनके वोट हथियाने के लिए चली गई हो, लेकिन भाजपा को जिस तरह इस मुद्दे पर में सफाई देने पड़ रही है, उससे यही नजर आ रहा है कि इंडिया गठबंधन इस मुद्दे पर उसे घेरने में सफल रहा है।

### कर्नाटक में पिछड़ा वर्ग के अधिकार मुस्लिमों में बांटे

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर यह कह रहे हैं कि कांग्रेस दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिमों को हिस्सा देना चाहती है तो बात बेवजह भी नहीं है। कांग्रेस अगर पसमांदा (पिछड़े) मुसलमानों को आरक्षण का लाभ देती तो बात समझ में आती। कांग्रेस ने तो कर्नाटक में सभी मुस्लिमों को ओबीसी में डाल दिया। इस बारे में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग का कहना है कि मुसलमानों को ओबीसी के दायरे में लाकर सरकारी नौकरियों और शैक्षिक संस्थानों में आरक्षण देना वास्तविक पिछड़ी जातियों के साथ नाइंसाफी है। कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों की सभी 37 जातियों को आरक्षण का लाभ देने के लिए अल्पसंख्यक अन्य पिछड़ा वर्ग की नई श्रेणी बनाई और उन्हें ओबीसी में शामिल कर लिया।

### भाजपा का कहना कांग्रेस शुरू से आरक्षण के खिलाफ

- भाजपा का कहना है कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण की विरोधी रही है। आजादी के बाद संविधान निर्माताओं ने अनुसूचित जाति-जन जाति के लिए आरक्षण का प्रावधान किया था। लेकिन कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को यह पसंद नहीं था। उन्होंने मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा था कि उन्हें आरक्षण की व्यवस्था पसंद नहीं है। लेकिन आज राहुल गांधी अपने नाना की विचारधारा के उलट वादा कर रहे हैं कि उनकी सरकार बनी तो वे जाति सर्वेक्षण कराएंगे। जिसकी जितनी आबादी निकलेगी, उसे उस हिसाब से आरक्षण का लाभ देंगे।

### पिछड़ा वर्ग के आरक्षण में कांग्रेस ने की थी आनाकानी

- भाजपा नेता कांग्रेस के समय में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के लिए बने काका कालेलकर मंडल आयोग का जिक्र करते हुए कह रहे हैं कि दोनों आयोगों ने रिपोर्ट दी लेकिन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने उसे रद्दी की टोकरी के हवाले कर दिया। वीपी सिंह जब प्रधानमंत्री बने तो 1990 में उन्होंने मंडल आयोग की सिफारिशों के आधार पर पिछड़ों को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया। इसलिए राहुल गांधी या कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडिया अलायंस अगर अपने को आरक्षण समर्थक और भाजपा को आरक्षण विरोधी साबित करना चाहता है, तो यह बात बेमानी है। यही नहीं, 2014 में केंद्र में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद ही लंबित पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक स्वरूप प्रदान किया गया।



मतदाताओं से संवाद करतीं गांडेय विधानसभा सीट से झामुमो उम्मीदवार कल्पना सोरेन। अमृत विचार

# गांडेय सीट पर जीतेंगी कल्पना या दिलीप वर्मा खिलाएंगे कमल

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गांडेय विधानसभा सीट भी हॉट सीट बन गई है। लोकसभा चुनाव के साथ ही इस सीट पर उप चुनाव हो रहा है। कल्पना सोरेन इस सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा की उम्मीदवार हैं और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री पद का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन पार्टी में आंतरिक कलह की वजह से हेमंत सोरेन ने यह सीट चंपई सोरेन को दी थी। यहां के मतदाता उन्हें भावी मुख्यमंत्री के रूप में देख रहे हैं। पार्टी के चुनाव प्रचार की कमान भी पूरे राज्य में वही संभाल रही हैं।

2019 में जब विधानसभा चुनाव हुआ था तो इस सीट पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद जीते थे। लेकिन जब मुख्यमंत्री रहते हुए हेमंत सोरेन पर गिरफ्तारी की तलवार लटकने लगी तो उन्होंने नाटकीय ढंग से त्यागपत्र दे दिया। तब कहा गया कि कल्पना सोरेन मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद इस सीट से उप चुनाव लड़ेंगी। गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन ने विधायक दल की बैठक की थी लेकिन पारिवारिक सदस्यों के विरोध के कारण उन्होंने कल्पना की जगह चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया। अब यह सीट खाली है तो कल्पना सोरेन चुनाव लड़ रही हैं। उन्हें भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा कड़ी टक्कर दे रहे हैं। यहां भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्रियों के साथ ही कई बड़े नेता प्रचार कर रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा के डॉ. सरफराज अहमद ने भाजपा के प्रत्याशी जय प्रकाश वर्मा को हराया था।तीसरे नंबर पर







एजेएसयू के अर्जुन बैठा थे। कल्पना सोरेन मतदाताओं को यह बताने में लगी हैं कि झारखंड के विकास को रोकने के लिए उनके पति को जेल भेजा गया है। वह पति के द्वारा कराए गए विकास कार्यों को भी गिनाती हैं। इस क्षेत्र में मुस्लिम और आदिवासी मतदाताओं का जबरदस्त प्रभाव है। विधायक पद से त्यागपत्र देने वाले सरफराज अहमद इस वक्त झारखंड मुक्ति मोर्चा के राज्यसभा सदस्य हैं। वे कल्पना सोरेन के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और उनकी जीत सुनिश्चित करने में जुटे हुए हैं। यह सीट डॉ. सरफराज की प्रतिष्ठा से भी जुड़ी हुई है क्योंकि त्यागपत्र देने पर ही उन्हें राज्यसभा भेजा गया था।

**पाला बदल**



दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं नार्थ ईस्ट लोकसभा सीट से उम्मीदवार मनोज तिवारी ने आप के हरियाणा के सह-प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह समेत कई नेताओं को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

# चिराग पासवान के लिए विरासत बचाने की चुनौती

**हाजीपुर लोकसभा क्षेत्र**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** बिहार की हाजीपुर संसदीय सीट पर हर किसी नजर है। यहां लोजपा रामविलास के मुखिया चिराग पासवान जहां पिता और चाचा की विरासत बचाने के लिए मैदान में हैं तो उनके सामने राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम ताल ठोक रहे हैं। मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के करीबी शिवचंद्र राम इस सीट जीतने के लिए पशुपति कुमार पारस के समर्थकों को भी अपने पाले में लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 2019 में इस सीट से जीते पशुपति कुमार पारस ने लोजपा को तोड़कर अलग पार्टी बनाई थी। इस सीट पर उन्होंने दावा ठोका था लेकिन न सिर्फ उन्हें भतीजे के लिए यह सीट छोड़नी पड़ी बल्कि उनकी पार्टी को एनडीए के



चिराग पासवान।

- राष्ट्रीय जनता दल ने पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम को इस सीट से बनाया है उम्मीदवार
- 2019 में मिली हार का बदला लेने के प्रयास में लगे शिवचंद्र राम, कई पूर्व मंत्री कर रहे प्रचार

घटक दल के रूप में कोई सीट भी नहीं मिली। पहले उन्होंने एनडीए से अलग होने की बात की बाद में मान गए अब भतीजे के लए वोट मांग रहे हैं पर यह माना जा रहा है कि उनकी नाराजगी दूर नहीं हुई है। इसी का फायदा राजद और उसके सहयोगी दल यहां उठाना चाहते हैं। हालांकि कितना उठा पाते हैं यह वक्त बताएगा।

हाजीपुर लोकसभा सीट 1957 से 1971 तक कांग्रेस पार्टी लगातार जीती। इस सीट पर कांग्रेस को हराने के लिए कोशिशें तो खूब हुईं पर सफलता किसी को नहीं मिली, लेकिन 1977 के चुनाव में समाजवादी आंदोलन से जुड़े रामविलास पासवान यहां जनता पार्टी के टिकट पर मैदान में उतरे और उन्होंने ने जीत दर्ज की। उन्हें जनता का अपार समर्थन दिया था। जब 1980 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान जनता पार्टी सेक्युलर के टिकट पर मैदान में आए। मतदाताओं ने फिर उन्हें सांसद बनाया। लेकिन 1984 में यह सीट कांग्रेस ने फिर से जीत ली। इस सीट पर कब्जे के लिए विरोधी दलों ने कोशिश तो खूब की लेकिन मतदाताओं ने उनके दावों को नकार कर कांग्रेस को अपना लिया था। हालांकि जब 1989 में चुनाव हुआ तो रामविलास पासवान इस सीट पर जनता दल के टिकट पर मैदान में आए और जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। उन्होंने इस क्षेत्र में ढेरों काम कराए। हालांकि जनता दल ने इस सीट पर 1991 में श्याम सुंदर दास को मौका दिया और वे जीते भी। रामविलास पासवान 1996, 1998 ,1999 में जनता दल से जीते। 2004 में लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर भी जीते थे। 2009 में यहां से जदयू के श्याम सुंदर जीत गए थे। 2014 में रामविलास पासवान फिर यहां लोजपा से जीत दर्ज करने में सफल हुए थे।

### पशुपति के समर्थकों पर राजद की नजर

- 2019 में रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस लोक जनशक्ति पार्टी के टिकट पर इस सीट जीते थे। हालांकि 2020 में रामविलास पासवान के निधन के बाद वे भतीजे चिराग पासवान से अलग हो गए और कई सांसदों के साथ उन्होंने अलग पार्टी बना ली और केंद्र में मंत्री भी बने। इस चुनाव में उनकी पार्टी को एक भी एनडीए की तरफ से नहीं दी गई है। पहले वे इसी सीट से दावेदारी ठोक रहे थे। भतीजे चिराग ने उन्हें यहां मात दे दी थी। ऐसे में इस चुनाव में वे भी एक फैक्टर हैं। भले ही एनडीए के साथ हैं पर उनके समर्थकों की चुप्पी चिराग पासवान और उनके समर्थकों को भी अखर रही है। राजद नेता और कई पूर्व मंत्री लगातार इस क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं।

### शिवचंद्र राम 2019 में भी हारे थे

- 2019 के लोकसभा चुनाव में लोजपा के पशुपति कुमार पारस ने 5,41,310 वोट पाकर राजद के शिवचन्द्र राम को हराया था। शिवचंद्र राम को तब 3,35,861 वोट प्राप्त हुए थे। इस बार शिवचंद्र राम फिर मैदान में हैं। बस फर्क इतना है कि उनके सामने पशुपति कुमार पारस की जगह उनके भतीजे चिराग पासवान हैं। शिवचंद्र राम बिहार सरकार में मंत्री रहे हैं। उनका नाम बड़े दलित नेताओं की सूची में शामिल है।

# गीता कोड़ा और जोबा मांझी के बीच कड़ी टक्कर

**सिंहभूम संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड की सिंहभूम संसदीय सीट हॉट सीट कही जा रही है। इसी संसदीय क्षेत्र में आने वाली सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन विधायक जो हैं। इस सीट को झारखंड मुक्ति मोर्चा की झोली में डाला उनके लिए भी प्रतिष्ठा का प्रश्न है। भाजपा ने यहां से कांग्रेस से बगावत कर आईं सांसद गीता कोड़ा को मैदान में उतारा है तो उनके मुकाबले में झारखंड मुक्ति मोर्चा की वरिष्ठ नेता एवं राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी समर में हैं। जोबा मांझी अपनी जीत का आधार बनाने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बना रही हैं। यह बताने की कोशिश कर रही हैं कि राज्य के विकास को रोकने के लिए उन्हें गलत तरीके से ईडी ने गिरफ्तार किया। उनकी गिरफ्तारी से सहानुभूति बटोरेने की कोशिश कर रहीं जोबा के समर्थन में कांग्रेस



गीता कोड़ा।



जोबा माझी।

- झारखंड मुक्ति मोर्चा ने राज्य सरकार में मंत्री जोबा मांझी पर जताया है विश्वास
- कांग्रेस की बागी गीता कोड़ा भाजपा की खेवनहार बनने को कर रही हैं मशक्कत

### पांच सीटों पर काबिज है झामुमो

इस लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की छह सीटें हैं। इनमें से पांच पर झारखंड मुक्ति मोर्चा का कब्जा है जबकि एक सीट पर कांग्रेस काबिज है। इसी क्षेत्र की मनोहरपुर विधानसभा सीट से जोबा मांझी विधायक हैं। सरायकेला विधानसभा सीट से ही मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भी मुख्यमंत्री हैं। गिरफ्तारी से पूर्व जब हेमंत सोरेन ने त्यागपत्र दिया तो चंपई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद संभाला था।

और राष्ट्रीय जनता दल के नेता भी दिन रात एक किए हुए हैं।

सिंहभूम की गिनती झारखंड की चर्चित सीटों में होती है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर 2019 में कांग्रेस ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा को उम्मीदवार बनाया था। तब उन्होंने भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा को पटखनी दी थी। लक्ष्मण गिलुवा उस समय इसी सीट से 2014 में जीते थे तब उन्होंने गीता कोड़ा को हराया था। उस समय गीता जय भारत समानता पार्टी की उम्मीदवार थीं। गीता को पता था कि इस चुनाव में उनका टिकट कांग्रेस काट सकती है क्योंकि सीट समझौते के आधार पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के खाते में जाएगी। ऐसे में उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। पार्टी ने भी उन्हें निराश नहीं किया और टिकट थमा दिया। गीता कोड़ा की मजबूत चुनौती को देखते हुए ही झारखंड मुक्ति मोर्चा ने उनसे मुकाबले की जिम्मेदारी जोबा माझी को दी। जोबा वर्तमान में मंत्री तो हैं हीं भाजपा और राबड़ी देवी की सरकार में भी मंत्री रह चुकी हैं। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की कोशिश तो झारखंड की सभी सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाने की है लेकिन इस सीट पर उनका कुछ ज्यादा ही फोकस नजर आ रहा है। सरायकेला से विधायक चंपई सोरेन की टीम रात दिन एक कर जोबा की जीत सुनिश्चित करने में लगी हुई है। संविधान को बदलने और आरक्षण को खत्म करने का भय दिखाकर यहां भाजपा के खिलाफ वोटा मांगा जा रहा है तो गीता कोड़ा इसी सीट से 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीते अपने पति एवं पूर्व सीएम मधु कोड़ा के कार्य, मोदी की गारंटी और 2019 से अब तक कराए गए खुद के कार्यों के दम पर वोट मांग रही हैं।

### 1996 में पहली बार जीती थी भाजपा

- इस सीट पर 1957 से 1977 तक झारखंड पार्टी का कब्जा रहा। लगातार पांच चुनावों में पार्टी के उम्मीदवार जीते। इसके बाद 1980, 1984 और 1989 में यहां कांग्रेस जीती। 1991 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ने यहां परचम लहराया लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो भाजपा के चित्रसेन सिंकू जीत दर्ज करने में कामयाब रहे। हालांकि यह जीत अगले चुनाव में बरकरार नहीं रही। 1998 के चुनाव में कांग्रेस के विजय सिंह सोय ने यहां जीत दर्ज की और फिर 1999 में यहां भाजपा के लक्ष्मण गिलुवा जीते पर 2004 के चुनाव में कांग्रेस के खाते में यह सीट गई। 2009 में मधु कोड़ा निर्दलीय जीते। 2014 में लक्ष्मण गिलुवा को जीत मिली तो 2019 में कांग्रेस से गीता कोड़ा यहां से सांसद बनीं।

**मांगे वोट**



पश्चिम बंगाल के बर्धमान लोकसभा सीट से टीएमसी उम्मीदवार कीर्ति आजाद के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कीर्ति आजाद की जीत के लिए मतदाताओं से समर्थन मांगा।

# सपा-बसपा के गढ़ में जीत की हैट्रिक को आतुर अनुप्रिया

मिर्जापुर संसदीय सीट

**सपा और बसपा भी खोया जनाधार वापस पाने के लिए कर रहीं संघर्ष, अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने भी उतारा है उम्मीदवार**

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** मिर्जापुर संसदीय सीट की गिनती वीआईपी श्रेणी में होती है। इस सीट से अपना दल-एस की नेता और केंद्र सरकार में मंत्री अनुप्रिया पटेल दो बार से सांसद हैं। इस बार वह यहां से लगातार तीसरी जीत के लिए संघर्षरत हैं। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी से जीत का भरोसा है, तो उनकी हैट्रिक रोकने के लिए उनकी बहन एवं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने भी उम्मीदवार उतार दिया है। समाजवादी पार्टी ने राजेंद्र एस बिंद को प्रत्याशी बनाया है तो पल्लवी ने उद्यमी दौलत सिंह को। बसपा ने मनीष त्रिपाठी पर दांव लगाया है। एक दौर था मिर्जापुर सीट सपा और बसपा का गढ़ कही जाने लगी थी, लेकिन 2014 की मोदी लहर में इन दलों के जनाधार में कमी आई और तब से अनुप्रिया पटेल ही जीत रही हैं। इस बार वह हैट्रिक लगाती हैं तो रिकार्ड बनेगा, क्योंकि इस सीट पर अभी तक किसी उम्मीदवार ने लगातार तीन बार जीत दर्ज नहीं की है।


सपा के राजेंद्र एस बिंद।


बसपा प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी।

## दो बार सांसद बनी थीं फूलन देवी

- 1991 में इस सीट से भाजपा के वीरेंद्र सिंह सांसद बने थे, लेकिन 1996 में जब चुनाव हुआ तो सपा मुखिया मुलायम सिंह ने यहां से दस्यु सुंदरी कही जाने वाली फूलन देवी को टिकट दिया। मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया। वह सांसद तो बन गईं लेकिन क्षेत्र में कम उपलब्धता के कारण 1998 में उन्हें भाजपा के वीरेंद्र सिंह के हाथों हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि 1999 में फूलन देवी फिर जीतीं। फूलन देवी की हत्या के बाद 2002 में रामरति बिंद सपा के टिकट पर जीते। 2004 में बसपा के नरेंद्र कुशवाहा यहां से संसद पहुंचे। 2007 के उप चुनाव में भी बसपा जीती लेकिन 2008 के बाद जब परिसीमन हुआ और फिर 2009 में चुनाव हुआ तो सपा के बाल कुमार पटेल ने यहां से मैदान मार लिया। अब 2014 से यहां भाजपा से गठबंधन में अपना दल-एस जीत रही है।

## पीतल और कालीन उद्योग के लिए पूरी दुनिया में पहचान

- पीतल और कालीन उद्योग के लिए भारत ही नहीं पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले मिर्जापुर के मतदाताओं ने डकैत फूलन देवी को भी सांसद बनाया था। यहां से हर दल के उम्मीदवार को जीत मिली है। मतदाताओं ने कभी किसी को निराश नहीं किया लेकिन राजनीतिक दलों ने जरूर यहां के उद्योगों पर कोई खास ध्यान नहीं दिया। रोजगार यहां बड़ी समस्या है। हालांकि यह चुनाव का मुद्दा बनने से रहा क्योंकि यहां के मतदाता राष्ट्रीय मुद्दों पर ही वोट करते हैं।
- अनुप्रिया पटेल हों या भाजपा नेता सभी यहां अनुच्छेद 370 के खात्मे, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समेत अन्य राष्ट्रीय मुद्दों को जोर शोर से उठा रहे हैं। लेकिन सर्वाधिक शोर यहां मोदी की गारंटी का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक कौन से वादे पूरे किए हैं और कितनी कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को लाभ मिल रहा है, इसे गिनाकर वोट मांगा जा रहा है। ऐसे में विपक्ष की पूरी कोशिश यही है कि वह मतदाताओं को यह समझाने में कामयाब हो जाए कि मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें तो संविधान को बदलकर आरक्षण खत्म कर देंगे। सपा, बसपा और अपना दल कमेरावादी के लोग मतदाताओं को यही बात समझा भी रहे हैं कि चार सौ पार का नारा इसलिए ही है ताकि संविधान बदला जा सके। ऐसे में भाजपा और अपना दल एस के कार्यकर्ताओं को सफाई भी देनी पड़ रही है कि संविधान बदलने की बात कहकर विपक्ष गुमराह कर रहा है।

**2014** में नरेंद्र मोदी की लहर में पहली बार जीती थीं अनुप्रिया पटेल

**2019** में सपा, बसपा मिलकर भी अनुप्रिया पटेल को नहीं हरा पाईं थीं

### 2014 का जनादेश

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 4,36, 536 | 43.32 |
| समुद्र बिंद | बसपा | 2,17,457 | 21.58 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 1,52,666 | 15.15 |

### 2019 का चुनाव परिणाम

| उम्मीदवार | पार्टी | वोट | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| अनुप्रिया पटेल | अपना दल एस | 5,91,564 | 53.34 |
| रामचरित्र निषाद | सपा | 3,59,556 | 32.42 |
| ललितेश पति त्रिपाठी | कांग्रेस | 91,501 | 8.25 |

49.29% ओबीसी मतदातओं की अनुमानित संख्या क्षेत्र में है

23.48% सामान्य मतदाताओं की संख्या है।

### एक जून को डाले जाएंगे वोट

**18,97, 805** मतदाता
**9,94,546** पुरुष मतदाता
**9,03,154** महिला मतदाता
**105** थर्ड जेंडर मतदाता

**सातवें चरण में होगा मतदान**
मिर्जापुर सीट पर सात मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी जो 14 मई तक चलेगी। 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 17 मई तक नाम वापस लिए जाएंगे। एक जून को सातवें चरण में यहां मतदान होगा।


चुनार का किला।


केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।


विधायक पल्लवी पटेल। अमृत विचार

## पीडीएम बनाम पीडीए की परीक्षा के साथ दो बहनों के बीच भी है घमासान

- सपा के टिकट पर विधायक बनीं पल्लवी पटेल ने पीडीएम मोर्चा बना रखा है। इसमें असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम उनकी अपना दल कमेरावादी के साथ सहयोगी है। पीडीएम का मतलब समझाते हुए वह कहती हैं कि यह मोर्चा पिछड़ा, दलित और मुसलमानों के हक की बात कर रहा है, जो उन्हें नहीं मिला है। उधर, सपा मुखिया अखिलेश यादव भी पिछड़े, दलितों और अल्पसंख्यक के हितों के नाम पर पीडीए को मजबूत करने की बात कर रहे हैं। पल्लवी पटेल ने अखिलेश के पीडीए की तर्ज पर ही पीडीएम बनाया है और वह यह बताने से नहीं चूक रही हैं कि वास्तव में मुस्लिम, दलित और पिछड़ों के हक की बात वही कर रही हैं। हालांकि उनका मोर्चा इंडिया गठबंधन को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचा पाएगा, ऐसा नहीं लग रहा है। यह अलग बात है कि वह अपनी बहन अनुप्रिया को लेकर भी काफी मुखर हैं। यहां से उम्मीदवार को जीत दर्ज कराने के लिए प्रयासरत हैं।

### विधानसभा की पांचों सीटें एनडीए के पास

लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें हैं। पांचों सीटें एनडीए के घटक दल भाजपा, निषाद पार्टी और अपना दल एस के पास हैं। इनमें तीन सीट भाजपा, एक- एक सीट निषाद पार्टी और अपना दल एस ने जीती थी।

### कृष्णा पटेल लड़ना चाहती थीं चुनाव

- इस लोकसभा सीट से अपना दल कमेरावादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल चुनाव लड़ना चाहती थीं, लेकिन सपा से बात नहीं बनी। बताते हैं कि पल्लवी पटेल और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बीच मनमुटाव की प्रमुख वजह यह भी रही। कृष्णा पटेल लगातार अनुप्रिया पटेल पर हमले कर रही हैं। कहा जा रहा है कि वह पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में सभाएं भी वहां करेंगी।



## त्रिकोणीय लड़ाई में फंसी अनुप्रिया

- अनुप्रिया पटेल के लिए इस बार का चुनाव बहुत आसान नहीं दिख रहा है, यह कहने वाले लोकसभा क्षेत्र में तमाम लोग मिल जाएंगे। जानकार भी मान रहे हैं कि वह त्रिकोणीय लड़ाई में फंसती नजर आ रही हैं। बसपा ने ब्राह्मण चेहरे के रूप में छात्र नेता रहे मनीष त्रिपाठी को मैदान में उतारकर इस जाति के मतदाताओं के वोटों में सेंधमारी की कोशिश शुरू कर दी है। यहां निषाद, बिंद, मल्लाह मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में सपा ने उन्हें गोलबंद करने के लिए राजेंद्र एस बिंद को उतारा है। पार्टी ने 2019 में भी उन्हें टिकट दिया था लेकिन बाद में काटकर रामचरित निषाद को दे दिया था। तब सपा का बसपा से गठबंधन था। इसके बावजूद मोदी लहर में दोबारा अनुप्रिया जीतने में कामयाब हो गईं थी। तब उनकी जीत का अंतर दो लाख से अधिक था। अनुप्रिया पटेल को 5,91,564 वोट तो सपा के रामचरित्र निषाद को 3,59,556 वोट मिले थे। अनुप्रिया ने उन्हें 2,32,008 वोटों से हराया था। इससे पहले 2014 में अनुप्रिया ने बसपा के उम्मीदवार को 2,19,079 मतों से हराया था

# तब सहानुभूति और मोदी लहर थी, अब राम नाम का सहारा

## भाजपा प्रत्याशी के सामने अखिलेश की चुनौती के सामने दूसरी बार चुनावी वैतरणी पार करने की चुनौती

कन्नौज लोकसभा

इरा अवस्थी, कन्नौज


अखिलेश यादव।


सुब्रत पाठक।

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़कर मंजिल तक पहुंचने की तैयारी में है। रविवार को इटावा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्नौज के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए वोट यह कहकर मांगा कि यह समझें कि वोट उनको (मोदी) जाएगा। इसका असर क्या होगा यह तो नहीं कह सकते लेकिन अतीत में लौटें तो 2019 में सुब्रत को मोदी लहर के साथ ही पिता के आकस्मिक देहावसान की सहानुभूति भी मिली थी। अब पांच साल पूरे होने के बाद 'काम' की कसौटी के अलावा राम और मोदी का नाम उनके साथ है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस बार उनके लिए चुनावी वैतरणी पार करके सीट बरकरार रखना किसी चुनौती से कम नहीं है।

2009 में पहला चुनाव सुब्रत पाठक ने भाजपा के टिकट पर सपा के अखिलेश यादव के विरुद्ध लड़ा था। तब उन्हें हार का सामना करना पड़ा था और अगला चुनाव डिंपल यादव से हारे। बावजूद इसके भाजपा नेतृत्व का भरोसा उन पर कायम रहा और तीसरी बार टिकट पाने के साथ इस भरोसे की लाज भी उन्होंने बचा ली बरसों बरस सपा के कब्जे से सीट छीनकर पार्टी नेतृत्व की आंखों के तारे बनने में कामयाब हुए। उल्लेखनीय है कि 2014 में जबर्दस्त मोदी लहर थी लेकिन वह चुनाव नहीं जीत सके थे। वर्ष 2019 में दो फरवरी की सुबह काल बनकर आई और उनके पिता, फूफा की सड़क हादसे में दुखद मौत हो गई। यह गाज गिरी तो उनके समेत पूरा परिवार ही टूट गया। इसके दो माह बाद ही लोकसभा चुनाव आ गए। इस बार सुब्रत ने डिंपल को मामूली अंतर से शिकस्त देने में कामयाबी पाई। जानकारों के मुताबिक एक तो मोदी लहर कायम थी, ऊपर से उनके पिता के निधन से स्थानीय लोगों में सहानुभूति भी थी। उनके पिता स्व. ओमप्रकाश पाठक का व्यापारियों के साथ ही समाज में भी सम्मान रहा तो इसका भी राजनीतिक फायदा कहीं न कहीं सुब्रत को मिला। लेकिन इस बार की कहानी कुछ अलग है। लोग उन्हें अपनी आंकाक्षाओं के साथ विकास कार्यों के तराजू पर तौल रहे हैं। दूसरी तरफ व्यापारी समाज के एक वर्ग के खफा होने की खबरे हैं। विगत दिनों झींझक में आयोजित एक कार्यक्रम में जनसंघ से जुड़े रहे बुजुर्ग व्यापारियों ने उनको वोट देने के मुद्दे पर विभिन्न समस्याएं रखते हुए आक्रोश जताया था। इसके साथ ही दो दिन पहले उमर्दा क्षेत्र के बरुआहार गांव पहुंचे तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत को विरोध का सामना करना पड़ा था। ऐसे में साफ है कि भाजपा को यह सीट बचाए रखने के लिए पूरा जोर लगाना पड़ेगा। स्थितियां कुछ जटिल इसलिए भी हैं कि इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव स्वयं प्रत्याशी हैं तो बसपा का भी प्रत्याशी मैदान में है। सपाई भी एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं। वे हर हाल में यह सीट वापस करने को लेकर आतुर हैं तो बसपा भी नुकसान पहुंचाने वाली है। यह बात अलग है कि रविवार को इटावा में आयोजित विशाल जनसभा मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का आह्वान किया है कि सुब्रत पाठक को वोट देंगे तो वह उनके खाते में जाएगा।

मांगा समर्थन


हरियाणा के गुरुग्राम से कांग्रेस के उम्मीदवार पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेता राजबब्बर ने समर्थकों के साथ जनसंपर्क किया। इस दौरान पार्टी नेताओं ने उन्हें हल भेंट किया और किसानों की समस्याओं से अवगत कराया।

आंदोलन



कर्नाटक में जेडीएस नेता प्रज्ज्वल रवन्ना के अश्लील वीडियो सामने आने से नाराज दिल्ली महिला कांग्रेस की नेताओं ने प्रदर्शन किया और रवन्ना की गिरफ्तारी की मांग की। केंद्र सरकार पर रवन्ना का बचाने का आरोप लगाया।

# कभी जोश और जश्न के अखाड़े थे, अब चुनावी रौनक लापता

महेश शर्मा, कानपुर

- सन्नाटे में डूबे पड़े शहर के पॉवर सेंटर, समय के साथ बदल गई राजनीतिक तस्वीर
- यादवों की उम्मीदों को झटका मेहरबान सिंह का पुरवा की सियासी हलचल खत्म
- श्रीप्रकाश के पोखरपुर आवास पर लगता था मेला, टिकट वहीं से तय हुआ करते थे
- आरएसएस की गतिविधियों का केंद्र था बैरिस्टर नरेंदजीत का बंगला, अब खामोशी

**अमृत विचार।** भाजपा को लगातार मिल रही चुनावी बढ़त और बदलते समीकरण और वक्त के साथ चुनावी चाल ने इस बार कानपुर के पॉवर सेंटरों को एक तरह से जैसे खत्म कर दिया है। चुनावी रौनक लापता है। ये पॉवर सेंटर जिन पर राजनीतिक घरानों के नाम से भी जुमलेबाजी कसी जाती थी अब शांत और सन्नाटे में डूबे हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े ऐसे करीब पांच पॉवर सेंटर कानपुर में चर्चित थे, जो समय के साथ अपना रुतबा गंवाते नजर आ रहे हैं।

मेहरबानसिंह का पुरवा उत्तर प्रदेश की मिनी कैपिटल के नाम से चर्चित था। जनता पार्टी के जमाने में 1977 में यह छोटा सा गांव तब चर्चित हुआ जब चौधरी रामगोपाल यादव को चौधरी चरण सिंह ने बिल्हौर (परिसीमन से पहले) लोकसभा सीट से टिकट दिया था। वह जीते। इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव जनता पार्टी की सरकार बनी। उनके छोटे भाई चौधरी हरमोहन सिंह यादव ने उनकी राजनीतिक विरासत संभाली। प्रदेश में समाजवादी विचारधारा वाली पार्टी जनता पार्टी की टूट के बाद भी बढ़ती रही। यादव महासभा के समर्थन से मुलायम सिंह यादव को चौधरी चरण सिंह की राजनीतिक विरासत का सही उत्तराधिकारी माना गया। पहले जनता दल फिर समाजवादी पार्टी बनी। मेहरबानसिंह का पुरवा को राजनीतिक हवा-पानी मिलता रहा और चौधरी हरमोहन कानपुर व इर्दगिर्द मजबूत होकर उभरे। उनके पुत्र जगराम दो बार विधायक रहे। सुखराम एमएलसी रहे बाद में विधान परिषद के सभापति हुए। और सपा ने ही उन्हें राज्यसभा भेजा। लेकिन पहले हरमोहन सिंह यादव फिर मुलायम सिंह के निधन के बाद तो मेहरबान सिंह का पुरवा तो जैसे राजनीतिक रूप से अनाथ हो गया। चौधरी सुखराम सिंह यादव के पुत्र मोहित सिंह यादव भाजपा में हैं। सुखराम चुप होकर बैठ गए। वह मोदी के प्रशंसक हैं। वह कहते भी हैं कि मोदी के हाथों देश सुरक्षित है। बहरहाल शहर के एक कोने में यह गांव फिर पहले जैसा हो गया है। कुछ स्कूल-कालेज खुलने से शैक्षिक चहल-पहल जरूर रहती हैं। लेकिन नेताओं ने मुंह मोड़ लिया है। इसी तरह जाजमऊ का वाजिदपुर भी सन्नाटे में है। मनोहरलाल और उनके पुत्र दीपककुमार के निधन के बाद उनकी विरासत रामकुमार ने संभाली पर सफल नहीं रहे।

सिविल लाइन में डॉ वीरेंद्र स्वरूप का बंगला। एक दौर था जब कांग्रेस की राजनीति यहीं से तय होती थी। 99 साल से एमएलसी की सीट इसी परिवार के पास रही। लेकिन भाजपा की मोदी लहर के के बाद अरुण पाठक ने परिवार के चिराग मानवेंद्र स्वरूप को दो बार हरा दिया। इस पर परिवार ने राजनीति को ही अलविदा कह दिया। दरअसल जगेंद्रस्वरूप, नगेंद्र स्वरूप और रागेंद्र स्वरूप के निधन के बाद उनके राजनीतिक उत्तराधिकारी सुस्त पड़ गए। अब बात श्रीप्रकाश जायसवाल की। उनका आवास पोखरपुर भी वीरान सा हो गया है।

सन 1984 से लेकर 2019 तक जायसवाल की खासी धाक हुआ करती थी। उनके आवास पर मेला लगता था। टिकट और संगठन के पद वहीं से तय हुआ करते थे। उधर, अजय कपूर का लाल क्वार्टर वाला कांग्रेसी ग़ढ़ भी सूना-सूना सा है। अब अजय कपूर भाजपा में चले गए हैं, पर करीब दस साल तक सियासी बियाबान में भटकने वाले हैट्रिक विधायक रहे भाजपा की आंधी में उड़ने के बाद कमल का फूल खिलाने के लिए भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी के लिए गली-गली वोट मांग रहे हैं।

आरएसएस का गढ़ कहा जाने वाला बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह का सिविल लाइन वाला बंगला भी सूना है। बैरिस्टर के सुयोग्य पुत्र वीरेंद्र पराक्रमाजीत सिंह ने क्षेत्रीय संघ चालक के पद को स्वेच्छा से त्याग दिया है। नागपुर में प्रतिनिधि सभा में खुद को दायित्व मुक्त कर लिया। उनकी पुत्र वधू नीतू सिंह का नाम मेयर और बाद में सांसदी की टिकट के लिए चला पर टांय-टांय फिस्स हो गया। उनके पिता सांसद सत्यदेव पचौरी का टिकट अबकी बार काट दिया गया। उनका स्वरूप नगर वाला बंगला भाजपा का पॉवर सेंटर हुआ करता था। बात वामदलों की करें तो उनके अड्डे की रौनक भी ठंडी पड़ी है। सिविल लाइन में पूर्व सांसद सुभाषिनी अली सहगल का बंगला खाली-खाली सा रहता है। सुभाषिनी 1989 में माकपा से सांसद चुनी गयीं थी। पार्टी का आधार समाप्त सा हो गया है। सुभाषिनी माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य हैं।

वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और जय श्रीराम की गूंज के साथ ढोल नगाड़ों से जबरदस्त स्वागत, पांच घंटे उल्लास का उत्सव

# रामपथ पर प्रधानमंत्री मोदी का अभूतपूर्व अभिनंदन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आतिथ्य के लिए तैयार रहने वाली अयोध्या ने रविवार को फिर अपनी पौराणिक परंपरा का पालन किया। लोकसभा चुनाव में रोड-शो के लिए पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभूतपूर्व अभिनंदन किया।

दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक पांच घंटे के इंतजार के बाद जैसे ही फूलों से सजे रथ पर सवार होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोड-शो के लिए निकले पूरा रामपथ जय श्रीराम और हर-हर महादेव के उद्‌घघोष से गूंज उठा। आह्लादित लोग सड़कों पर नृत्य करने लगे और महिलाएं मंगल गीत गाने लगीं। भीड़ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झलक पाने की ऐसी बेताबी थी कि एक-दूसरे पर चढ़े रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी चिर परिचित मुस्कान और हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन करते रहे। फूलों से सजे रथ के आगे भाजपा साड़ी व केसरिया पगड़ी में महिलाओं का समूह चल रहा था। प्रधानमंत्री के दाहिने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बाएं भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह हाथों में लाइटिंग कमल लिए भीड़ का उल्लास और उत्साह देख कर मुदित हो रहे थे। सुग्रीव किला से रथ जैसे ही आगे बढ़ा। दर्शन मार्ग पर खड़े संतों की टोली ने शंखनाद और मंत्रोच्चार से स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा शुरू कर दी।



रोड शो के दौरान लोगों का अभिनंदन करते पीएम नरेंद्र मोदी।

### रामपथ पर जब गूंजा सरयू सलिला करे पुकार

प्रधानमंत्री के रोड-शो के दौरान इस बार नया नारा सामने आया। पूरे रामपथ पर सरयू सलिला करे पुकार मोदी जी बारम्बार लिखीं तख्तियां लोगों की हाथों में लहरा रहीं थीं। इतना ही नहीं मोदी जी को जय श्रीराम और अबकी बार 400 पार लिखी तख्तियां भी सभी के हाथों में थीं।

गुलाब के फूलों की पंखुड़ियां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर पड़ी तो दोनों हाथ जोड़ संतों को प्रणाम किया। तुलसी उद्यान के पास रथ के पहुंचते ही सड़क के दोनों ओर से जय श्रीराम के उद्‌घघोष के साथ फूलों की वर्षा से रथ रंग गया। दो किमी के रोड-शो के दौरान भीड़ तब तक नहीं हटी जब तक प्रधानमंत्री लता मंगेशकर चौक नहीं पहुंच गए। लता मंगेशकर चौक पर उत्सव का कुछ अलग ही दृश्य दिखा। यहां सुरक्षा घेरा होने के बावजूद दोनों ओर लोगों से ठसाठस भीड़ थी। यहां लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री का ऐसा अभिनंदन तो प्राण प्रतिष्ठा और लोकार्पण समारोह के दौरान हुए रोड-शो में नहीं हुआ। अयोध्या के अखंड पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विरले नेता हैं। उनका अभिनंदन भी विरला होना ही था। खास बात यह थी कि पूरे रामपथ पर सड़कों के दोनों ओर भवनों को गेंदे के फूल की लड़ियों से सजाया गया था।

## सीएससी और आरआरसी से बढ़ेगी पंचायतों की आय


**लखनऊ, अमृत विचार :** ग्राम पंचायतों की आय सुविधाओं और सेवाओं से बढ़ाई जाएगी। कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) और प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन मददगार बनेगा। निदेशक पंचायती राज विभाग अटल कुमार राय ने आय बढ़ाने की योजना बनाई है। चुनाव बाद जिलों पर काम होगा।

पंचायत भवनों में सीएससी संचालित होने से ग्रामीणों के आय, जाति, निवास बनवाना व अन्य योजनाओं के फार्म भरना आसान हो गया है। इसकी एवज में जो शुल्क आता है वह ग्राम पंचायत की आय है। इसे और बेहतर तरह से संचालित किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### तो जॉब नहीं पहचान के लिए बनवाए कार्ड

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत बने जॉब कार्ड का 100 फीसद सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें ज्यादातर श्रमिक गांव के बाहर काम कर रहे या फिर सत्यापन के दौरान नहीं मिलते हैं। कुछ की मृत्यु हो चुकी है तो कई सत्यापन के लिए आधार कार्ड नहीं उपलब्ध करा रहे हैं। इस कारण कुल 1,52,21,426 श्रमिकों में 1,27,18,286 (83.56 फीसद) का सत्यापन हो पाया है। जबकि शेष की गिनती 100 दिन के रोजगार में नहीं है। यह कह सकते कि जॉब कार्ड रोजगार के लिए नहीं योजनाओं का लाभ और पहचान के लिए बनवाएं हैं। वहीं, सक्रिय श्रमिकों में 1,00,56,810 में 82,77,761 (82.31 फीसद) का सत्यापन हुआ है। यह श्रमिक बराबर काम करने वाले हैं। कारण कुछ भी हो 100 फीसद सत्यापन के लिए संयुक्त आयुक्त (मनरेगा) अनिल कुमार पांडेय ने सभी जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जिलों पर मृतक, डुप्लीकेट जैसी अन्य स्थिति वाले जॉब कार्ड डिलीट किए जाएंगे।



### भाजपा विधायक को पार्टी से कारण बताओ नोटिस

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने आगरा की फतेहपुर सीकरी विधानसभा से भाजपा विधायक चौधरी बाबूलाल को कारण बताओ नोटिस दिया है। आरोप है कि, भाजपा विधायक ने आगरा की फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से अपने बेटे को चौधरी रामेश्वर को निर्दलीय चुनाव लड़ा रहे हैं। इसे लेकर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विधायक चौधरी बाबूलाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है जिसका उनको 6 मई तक जवाब देना है।

### हेरोइन व गांजा सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. पुलिस ने दो अलग-अलग जनपदों से भारी मात्रा में गांजा और हेरोइन बरामद कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी असम तो दो आरोपी बिहार के रहने वाले हैं। मिर्जापुर के चुनार थाना क्षेत्र में पुलिस ने 20 लाख कीमत के 200 ग्राम हेरोइन के साथ धीरज व भोलू को गिरफ्तार किया है। धीरज चुनार के निवासी हैं, जबकि भोलू अहिरौरा का रहने वाला है। वहीं मऊ के सरायलखंसी थाना पुलिस ने 65 किलो गांजा के साथ विजयीपुर गोपालगंज, बिहार के धनी और विवेक तथा उदालगढ़ी असम के रहने वाले मनु को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाने में लिखापढ़ी कर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है।

### ऊर्जा निगमों के परिसर में लगे माइक्रोवेब टॉवर हटेंगे

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के मुख्यालय शक्ति भवन परिसर में लगे सौ मीटर ऊंचे माइक्रोवेब टॉवर समेत प्रदेश में लगे सभी टॉवर हटाये जाएंगे। शक्ति भवन के टॉवर को हटाने का काम शुरू हो गया है। इसको हटाने में करीब एक माह का समय लगेगा। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि पूर्व में पूरे प्रदेश की बिजली व्यवस्था तत्कालीन राज्य बिजली बोर्ड के जिम्मे थी। 41 साल पहले शक्ति भवन परिसर में सौ मीटर ऊंचा माइक्रोवेब टॉवर लगाया था, इसके अलावा बिजली उत्पादन इकाइयों ओबरा, अनपरा, हरदुआगंज, पनकी आदि जगहों पर भी ऐसे टॉवर लगाये गये थे। दूरसंचार के लिए बनाये गये इन माइक्रोवेब टॉवरों के जरिये बिजली अभियंता आपस से बातचीत कर बिजली उत्पादन, पारेषणा व वितरण की जानकारियां साझा करते थे, वर्तमान में यह व्यवस्था बंद हो चुकी है। ऑप्टिकल फाइबर के तहत शक्ति भवन मुख्यालय को उत्पादन व पारेषण केंद्रों से जोड़ दिया गया है। ऐसे में माइक्रोवेब व्यवस्था अनुपयोगी हो गई है। अधिकारियों का कहना है कि पहले चरण में शक्ति भवन में लगे टॉवर को हटाने के लिए पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने निर्देश दिये हैं, इसी के तहत इस टॉवर को हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई है। टॉवर हटाने के लिए बरेली से विशेषज्ञ बुलाये गये हैं।

# छात्र को निर्वस्त्र कर गुप्तांग में टांगी ईंट, आग से तपाया

## कानपुर के काकादेव थाना क्षेत्र में हुई दुस्साहसिक वारदात

- इटावा का बताया जा रहा है छात्र, बंधक बनाकर बेरहमी से पीटा
- ऑनलाइन गेम के रुपये को लेकर विवाद, एक हिरासत में

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:** काकादेव थानाक्षेत्र से एक दुस्साहसिक वारदात सामने आई है। ऑनलाइन गेम के लेनदेन के विवाद में इटावा से कोचिंग मंडी में पढ़ने आए छात्र से आरोपियों ने हैवानियत करते हुए जमकर यातनाएं दीं।

आरोपियों ने उसे जमकर पीटा, जिससे वह घायल हो गया। उसको निर्वस्त्र कर गुप्तांग में डोरी से ईंट बांध दी और लटका दिया। एलपीजी कैन से आग निकालकर उसे जलाने का प्रयास किया। आरोपियों ने हैवानियत का वीडियो भी बनाया जो रविवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। तालिबानी सजा का वीडियो जिसने देखा उसके रोंगटे खड़े हो गए। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। कोचिंग मंडी काकादेव के किसी मकान या हॉस्टल के पांच वीडियो सोशल मीडिया पर रविवार को वायरल हो गए। वीडियो में पीड़ित से पहले बातचीत है, इसी दौरान उसे मोबाइल देकर रुपये मंगाने के लिए कहा जाता है। बहन, पिता, भाई और किसी भी परिजन से रुपये मंगाने को दबाव डालकर मारापीटा जाता है। ऑनलाइन गेम में रुपये के लेनदेन को लेकर हुए विवाद के बाद पीड़ित को एलपीजी कैन से जलाने का प्रयास कर तमाचा मारा जाता है।

इसके बाद उसे कमरे में बंधक बनाकर निर्वस्त्र करके उसके गुप्तांग में डोरी से बांधकर ईंट लटका दी जाती है। छात्र के साथ हैवानियत की सारें हदें पार की गईं।

पुलिस के सूत्रों ने बताया कि इस प्रकरण के बाद छात्र इतनी दहशत में है कि वो मुंह खोलने से भी डर रहा है। सहायक पुलिस आयुक्त स्वरूप नगर शिखर ने बताया कि मारपीट और अमानवीय कृत्य का वीडियो सामने आया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## नदी में नाव पलटने से तीन की मौत

**संतकबीरनगर, अमृत विचार:** धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम मझौरा के पास स्थित कुआनो नदी में रविवार की दोपहर डोंगी नाव पलट जाने से नदी में डूबकर दो बच्चों और एक बुजुर्ग की मौत हो गई।

ग्राम मझौरा के टोला नकहा निवासी 62 वर्षीय गोपाल पुत्र बरखू अपने इकलौते पोते 11 वर्षीय आर्यन पुत्र शैलेंद्र और 12 वर्षीय शिवम पुत्र सुनील के साथ गांव के पास स्थित कुआनो नदी के किनारे भैंस चरा रहे थे। दोपहर में उनकी भैंसें नदी में जाकर नहाने लगीं। इसी बीच कुछ भैंसें नदी के दूसरी तरफ चली गईं। उन्हें वापस ले आने के लिए गोपाल नदी के किनारे बंधी मछुआरों की नाव लेकर जाने लगे। सहयोग के लिए उन्होने अपने पोते आर्यन और शिवम को भी साथ ले लिया। नाव अभी नदी की बीच धारा में ही पहुंची ही थी कि उसमें पानी भरने लगा और देखते ही देखते नाव डूब गई। इस घटना में दोनों बच्चों समेत गोपाल भी डूब गए।

# पिता की नशेबाजी से त्रस्त बेटे ने गला दबाकर मार डाला

- बेटा हिरासत में, मां की भूमिका जांच रही पुलिस
- शव को रात में घर के पीछे मैदान में फेंक दिया

संवाददाता महाराजपुर (कानपुर)

**अमृत विचार:** महाराजपुर के कुलगांव चौकी क्षेत्र में पिता की नशेबाजी से त्रस्त बेटे ने गला दबाकर उनकी हत्या कर दी और लाश को रात में घर के पीछे मैदान में फेंक दिया। रविवार सुबह शव देखकर सनसनी फैल गई। पुलिस ने कुछ घंटों बाद ही मौत के रहस्य से पर्दा उठा दिया। आरोपी बेटे को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हत्या में पत्नी की भूमिका की जांच की जा रही है।

रूमा औद्योगिक क्षेत्र में स्थित लछनियां पुरवा निवासी राजेंद्र कुमार उर्फ राजू गौतम (52) का शव रविवार सुबह लगभग 6 बजे मैदान में पेड़ों के पास पड़ा मिला। शरीर और गले में चोट के निशान थे, वहीं आंख में भी गंभीर चोट दिखाई दे रही थी। एसीपी चकेरी दिलीप कुमार और डीसीपी ईस्ट एसके सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी कि शनिवार शाम किसी बात को लेकर राजू गौतम और उसके छोटे बेटे अरुण (20) के बीच कहासुनी और मारपीट हुई थी। इसी आधार पर पुलिस ने बेटे अरुण के साथ पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि पिता राजू गौतम नशे का लती था और अक्सर शराब पीकर घर में झगड़ा करता था। शनिवार शाम भी वो नशे में धुत होकर घर पहुंचा और पत्नी से नॉनवेज बनाने को कहा। खाना बनाने में देरी हुई तो मां सुशीला देवी (48) से झगड़ा शुरू कर दिया। अरुण और उसके पिता के बीच भी नोकझोंक शुरू हो गई। आक्रोश में आकर अरुण ने पहले राजू गौतम की पिटाई की फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## पांचवां चरण: 149 लोस प्रत्याशियों के नामांकन हुए खारिज

- लखनऊ पूर्व विधानसभा पर दो नामांकन रद्द

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पांचवें चरण के चुनाव में नामांकन पत्रों की जांच में 149 लोस प्रत्याशियों के नामांकन खारिज हो गये, जबकि 147 नामांकन वैध पाये गये। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए दाखिल दो नामांकन रद्द हो गये।

चार नामांकन वैध पाये गये। खारिज होने वाले नामांकनों में ज्यादातर निर्दलीय व छोटे दलों के प्रत्याशी शामिल हैं। 20 मई को मतदान होगा। इस चरण के दिग्गज लोकसभा प्रत्याशियों में केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, कौशल किशोर, राहुल गांधी आदि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में लोकसभा सीटों के लिए कुल 296 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जबकि लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उन्होंने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) सीट पर 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था, जिसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए।

# आचार संहिता : अब तक 114 पर रिपोर्ट

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दिए कार्रवाई तेज करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अब तक 114 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई गई है, जबकि कार्रवाई और तेज करने के निर्देश दिये गये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आचार संहिता का पालन कराने के लिए सघन जांच की जा रही है। इसके लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट व 1802 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से अब तक पुलिस विभाग की ओर से आपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये हैं। 4703 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये हैं। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में 26,70,394 लोगों को पाबंद किये जाने के लिए नोटिस भेजी गई, जिसमें 23,30,837 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग की ओरसे 8730 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8817 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 485 बम बरामद कर सीज किये गये हैं। पुलिस ी ओर से अवैध शस्त्र बनाने वाले 3797 जगहों पर छापे डाले गये। 166 स्थलों को सीज किया गया।

**172.19 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की कार्रवाई में बीते दिन 172.19 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त की गई। बीते मार्च से चार मई तक कुल 34037.76 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3372.74 लाख रुपये नकद, 4853.07 लाख रुपये कीमत की शराब, 22450.78 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2193.07 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं व 1168.11 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई।

## वर्ग पहेली-61

**बाएं से दाएं**

1. 1. कटाक्ष, उक्ति, वाक्य, जुमला 2. किसी उद्देश्य का विधान करने वाला पदसमूह, कथन 3. व्यंग्यपूर्ण बात 4. धोखा
2. 1. निडर, निर्भय 2. जिसे ख़ौफ़ या भय न हो।
5. 1. किसी विषय का पूरा विवरण सोद्देश्य लिखना या दर्ज करना, दस्तावेज़ीकरण, (रिकॉर्डिंग) 2. किसी चीज़ पर खोदने या उत्कीर्ण करने का कार्य।
6. तांगा, एक प्रकार की सवारी जिसको घोड़े खींचते हैं, टम-टम, इक्का।
7. मैना जाति की एक चिड़िया

**ऊपर से नीचे**

3. फ़कीरों जैसा, फ़कीरों की तरह।
4. (बाग) जहां लाखों की संख्या में वृक्ष हों, वृक्ष संपत्ति से समृद्ध।
5. 1. पारसी जाति वालों में पाप और अंधकार का देवता 2. शैतान।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | 2 | | 3 |
| ■ | ■ | ■ | 4 | ■ | ■ | |
| 5 | | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ |
| | ■ | 7 | | | | |

### वर्ग पहेली -60 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 स | ब | द | ■ | ■ | ■ | 2 अ |
| ■ | ■ | ■ | 3 चं | ■ | ■ | खा |
| ■ | 4 धु | लें | डी | ■ | ■ | ड़ा |
| 5 भ | ■ | ■ | 6 प | 7 ना | ह | ■ |
| ले | ■ | 8 आ | ति | श | ■ | 9 मे |
| ■ | 10 पं | गा | ■ | न | ■ | थु |
| ■ | ■ | ज़ | ■ | ■ | ■ | न |

# 2.50 लाख के नकली नोटों सहित चार शातिर गिरफ्तार

**झांसी, एजेंसी:** झांसी में सीपरी बाजार थाना पुलिस और स्वाट टीम को नकली नोट छापने के काम में संलिप्त चार शातिर बदमाशों पर शिकंजा कसने में सफलता मिली है। इनके पास से ढाई लाख के जाली नोट और नकली नोट छापने के उपकरण भी बरामद किये गये हैं। पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी-सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि इस धंधे में लिप्त पंकज कुमार मल्होत्रा, मनीष जाटव, आशिक उर्फ आशीष जाटव और कमसीपीलाकांत शिवहरे को पकड़ा गया है। इन शातिरों को शनिवार देर रात थानाक्षेत्र अंतर्गत बूढ़ा गांव से कानपुर बाईपास हाइवे की सर्विस रोड से गिरफ्तार किया।

उन्होंने बताया कि यह चारों ही शातिर मध्यप्रदेश के रहने वाले हैं और पूछताछ में इन सभी ने स्वीकार किया कि यह सभी लंबे समय से नकली नोटों की छपाई के काम में लगे थे। यह लोग जाली नोटो को खुद भी चलाते थे और मध्यप्रदेश तथा सीमावर्ती झांसी में अपने एजेंटों के माध्यम से भी जाली नोटों को आधी कीमत पर बेच देते थे। इनके पास से नकली नोटों के साथ जाली नोट छापने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण तथा अन्य जरूरी सामान और 2000 रूपये के असली नोट भी बरामद किये गये हैं। सभी अभियुक्तों के खिलाफ उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। इनका कोई पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। इन सभी ने फरवरी से नकली नोट छापने का काम शुरू किया और जिससे यह काम इन सभी ने सीखा उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिये गये हैं। इन्होंने पूछताछ में बताया कि अभी तक यह तीन लाख रूपये कीमत के नकली नोट पान-गुटखा, किराना की दुकानों पर अपनी एजेंटों के माध्यम से चला चुके हैं। इस गैंग का लीडर पंकज के पिता मध्यप्रदेश पुलिस में हैड कान्सटेबल और भाई कॉन्सटेबल के पद पर तैनात हैं।



## सुडोकू -140

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | | 7 | 5 | | | | | 4 |
| | | 9 | | 2 | | 8 | | |
| 4 | | | | | | 7 | | 8 |
| | | | 3 | | 7 | | | |
| 5 | | 8 | | | | | | 2 |
| | | 4 | | 6 | | 3 | | |
| 8 | | 3 | | | 9 | 4 | | 6 |
| | 1 | | | | | 9 | 8 | |

### सुडोकू -139 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 7 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 |
| 1 | 2 | 4 | 3 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 4 | 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |
| 5 | 3 | 1 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 14.40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-रेवती 17.43 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष:** आज अचानक लाभ की आशा करेंगे तो निराश होना पड़ेगा। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है। लोग स्वार्थ की भावना से आपको धोखा दे सकते हैं। आपको कानूनी विवादों में उलझना पड़ सकता है। मेहनत का संतोषजनक परिणाम प्राप्त होगा।

**वृष:** आज सामाजिक गतिविधियों में आप व्यस्त होने वाले हैं। संतान के सहयोग से लाभ मिलेगा। आर्थिक रूप से सक्षम रहेंगे। नए व्यावसायिक अनुबंध मिल सकते हैं। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन:** आज आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आत्म निरीक्षण के लिए दिन उत्तम है। जॉब में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। घर के सदस्यों के बीच वैचारिक सामंजस्य बहुत ही अच्छा रहेगा।

**कर्क:** आज अधिकारियों की बातों का बुरा न मानें। बच्चों की गतिविधियों के कारण शर्मिंदा होना पड़ सकता है। कार्यशैली में कुछ बदलाव ला सकते हैं। नया व्यापार शुरू करने में आसानी होगी। किसी पर भी अत्यधिक विश्वास न करें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**सिंह:** आज पति-पत्नी के बीच अहम में टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें। प्रेम संबंधों में थोड़ी प्रतिकूलता रहेगी। अनजान लोगों से विवाद न करें।

**कन्या:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जॉब में आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पाएंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। रुका हुआ सरकारी काम हल हो सकता है। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**तुला:** आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी। अधिकारियों के विभाग में परिवर्तन हो सकता है। अनैतिक कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। उच्चाधिकारियों के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज दांपत्य जीवन में परस्पर सम्मान बनाए रखें। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर काफी सतर्क रहेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। शेयर मार्केट से धन लाभ होने के प्रबल योग बन रहे हैं।

**धनु:** आज सहयोगी आपके काम में टोका-टाकी न करें इसका ध्यान रखें। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं। स्वभाव में गुस्सा और चिड़चिड़ापन हो सकता है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। भौतिक सुख-सुविधाओं का आनंद उठाएंगे।

**मकर:** आज छोटे बच्चों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। उलझनों के बावजूद सभी काम के अनुसार ही पूर्ण होंगे। दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। यदि आप किसी इंटरव्यू में बैठ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है।

**कुंभ:** आज छोटी सी गलती बड़ी समस्या का कारण बन सकती है। कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। मानसिक दुविधाओं को दूर करने में सफल रहेंगे। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पाएंगे।

**मीन:** आज अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। काम के प्रति समर्पण होने से आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
कीमत — सुबह : 09.55
जान से प्यारा — रात : 07.00

**Sony Pix**
द डार्क नाईट राइजेस — सुबह : 10.24
2012 — रात : 08.05

**&pictures**
लिंगा — सुबह : 11.25
पुलिस पावर — शाम : 05.05

**Zee Cinema**
शहंशाह — सुबह : 09.50
जानवर — रात : 07.00

**Colors Cineplex**
ज़ोंबी रेड्डी — सुबह : 11.08
चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 06.24

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.25 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति ने पत्नी का फोन काटते हुए कहा-मैं मीटिंग में हूं, बाद में बात करता हूं।
थोड़ी देर बाद पड़ोसन का फोन आया।
पड़ोसन-क्या आप फ्री हैं, आपको डिस्टर्ब तो नहीं किया।
पति-अरे नहीं, आप हुकुम कीजिए।
पड़ोसन-मुझे कोई काम नहीं है, आपकी पत्नी को कुछ बात करनी है, लो बात करो।
पत्नी-शाम को घर आना तो आयोडेक्स लेते आना।

टीचर- बहुवचन किसे कहते हैं?
छात्र-जब बहू अपने ससुराल वालों को खरी-खोटी सुनाती है तो उसे बहुवचन कहते हैं।
अध्यापक जी बेहोश होते-होते बचे।


# शुरुआती दो चरण के बाद मोदी लगा चुके शतक : शाह

## गृह मंत्री ने आंध्र प्रदेश में जताया भरोसा, कहा-तीसरे चरण के बाद 400 सीट के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे

धर्मवरम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आंध्र प्रदेश में चुनाव प्रचार अभियान के दौरान रविवार को दावा किया कि देश में आम चुनाव के शुरुआती दो चरण के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शतक लगा चुके हैं और 400 से ज्यादा सीट पाने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। अमित शाह ने के आंकड़े की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दो दौर के मतदान के बाद भाजपा को मिली सीट की संख्या 100 से अधिक हो गई होगी। अमित शाह ने यहां राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की एक रैली को संबोधित करते हुए आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर राज्य में भ्रष्टाचार और अपराध को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

उन्होंने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस) गठबंधन के सहयोगियों का मजाक उड़ाते हुए कहा कि राहुल गांधी सहित इस गठबंधन का कोई भी नेता देश का नेतृत्व करने के लिए उपयुक्त नहीं है, जबकि दूसरी ओर पूरे देश ने मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का फैसला कर लिया है। शाह ने मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) और अभिनेता पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना ने गुंडों और अपराधियों के कथित शासन, राज्य में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और रेत माफिया को समाप्त करने के लिए गठबंधन किया है। उन्होंने कहा, ''देश में लोकसभा चुनाव हो रहा है। आंध्र प्रदेश में लोकसभा चुनाव के



साथ विधानसभा चुनाव भी हो रहा है। आम चुनाव के पहले दो चरण समाप्त हो चुके हैं। पहले दो चरण में मोदी 100 सीट पाकर आगे हैं। तीसरे चरण में वह 400 से ज्यादा सीट हासिल करने की ओर बढ़ रहे हैं।'' गृह मंत्री ने कहा कि वह राज्य में भ्रष्टाचार, अपराध, माफिया और धर्मांतरण के खिलाफ भाजपा, तेदेपा और जनसेना गठबंधन की लड़ाई को ताकत देने के लिए आंध्र प्रदेश आए हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी हैं, वह आपका आरक्षण छीनना चाहते हैं : राहुल



**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आरक्षण के खिलाफ हैं और वह आरक्षण छीनना चाहते हैं। तेलंगाना के आदिलाबाद (एसटी) लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत निर्मल में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने दावा किया कि मौजूदा आम चुनाव दो विचारधाराओं के बीच है, जिसमें कांग्रेस संविधान की रक्षा करने की कोशिश कर रही है जबकि भाजपा-आरएसएस मिलकर इसे और जनता के अधिकारों को खत्म करना चाहते हैं। उन्होंने कहा-नरेन्द्र मोदी जी आरक्षण के खिलाफ हैं। वह आपसे आरक्षण छीनना चाहते हैं। देश के सामने सबसे बड़ा मुद्दा आरक्षण को 50 फीसदी से बढ़ाना है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया है कि अगर पार्टी की केंद्र में सरकार बनती है, तो वह 50 प्रतिशत की सीमा को समाप्त कर देगी और आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ा देगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा के अन्य नेता भी आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। यह आरोप लगाते हुए कि मोदी ने सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण कर दिया है, गांधी ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा लागू की गई अनुबंध प्रणाली आरक्षण को हटाने के समान है। उन्होंने कहा-हम सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक क्षेत्र में अनुबंध प्रणाली को हटा देंगे। अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी नौकरियां मिलेंगी।

### गाजीपुर लैंडफिल अग्निकांड मामले में एनजीटी ने मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने पिछले महीने गाजीपुर लैंडफिल स्थल (कचरा एकत्रित करने की जगह) पर आग लगने की घटना पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों से पांच सप्ताह के भीतर जवाब मांगा है। अधिकरण 21 अप्रैल को पूर्वी दिल्ली में गाजीपुर लैंडफिल स्थल पर भीषण आग लगने की घटना के संबंध में एक अखबार की रिपोर्ट पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई कर रहा था। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि समाचार रिपोर्ट ने पर्यावरण मानदंडों के अनुपालन से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है। पीठ ने कहा आदेश के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है।

**वायुसेना के काफिले पर हमले का मामला**

## आतंकियों की तलाश जारी कई को हिरासत में लिया

मेंढर/जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में वायुसेना (आईएएफ) के काफिले पर हमले में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए व्यापक तलाशी अभियान रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा और कई लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जम्मू के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन और सेना तथा खुफिया एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने सुरनकोट क्षेत्र में हमला स्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि सेना ने एक हेलीकॉप्टर के जरिये हवाई निगरानी भी की। शाहसितार के पास शनिवार शाम हुए हमले में वायुसेना के पांच कर्मी घायल हो गए और उनमें से एक ने बाद में एक सैन्य अस्पताल में दम तोड़ दिया।

अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों का सफाया करने



- जम्मू के एडीजी और सैन्य अफसरों ने किया क्षेत्र का दौरा

के लिए शाहसितार, गुरसाई, सनाई और शीनदारा टॉप समेत कई इलाकों में सेना व पुलिस का संयुक्त अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि माना जा रहा है कि हमला करने के बाद हमलावर जंगल में भाग गए। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों ने अधिकाधिक लोगों को हताहत करने के लिए एके असॉल्ट राइफलों के अलावा अमेरिका में निर्मित एम4 कार्बाइन और स्टील की गोलियों का भी इस्तेमाल किया। वायुसेना ने शहीद नायक की पहचान कॉरपोरल विक्की पहाड़े के रूप में की है और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### सेना के पैरा कमांडों भी अभियान में लगे

अधिकारियों ने कहा कि सेना के पैरा कमांडो की अलग-अलग टीम को भी तलाशी अभियान में लगाया गया है। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के ठिकाने के बारे में अभी कुछ पता नहीं चला है। अधिकारियों ने कहा कि हमले के संबंध में पूछताछ के लिए कई लोगों को हिरासत में लिया गया है। यह इस साल जम्मू क्षेत्र में पहली बड़ी आतंकवादी घटना है। सीमावर्ती पुंछ जिले के साथ निकटवर्ती राजौरी में पिछले दो वर्ष में बड़े आतंकवादी हमले हुए हैं। वर्ष 2003 और 2021 के बीच यह क्षेत्र शांतिपूर्ण रहा था।

**एक नजर**

### दरभंगा में राजद एवं भाजपा प्रत्याशी से मांगा गया स्पष्टीकरण

**दरभंगा।** दरभंगा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने लोकसभा आम निर्वाचन के अवसर पर दरभंगा लोकसभा क्षेत्र के दो प्रत्याशियों से स्पष्टीकरण पूछा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रत्याशी ललित कुमार यादव एवं भाजपा के गोपाल जी ठाकुर से चुनाव प्रचार संबंधी खर्चें का ब्यौरा व्यय लेखा पंजी में अंकित नहीं होने के कारण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा 48 घंटे के अन्दर उनसे लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### मणिपुर में बारिश व ओलावृष्टि का कहर

**इंफाल।** मणिपुर के कई हिस्सों में रविवार को भारी बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से कई घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इम्फाल पश्चिम के कांचीपुर और तेरा सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ओलों से टिन की छतों पर छेद हो गए हैं तो वहीं तेज हवाओं से कई इलाकों में कच्ची झोपड़ियां उड़ गईं। कई इलाकों में ओले पड़ने से मोटी सफेद चादर बिछ गई। ओलावृष्टि से खड़े चार पहिया वाहनों के शीशों में दरारें आ गईं।

## रोहित वेमुला की मौत की जांच में थीं कई विसंगतियां : वेणुगोपाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस पार्टी के संगठन महासचिव ने किया दावा

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की मौत के मामले में पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं और तेलंगाना में उसकी सरकार वेमुला के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। तेलंगाना पुलिस ने वेमुला की मौत के मामले में एक अदालत के समक्ष 'क्लोजर रिपोर्ट' दायर की है जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था और 2016 में उसने इस डर से आत्महत्या कर ली कि कहीं उसकी वास्तविक जाति के बारे में सबको पता न चल जाए।

कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा कि रोहित वेमुला की मौत ने भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-राहुल गांधी जी समेत कांग्रेस इस कठिन समय में रोहित वेमुला के परिवार के साथ खड़ी है। वेणुगोपाल ने कहा कि तेलंगाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि संबंधित 'क्लोजर रिपोर्ट' जून 2023 में तैयार की गई थी। उन्होंने कहा-पहले की गई जांच में कई विसंगतियां थीं। तेलंगाना में



कांग्रेस सरकार रोहित के परिवार के लिए न्याय सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कांग्रेस पिछले साल भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को हराकर राज्य में सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा-इतना ही नहीं, जब हम केंद्र में सरकार बनाएंगे तो हम एक 'रोहित वेमुला अधिनियम' पारित करेंगे जो विशेष रूप से परिसरों में जाति और संप्रदाय के आधार पर होने वाले अत्याचारों की समस्या से निपटेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछली पृष्ठभूमि के किसी भी छात्र को कभी उस दुर्दशा का सामना न करना पड़े जो रोहित ने झेली। रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने शनिवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी से मुलाकात कर परिवार को न्याय दिलाने का उनसे अनुरोध किया था।

## केरल के युवकों को दी गई सामुदायिक सेवा की सजा

अलाप्पुझा, एजेंसी

**लापरवाही से गाड़ी चलाने का मामला**

केरल के अलाप्पुझा जिले में लापरवाही और खतरनाक तरीके से वाहन चलाने का एक वीडियो वायरल होने के बाद राज्य के मोटर वाहन विभाग ने इस सिलसिले में पांच युवाओं को सजा के रूप में सामुदायिक सेवा करने को कहा है।

वीडियो में युवक चलती हुई कार की खिड़कियों पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। मावेलिक्कारा संयुक्त सड़क परिवहन अधिकारी ने कार चालक का लाइसेंस निलंबित कर दिया है और आरोपी युवकों को सामुदायिक सेवा में भाग लेने के लिए सोमवार से चार दिनों के लिए अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट करने को कहा है। संयुक्त आरटीओ एम जी मनोज ने कहा-दुर्घटना पीड़ितों की पीड़ा को समझाने के लिए आरोपी युवकों को अलाप्पुझा मेडिकल कॉलेज के हड्डी रोग विभाग में सेवा का काम सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद युवकों को सामुदायिक सेवा गतिविधि के हिस्से के रूप में गांधी भवन भी भेजा जाएगा।

### कांग्रेस के अंतरिम प्रमुख देवेंद्र यादव ने औपचारिक रूप से पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में रविवार को औपचारिक रूप से पदभार संभालने वाले देवेंद्र यादव ने कहा कि आज देश को कांग्रेस की जरूरत है। यादव ने यह जिम्मेदारी सौंपने के लिए पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया। यादव ने कहा-मुझे इस पद के लिए नामित करने को लेकर मैं कांग्रेस को धन्यवाद देता हूं। मैं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अजय माकन का आभारी हूं। कांग्रेस नेता ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने भी एक कार्यकर्ता के रूप में अपना राजनीतिक जीवन शुरू किया और बहुत अधिक संघर्ष और कठिनाइयां देखी हैं।

## कोलकाता पुलिस के पत्राचार को नजरअंदाज करें: बोस

कोलकाता, एजेंसी

- राज्यपाल ने राजभवन के सभी कर्मचारियों को दिया निर्देश
- महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ का मामला

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस ने रविवार को राजभवन के सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे उनके खिलाफ एक महिला कर्मचारी की छेड़छाड़ की शिकायत के संबंध में कोलकाता पुलिस के किसी भी पत्राचार को नजरअंदाज करें। यह निर्देश कोलकाता पुलिस द्वारा राज्यपाल के खिलाफ महिला के आरोप की जांच के लिए एक जांच दल गठित करने के बाद आया है।

बोस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-यह स्पष्ट है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 361(2) और (3) के मद्देनजर, राज्य पुलिस किसी भी तरह से माननीय राज्यपाल के खिलाफ पूछताछ/जांच/किसी भी प्रकार की कार्यवाही



शुरू नहीं कर सकती है।" उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रपति या किसी राज्य के राज्यपाल के खिलाफ उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत में कोई आपराधिक कार्यवाही शुरू नहीं की जाएगी या जारी नहीं रखी जाएगी। राजभवन के कर्मचारियों के लिए एक विज्ञप्ति के रूप में तैयार किए गए पोस्ट में राज्यपाल ने कहा-उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी अदालत से गिरफ्तारी या कारावास की कोई प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी।

### संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ : ममता



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को भाजपा पर राज्य को बदनाम करने के लिए संदेशखालि की घटनाओं को अंजाम देने का आरोप लगाया, जहां तृणमूल कांग्रेस नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं। तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह उसके उस रुख की पुष्टि करता है कि संदेशखालि प्रकरण के पीछे भाजपा का हाथ था। बनर्जी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं लंबे समय से कह रही हूं कि भाजपा संदेशखालि घटना को अंजाम देकर बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। स्टिंग ऑपरेशन से 'बांग्ला-विरोधियों' का असली चेहरा सामने आया, क्योंकि उन्होंने मेरी माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की थी। 13 मई को, राणाघाट के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि 'बांग्ला-विरोधियों' को बंगाल से बाहर कर दिया जाए।'' तृणमूल कांग्रेस ने कथित वीडियो जारी किया, जिसमें संदेशखालि में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मंडल अध्यक्ष होने का दावा करने वाले गंगाधर कायल को यह कहते सुना जा सकता है कि पूरी साजिश के पीछे पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है।

# कारोबार/कृषि

**एक नजर**

### महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स को मिलीं रिकॉर्ड पेटेंट मंजूरियां

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माण क्षेत्र की प्रमुख घरेलू कंपनियों- महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और टाटा मोटर्स को पिछले वित्त वर्ष में उत्पाद और प्रक्रिया नवोन्मेषण से संबंधित रिकॉर्ड संख्या में पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम को 674 मंजूरियां मिलीं, जो उसका किसी एक साल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। वहीं, टाटा मोटर्स को भी वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 333 पेटेंट मंजूरियां मिली हैं। एमएंडएम ने कहा कि उसे पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 674 पेटेंट मिले हैं। एमएंडएम के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजेश जेजुरिकर ने कहा-हम भविष्य के लिए तैयार रहने के महत्व को समझते हैं, इसलिए हमने आगे रहने के लिए शोध में निवेश सुनिश्चित किया है।

### भारत-घाना में भुगतान प्रणालियों को आपस में जोड़ने पर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** भारत और घाना अपनी भुगतान प्रणालियों - यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) और घाना इंटरबैंक पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स (जीएचआईपीएसएस) को आपस में जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। इससे उपयोगकर्ताओं को आपस में तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण में मदद मिलेगी। दोनों देशों ने डिजिटल रूपांतरण पर समझौता ज्ञापन की संभावनाओं, स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली और अफ्रीकी महाद्वीपीय मुक्त व्यापार समझौते (एएफसीएफटीए) से मिलने वाले अवसरों पर भी चर्चा की है। वाणिज्य विभाग ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा-वे छह महीने के भीतर इस दिशा में तेजी से काम करने के लिए सहमत हुए हैं।

### भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले दो वित्तीय वर्षों की रिपोर्ट जारी करके किया खुलासा

## 2 साल में 10 लाख करोड़ बढ़ा आवास ऋण बकाया

नई दिल्ली, एजेंसी

आवास क्षेत्र के लिए बकाया ऋण पिछले दो वित्त वर्षों में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये बढ़कर इस साल मार्च में रिकॉर्ड 27.23 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। आरबीआई के 'बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण' आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। बैंकिंग और रियल एस्टेट क्षेत्रों के विशेषज्ञों ने बताया कि कोविड महामारी के बाद आवासीय संपत्ति बाजार में दबी मांग सामने आने के चलते आवास ऋण बकाया में वृद्धि हुई।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मार्च, 2024 के लिए बैंक ऋण के क्षेत्रवार वितरण पर आंकड़ों के अनुसार आवास (प्राथमिकता क्षेत्र आवास सहित) के लिए बकाया ऋण मार्च, 2024 में 27,22,720 करोड़ रुपये था। यह आंकड़ा मार्च,




2023 में 19,88,532 करोड़ रुपये और मार्च, 2022 में 17,26,697 करोड़ रुपये था।

आंकड़ों से यह भी पता चला कि वाणिज्यिक अचल संपत्ति के लिए बकाया ऋण मार्च 2024 में 4,48,145 करोड़ रुपये था। यह मार्च, 2022 में 2,97,231 करोड़ रुपये था। विभिन्न संपत्ति सलाहकारों की रिपोर्ट के अनुसार पिछले दो वित्त वर्षों में घरों की बिक्री और कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण में उच्च वृद्धि आवासीय क्षेत्र के सभी खंडों में तेजी के चलते है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से किफायती आवास खंड में सरकार के प्रयासों के कारण तेजी देखी गई है। सबनवीस ने कहा कि आवास ऋण की वृद्धि मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार के कारण यह घटकर 15-20 प्रतिशत रह सकती है।

### सरकार रैंकिंग बढ़ाने के लिए कर रही है काम

विश्व बैंक अपनी पहली बिजनेस रेडी (कारोबार के लिए तैयार) रिपोर्ट इसी साल सितंबर में जारी करने की योजना बना रहा है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने भारत की रैंकिंग बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कारोबार विषय पर काम शुरू कर दिया है। बिजनेस रेडी (बी-रेडी) विश्व बैंक की नई प्रमुख रिपोर्ट है जो दुनियाभर की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में कारोबारी माहौल और निवेश माहौल का मापन करती है। रिपोर्ट कंपनियों पर निर्देशित नियामकीय ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं को मापने का काम करती है। पहली बी-रेडी रिपोर्ट 25 सितंबर, 2024 को जारी की जाएगी। बिजनेस रेडी रिपोर्ट विश्व बैंक समूह के पूर्व के 'डूइंग बिजनेस इंडेक्स' की जगह लेगी। विश्व बैंक ने पिछली रिपोर्टों में आंकड़ों में बदलाव के संबंध में कई अनियमितताओं के बाद 2020 में अपनी 'डूइंग बिजनेस रिपोर्ट' के प्रकाशन को रोकने का फैसला किया था। नई रिपोर्ट में 10 विषयों को केंद्र में रखा गया है जो किसी फर्म की गतिविधियों को शुरू करने, संचालित करने, बंद करने या पुनर्गठित करने के दौरान उसके जीवनचक्र को कवर करते हैं। ये विषय- कारोबार प्रवेश, कारोबार स्थान, उपयोगिता सेवाएं, श्रम, वित्तीय सेवाएं, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, कराधान, विवाद समाधान, बाजार प्रतिस्पर्धा और कारोबार के दिवालिया होने से संबंधित हैं।

### देश में 1.85 लाख नई कंपनियों का हुआ गठन


**नई दिल्ली।** बीते वित्त वर्ष (2023-24) में देश में 1.85 लाख से अधिक कंपनियों का पंजीकरण हुआ। यह इससे पिछले वित्त वर्ष में पंजीकृत कंपनियों की संख्या से कहीं अधिक है। इस साल मार्च में लगभग 16,600 कंपनियां स्थापित की गईं। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। आंकड़ों के अनुसार, 2022-23 में 18,132.16 करोड़ रुपये की सामूहिक चुकता पूंजी के साथ 1,59,524 कंपनियां पंजीकृत हुई थीं। मार्च, 2024 के अंत में देश में कुल 26,63,016 कंपनियां थीं और इनमें से 16,91,495 या 64 प्रतिशत कंपनियां सक्रिय थीं। आंकड़ो से पता चलता है कि इनमें से कम से कम 9,31,644 पंजीकृत कंपनियां बंद हो गईं, 2,470 निष्क्रिय थीं और 10,385 कंपनियां परिसमापन के तहत थीं। कुल 27,022 कंपनियों को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटाने की प्रक्रिया जारी थी।

## प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की ली गई अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लागू होने के मद्देनजर प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने से पहले निर्वाचन आयोग की अनुमति ली है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सरकारी सूत्रों के अनुसार, वित्त मंत्रालय के तहत राजस्व विभाग ने 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क और 550 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (एमईपी) की शर्तों के तहत प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटाने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति ली है। सरकार ने शनिवार को प्याज निर्यात से प्रतिबंध हटा दिया था। इस फैसले से बड़ी संख्या में किसानों को मदद मिलेगी। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है जबकि महाराष्ट्र सहित कई प्रमुख उत्पादक क्षेत्रों में



लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने वाला है। सरकार 550 डॉलर प्रति टन के न्यूनतम निर्यात मूल्य (लगभग 46 रुपये प्रति किलोग्राम) के साथ ही 40 प्रतिशत का निर्यात शुल्क लगाया है। इस शुल्क को देखते हुए 770 डॉलर प्रति टन या 64 रुपये प्रति किलोग्राम से कम भाव पर प्याज निर्यात की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटाने का निर्णय उपभोक्ता मामलों के विभाग की सिफारिश पर लिया गया है। विभाग देश में प्याज की उपलब्धता और कीमत की स्थिति पर नजर रखता है।

### एफआईयू ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल बढ़ाया

**नई दिल्ली।** भारत की वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने देश के आर्थिक चैनलों में धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और आतंकवाद के वित्तपोषण जैसे अपराधों की जांच के लिए अपनी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली को बेहतर बनाया है। इसके तहत एफआईयू ने कृत्रिम मेधा (एआई) और मशीन लर्निंग को अपनाते हुए अत्याधुनिक 2.0 संस्करण को चालू किया है। ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि तकनीकी ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत थी, क्योंकि बैंकों और विभिन्न अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से विश्लेषण और जांच के लिए डेटा की मात्रा निरंतर बढ़ रही है।

## भारत का एडीबी से वृद्धि, साझा समृद्धि को नजरअंदाज न करने का आग्रह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने रविवार को एशियाई विकास बैंक (एडीबी) से आग्रह किया कि वह एशिया प्रशांत क्षेत्र में सदस्य देशों के लिए सतत वृद्धि को बढ़ावा देने के साथ-साथ शेष गरीबी को कम करने को नजरअंदाज न करे।

एडीबी की 57वीं वार्षिक बैठक में 'बोर्ड ऑफ गवर्नर्स बिजनेस सत्र' में हस्तक्षेप करते हुए भारत के अस्थायी वैकल्पिक गवर्नर विकास शील ने कहा कि बैंक ने वैश्विक सार्वजनिक वस्तुओं की चुनौतियों और वितरण को प्रभावी ढंग से संबोधित करते हुए तेजी से आर्थिक वृद्धि के उपायों को मजबूती देने, गरीबी को कम करने और क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा-हम चिंता के साथ देखते हैं कि आर्थिक वृद्धि और शेष गरीबी से निपटने को अपनी रणनीति 2030 की समीक्षा में एडीबी के बढ़े हुए फोकस क्षेत्रों में जगह नहीं मिली है। हम एडीबी से आग्रह करते हैं कि विकास और साझा समृद्धि पर एडीबी के चार्टर जनादेश को नजरअंदाज न करें। उन्होंने एशिया और प्रशांत क्षेत्र में त्वरित समावेशी और सतत वृद्धि की दिशा में काम करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया है।

### सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में आई कमी

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 68,417.14 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। पिछला सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का रहा। बुधवार को 'महाराष्ट्र दिवस' पर बाजार में अवकाश था। सप्ताह के दौरान जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), इन्फोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में गिरावट आई।

## आम चुनाव की वजह से एफपीआई सतर्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- मई में अब तक शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये डाले

भारत में आम चुनाव की वजह से विदेशी निवेशक 'देखो और इंतजार करो' की नीति अपना रहे हैं। चालू महीने के पहले दो कारोबारी सत्रों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय शेयर बाजारों में सिर्फ 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि की चिंताओं के कारण अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। वहीं मार्च में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 35,098



करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया था। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, मई में पहले दो कारोबारी सत्रों में एफपीआई ने शेयरों में 1,156 करोड़ रुपये का निवेश किया है और ऋण या बॉन्ड बाजार से 1,727 करोड़ रुपये निकाले हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के एसोसिएट निदेशक - प्रबंधक शोध हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा-भारत में आम चुनाव पूरे जोरों पर हैं। विदेशी निवेशकों ने चुनाव नतीजे आने तक 'देखो और इंतजार करो' का रुख अपनाया है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार ने कहा-अमेरिका में नौकरियों के ताजा आंकड़े अर्थव्यवस्था में सुस्ती का संकेत देते हैं। वेतन बढ़ोतरी चार प्रतिशत से कम है, जो श्रम बाजार की कमजोरी का संकेत हैं। शेयर बाजार की दृष्टि से यह अच्छी खबर है। यही वजह है कि शुक्रवार को अमेरिकी बाजारों में जोरदार उछाल आया था।



## आज का मुकाबला

मुंबई इंडियंस
बनाम
हैदराबाद सनराइजर्स
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 541 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 424 |

# जीत की राह पर लौटी चेन्नई

## धर्मशाला में जडेजा के हरफनमौला खेल से चेन्नई ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराया

**धर्मशाला, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा के हरफनमौला खेल के दम पर चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने पंजाब किंग्स को 28 रन से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को मजबूत किया। जडेजा ने 26 गेंद में 43 रन बनाने के बाद चार ओवर में महज 20 रन खर्च कर तीन विकेट झटके जिससे पंजाब के खिलाफ लगातार पांच हार के बाद सीएसके ने जीत का स्वाद चखा।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद नौ विकेट पर 167 रन बनाए और फिर पंजाब की पारी को नौ विकेट पर 139 रन पर रोककर टीम के खिलाफ चार दिन पहले मिली हार का बदला चुकता किया। सीएसके ने 11 मैच में छठी जीत के बाद तालिका में शीर्ष चार में अपनी वापसी की जबकि 11 मैचों में सातवीं हार के बाद पंजाब की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। जडेजा को टीम के अन्य गेंदबाजों का भी अच्छा साथ मिला जिससे पंजाब की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। तुषार देशपांडे और सिमरजीत सिंह ने दो-दो जबकि मिचेल सेंटनर और शारदुल ठाकुर ने एक-एक विकेट चटकाया।




पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने 23 गेंद में 30 जबकि शशांक सिंह ने 20 गेंद में 27 रन पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 36 गेंद में 53 रन जोड़े। राहुल चाहर ने चार ओवर में 23 तो वहीं मध्यम तेज गति के गेंदबाज हर्षल ने चार ओवर में 24 रन देकर तीन-तीन विकेट लिये। अर्शदीप सिंह को दो जबकि कप्तान सैम कुरेन को एक सफलता मिली। सीएसके के लिए जडेजा के अलावा शानदार लय में चल रहे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 21 गेंद में 32 जबकि डेरिल मिचेल ने 19 गेंद में 30 रन का बल्ले से अच्छा योगदान दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 32 गेंद में 57 रन की साझेदारी की। लक्ष्य का बचाव करने अपने तीन मुख्य तेज गेंदबाजों के बिना मैदान में उतरी सीएसके को देशपांडे ने दूसरे ओवर में जॉनी बेयरस्टो (सात) और रिली रोसेयु (शून्य) को बोल्ड कर शानदार शुरुआत दिलाई। दूसरे छोर से बायें हाथ के स्पिनर सेंटनर ने अपने शुरुआती दो ओवर में सिर्फ चार रन खर्च किये। शानदार लय में चल रहे शशांक और सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने देशपांडे और रिचर्ड ग्लीसन के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते पावरप्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 47 रन हो गया, लेकिन पंजाब के पुछल्ले बल्लेबाजों ने 15वें ओवर में 90 रन पर आठवां विकेट गिरने के बाद भी टीम को 139 रन तक पहुंचाने में सफल रहे। हरप्रीत बराड़ ने नाबाद 17, चाहर ने 16 और कागिसो रबाडा ने नाबाद 11 रन का योगदान दिया।


धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ 28 रन से जीत दर्ज करने के बाद पवेलियन जाते चेन्नई के खिलाड़ी। ● एजेंसी

### सीएसके 167/9
20 ओवर, अतिरिक्त: 6

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रबाडा बो अर्शदीप | 9 | 7 | 1/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ का जितेश बो चाहर | 32 | 21 | 4/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा हर्षल | 30 | 19 | 2/1 |
| शिवम दुबे का जितेश बो चाहर | 0 | 1 | 0/0 |
| मोईन अली का बेयरस्टो बो कुरेन | 17 | 20 | 2/0 |
| रविंद्र जडेजा का कुरेन बो अर्शदीप | 43 | 26 | 3/2 |
| मिचेल सेंटनर का कुरेन बो चाहर | 11 | 11 | 1/0 |
| शारदुल ठाकुर बो हर्षल | 17 | 11 | 2/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी बो हर्षल | 0 | 1 | 0/0 |
| तुषार देशपांडे नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |
| रिचर्ड ग्लीसन नाबाद | 2 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 3-0-24-0, अर्शदीप 4-0-42-2, कुरेन 4-0-34-1, बराड़ 1-0-19-0, चाहर 4-0-23-3, हर्षल 4-0-24-3

### पंजाब 139/9
20 ओवर, अतिरिक्त: 9

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का (रिजवी) बो जडेजा | 30 | 23 | 2/2 |
| जॉनी बेयरस्टो बो देशपांडे | 7 | 6 | 1/0 |
| रिली रोसेयु बो देशपांडे | 0 | 3 | 0/0 |
| शशांक सिंह का सिमरजीत बो सेंटनर | 27 | 20 | 4/0 |
| सैम कुरेन का सेंटनर बो जडेजा | 7 | 11 | 0/0 |
| जितेश शर्मा का धोनी बो सिमरजीत | 0 | 1 | 0/0 |
| आशुतोष शर्मा का सिमरजीत बो जडेजा | 3 | 10 | 0/0 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 17 | 9 | 2/0 |
| हर्षल का (रिजवी) बो सिमरजीत | 12 | 13 | 1/1 |
| राहुल चाहर बो शारदुल | 16 | 10 | 2/1 |
| कागिसो रबाडा नाबाद | 11 | 10 | 0/1 |

**गेंदबाजी :** सेंटनर 3-0-10-1, देशपांडे 4-0-35-2, ग्लीसन 4-0-41-0, जडेजा 4-0-20-3, सिमरजीत 3-0-16-2, शारदुल 2-0-12-1

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |

## महिला टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए में भारत और ऑस्ट्रेलिया



**दुबई।** भारत को इस साल तीन से 20 अक्टूबर तक बांग्लादेश में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए रविवार को गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में जगह मिली। भारत के सभी ग्रुप मैच सिलहट में खेले जाएंगे।

आईसीसी द्वारा घोषित नौवें महिला टी-20 विश्व कप के कार्यक्रम के अनुसार भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी जबकि छह अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम तीसरा मैच नौ अक्टूबर को पहले क्वालीफायर से खेलेगी जिसका अभी फैसला नहीं हुआ है। टीम को अपना अंतिम ग्रुप मैच 13 अक्टूबर को छह बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से खेलना है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम चार ग्रुप मैच खेलेगी और प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 20 अक्टूबर को ढाका में होने वाले फाइनल से पहले 17 और 18 अक्टूबर को होने वाले सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। ढाका और सिलहट में 19 दिन में कुल मिलाकर 23 मैच खेले जाएंगे, जरूरत पड़ने पर सेमीफाइनल और फाइनल दोनों के लिए रिजर्व दिन रखे गए हैं। मेजबान बांग्लादेश को ग्रुप बी में दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज और दूसरे क्वालीफायर के साथ रखा गया है।

## ओलंपिक कोटे से चूकी भारतीय पुरुष व महिला रिले टीमें

**नासाउ।** भारतीय पुरुष, महिला और मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर टीमें वर्ल्ड एथलेटिक्स रिले 24 में संबंधित स्पर्धाओं में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहने के कारण पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने से चूक गई। शनिवार को बहामास के नासाउ में राजेश रमेश, रूपल, अविनाश कृष्ण कुमार और ज्योतिका श्रीदांडी की मिश्रित 4 गुणा 400 मीटर रिले चौकड़ी थॉमस ए रॉबिन्सन स्टेडियम में ट्रैक पर उतरने वाली पहली भारतीय टीम थी। अनस याहिया, राजेश रमेश, अजमल और जैकब की भारतीय पुरुष टीम 4 गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट 4 में अपनी रेस पूरी नहीं कर पाई।

## खेल डायरी



### चीन ने 16वीं बार जीता उबेर कप फाइनल में इंडोनेशिया को हराया

**चेंगडू (चीन)।** चीन ने रविवार को यहां अपनी बादशाहत जारी रखते हुए इंडोनेशिया को हराकर 16वीं बार उबेर कप अपने नाम किया। चीन दो साल पहले बैंकॉक में दक्षिण कोरिया से फाइनल में हार गया था। उसने रविवार को इंडोनेशिया को 3-0 से हराकर खिताब जीता। इंडोनेशिया 2008 के बाद पहला उबेर कप फाइनल खेल रहा था। चीन के लिए ओलंपिक चैंपियन चेन यु फेई ने ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजंग को 21-7, 21-16 से हराकर शानदार शुरूआत की। चीन ने 16वीं बार उबेर कप जीत लिया।

### विवान शूटऑफ में हारे, भारतीय ट्रैप निशानेबाजों ने किया निराश

**नई दिल्ली।** विवान कपूर को शूटऑफ में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेट ब्रिटेन के मैथ्यू जॉन कोवार्ड-होली के खिलाफ 2-3 से शिकस्त झेलनी पड़ी जिससे भारत का कोई भी ट्रैप निशानेबाज बाकू में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप के फाइनल में जगह नहीं बना पाया। विवान ने क्वालीफाइंग दौर में 120 अंक जुटाए थे और वह कोवार्ड-होली के अलावा आयरलैंड के पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इयान ओ सुलिवान के साथ फाइनल में छठे और अंतिम स्थान के लिए शूटऑफ का हिस्सा थे। विवान को सातवें स्थान के साथ संतोष करना पड़ा। महिला ट्रैप में राजेश्वरी (108 अंक) 23वें जबकि श्रेयसी और मनीषा क्रमश: 29वें और 38वें स्थान पर रहीं।

### चेतेश्वर पुजारा ने काउंटी चैंपियनशिप में जड़ा शतक

**लंदन।** काउंटी चैंपियनशिप डिवीजन टू के मैच में दूसरे दिन ससेक्स के लिए खेलते हुए भारतीय दिग्गज बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने नाबाद (104) रनों की शतकीय पारी खेली। यह तीन सत्र में ससेक्स के लिए उनका नौवां शतक है। मैच में पुजारा के अलावा टॉम हेंस, टॉम एल्सॉप और जेम्स कोल्स ने भी अर्धशतक लगाए। ससेक्स ने डर्बीशायर के साथ खेले जा रहे मुकाबले में अब तक पांच विकेट पर 357 रन बना लिया है और उन्हें पहली पारी में 111 रनों की बढ़त मिल चुकी है। दिन के आखिर में लुईस रीस ने ससेक्स के दो विकेट लेकर डर्बीशायर को मैच में बनाए रखा है। शाम के सत्र में ससेक्स ने मैच में अपनी पकड़ मजबूत करनी शुरू कर दी थी।

### तेजस्विन ने एरिजोना एथलेटिक्स मीट में ऊंची कूद स्पर्धा जीती

**एरिजोना।** भारत के तेजस्विन शंकर ने यूएसएटीएफ थ्रो फेस्टिवल फेस्टिवल 2024 में पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में 2.23 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जीत हासिल की। शनिवार को एरिजोना विश्वविद्यालय के रॉय पी. ड्रैचमैन स्टेडियम में हुई स्पर्धा में संयोग से शीर्ष तीन एथलीटों ने समान 2.23 मीटर का मार्क दर्ज किया। अमेरिका के अर्नेस्ट सियर्स दूसरे और मैक्सिको के रॉबर्टो विल्चेस तीसरे स्थान पर रहे। भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर को पहले प्रयास में ही क्लियरेंस हासिल करने के कारण विजेता घोषित किया।

## मुंबई के खिलाफ जीत से स्थिति मजबूत करने उतरेंगे सनराइजर्स

**मुंबई, एजेंसी**



आत्मविश्वास से भरी सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के साथ इंडियन प्रीमियर लीग की अंक तालिका में आगे बढ़ने की कोशिश करेगी। दस मैच में छह जीत और चार हार से 12 अंकों के साथ तालिका में चौथे स्थान पर मौजूद सनराइजर्स की टीम ऑलराउंड प्रदर्शन करने और विशेष रूप से अपने गेंदबाजी विभाग में सुधार करने के लिए बेताब होगी।

वानखेड़े की पिच अगर बल्लेबाजी के अनुकूल होती है तो सनराइजर्स के बल्लेबाजों के एक बार फिर बड़ा स्कोर खड़ा करने की उम्मीद है जो वे मौजूदा सत्र में कई बार कर चुके हैं। सनराइजर्स की टीम पिछले मैच में शीर्ष पर चल रहे रॉयल्स को एक रन से हराकर आत्मविश्वास से भरी होगी।

## स्वियातेक ने मैड्रिड ओपन का खिताब जीता

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने पिछले साल के फाइनल में एरिना सबालेंका के खिलाफ हार का बदला चुकता करते हुए शनिवार को यहां मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की स्वियातेक ने दूसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका को तीन सेट तक चले फाइनल में 7-5, 4-6, 7-6 से हराकर सत्र का अपना तीसरा खिताब जीता। स्वियातेक 2012 में कैरोलिन वोजनियाकी के बाद 20 खिताब के आंकड़े को छूने वाली सबसे युवा खिलाड़ी हैं। स्वियातेक तीसरे सेट में जब 5-6 के स्कोर पर सर्विस कर रहीं थी तो उन्होंने दो मैच प्वाइंट बचाए। उन्होंने टाईब्रेक में तीसरा मैच प्वाइंट बचाया और फिर सेट जीतकर खिताब अपने नाम किया।



### सुनील नारायण के बल्ले से निकली 81 रनों की पारी, वरुण और राणा को मिले 3-3 विकेट

# केकेआर ने लखनऊ को 98 रन से हराया


लखनऊ के कप्तान केएल राहुल का विकेट लेने के बाद खुशी मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**लखनऊ, एजेंसी**

सुनील नारायण की (81) रनों की पारी और हर्षित राणा व वरुण चक्रवर्ती की बेहतरीन गेंदबाजी बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार को आईपीएल के 54वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को 98 रनों से हरा दिया है। इस आठवीं जीत के साथ ही कोलकाता अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है।

236 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अर्शीन कुलकर्णी (9) रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद कप्तान के एल राहुल और मार्कस स्टॉयनिस ने दूसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में केरल राहुल 21 गेंदों मे 25 रन बनाकर आउट हुए। अगले ही ओवर में दीपक हुड्डा (5) उसके बाद मार्कस स्टॉयनिस 21 गेंदों में 36 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद लखनऊ के लगातार विकेट गिरते रहे। निकोलस पूरन (10), आयुष बदोनी (15), एशटन टर्नर (16), क्रुणाल पंड्या (5), युद्धवीर सिंह चरक (7) और रवि बिश्नोई (2) रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता ने लखनऊ की पारी को 16.1 ओवर में 137 रन पर समेटते हुये मुकाबला 98 रनों से जीत लिया। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा तीन-तीन विकेट लिए। आंद्रे रसल को दो विकेट मिले।

इससे पहले कोलकाता ने बेहतरीन बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए लखनऊ को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया था। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 61 रन जोडे। पांचवें ओवर में नवीन उल हक ने फिल सॉल्ट को आउट कर लखनऊ को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद 12वें ओवर में रवि बिश्नोई ने सुनील नारायण को आउट किया। सुनील नारायण ने 39 गेंदों में (81) रनों की पारी खेली। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट पर 235 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### कोलकाता 235/6
20 ओवर, अतिरिक्त: 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| सॉल्ट कैच के एल राहुल बोल्ड नवीन | 32 | 14 | 5/1 |
| नारायण कैच पड़िक्कल बोल्ड बिश्नोई | 81 | 39 | 6/7 |
| रघुवंशी कैच के एल राहुल बोल्ड युद्धवीर | 32 | 26 | 3/1 |
| रसल कैच गौतम बोल्ड नवीन उल हक | 12 | 8 | 1/1 |
| रिंकू कैच स्टॉयनिस बोल्ड नवीन उल हक | 16 | 11 | 2/0 |
| श्रेयस कैच के एल राहुल बोल्ड ठाकुर | 23 | 15 | 3/0 |
| रमनदीप सिंह नाबाद | 25 | 6 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टॉयनिस 2-0-29-0 मोहसिन 2-0-28-0 नवीन 4-0-49-3 यश ठाकुर-4-0-46-1 क्रुणाल 2-0-26-0 बिश्नोई 4-0-33-1 युद्धवीर 2-0-24-1

### लखनऊ 137/10
16.1 ओवर, अतिरिक्त: 07

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच रमनदीप बोल्ड हर्षित | 25 | 21 | 3/0 |
| अर्शीन कैच रमनदीप बोल्ड स्टार्क | 9 | 7 | 2/0 |
| मार्कस स्टॉयनिस कैच हर्षित बोल्ड रसल | 36 | 21 | 4/2 |
| दीपक हुड्डा पगबाधा चक्रवर्ती | 5 | 3 | 1/0 |
| निकोलस पूरन कैच सॉल्ट बोल्ड रसल | 10 | 8 | 0/1 |
| आयुष बदोनी कैच स्टार्क बोल्ड नारायण | 15 | 12 | 0/1 |
| एशटन टर्नर कैच आउट चक्रवर्ती | 16 | 9 | 0/2 |
| क्रुणाल पंड्या कैच सॉल्ट बोल्ड हर्षित | 5 | 6 | 0/0 |
| युद्धवीर कैच रसल बोल्ड चक्रवर्ती | 7 | 7 | 0/1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा हर्षित | 2 | 3 | 0/0 |
| नवीन उल हक नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** वैभव अरोड़ा 2-0-21-0, मिचेल स्टार्क 2-0-22-1, नारायण 4-0-22-1, हर्षित राणा 3.1-0-24-3, वरुण चक्रवर्ती 3-0-30-3, आंद्रे रसल 2-0-17-2


### डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार करने पर 23 अप्रैल को नाडा ने सौंपा था बजरंग को अस्थायी निलंबन

## डब्ल्यूएफआई ने लगाया नाडा पर अंधेरे में रखने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी**

बजरंग पुनिया को हाल ही में राष्ट्रीय ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए अपना नमूना देने से इनकार करने पर अस्थाई तौर पर निलंबित कर दिया गया है। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) इस मामले में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा उसे 'अंधेरे में' रखने का आरोप लगाते हुए विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से शिकायत करने की योजना बना रहा है। बजरंग को 23 अप्रैल को नाडा ने अस्थायी निलंबन सौंपा था। उन्हें आगे की अनुशासनात्मक कार्रवाई से बचने के लिए सात मई तक अपना जवाब भेजने को कहा गया था।

बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पुरुषों की राष्ट्रीय टीम चुनने के लिए ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित किया था और बजरंग अपना मुकाबला हारने के बाद मूत्र का नमूना दिए बिना ही प्रतियोगिता स्थल से चले गये थे। बजरंग ने अपने निलंबन पर कहा कि उन्होंने कभी भी नाडा अधिकारियों को अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया। उन्होंने नाडा पर 'एक्सपायर हो चुकी किट' देने का आरोप लगाते हुए 'एक्स' पर लिखा, मेरे बारे में जो डोप टेस्ट के लिए खबर आ रही है उसके लिए मैं स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने कभी भी नाडा अधिकारियों को नमूना देने से इनकार नहीं किया, मैंने उनसे अनुरोध किया कि वे मुझे जवाब दें कि वे पहले मेरा नमूना लेने के लिए जो एक्सपायर किट लाए थे, उस पर उन्होंने क्या कदम उठाए या क्या कार्रवाई की उसका जवाब दे दीजिये और फिर मेरा डोप टेस्ट ले लीजिए। मेरे वकील विदुष सिंघानिया इस पत्र का जवाब समय अनुसार देंगे।



बजरंग अगर तय समय में अपना जवाब देने में असफल रहते हैं तो वह पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो जाएंगे। इस बीच डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने आश्चर्य व्यक्त किया कि नाडा ने उन्हें बजरंग के निलंबन के बारे में सूचित नहीं किया। संजय ने कहा, यह वास्तव में आश्चर्यजनक है कि नाडा ने बजरंग को निलंबित करते समय हमें सूचित नहीं किया। मैंने 25 अप्रैल को नाडा महानिदेशक और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की थी और उस बैठक में यह मामला नहीं उठाया गया था।

## रियल मैड्रिड ने जीता स्पेनिश लीग खिताब




**बार्सीलोना।** रियल मैड्रिड ने बायर्न म्यूनिख के खिलाफ चैंपियंस लीग सेमीफाइनल से पहले शनिवार को यहां चार मैच शेष रहते स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। मैड्रिड ने अपनी बेंच स्ट्रैंथ को आजमाने के बावजूद केडिज को 3-0 से हराया। बार्सीलोना की टीम इसके बाद गिरोना के खिलाफ 2-4 से हार गई जिससे मैड्रिड ने खिताब सुनिश्चित किया। मैड्रिड ने अपने रिकॉर्ड में सुधार करते हुए 36वीं बार ला लीगा का खिताब जीता। गिरोना की टीम इस जीत से बार्सीलोना को पछाड़कर 34 मैच में 74 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। बार्सीलोना 73 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। मैड्रिड के 34 मैच में गिरोना से 13 अंक ज्यादा 87 अंक हैं। गिरोना की टीम अब अधिकतम 12 अंक ही जुटा सकती है जिससे मैड्रिड का खिताब तय हो गया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कंगाल पाकिस्तान झेल रहा महंगाई की मार, बढ़े दूध के दाम

*कराची। वित्तीय संकट से जूझ रहे पाकिस्तान के कराची में अब दूध 210 रुपये (पाकिस्तानी) प्रति लीटर पर बिकने लगा है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, कराची आयुक्त ने डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन की मांग मानते हुए कीमतों में 10 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। इससे पहले दूध के दाम में 50 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि किए जाने का अनुमान था। पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे लोगों पर इस कीमत वृद्धि की मार पड़ी है।*

- पाकिस्तान पर कुल कर्ज बढ़कर 63.39 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये हो गया है। इसमें 40.95 लाख करोड़ घरेलू कर्ज और अंतर्राष्ट्रीय कर्ज 22.43 लाख करोड़ रुपये का है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को लेकर वर्ल्ड बैंक ने अपनी एक रिपोर्ट कहा था पाकिस्तान में आने वाले समय में थोड़ा बहुत जो विकास होगा वह अमीरों तक ही सीमित रहेगा। इसके चलते पाकिस्तान आर्थिक संकट के मद्देनजर अपने साथी देशों से बहुत पिछड़ गया है।



### क्या बोले-डेयरी फार्मर्स

डेयरी फार्मर्स कराची के अध्यक्ष मुबाशर कादीर अब्बासी के अनुसार, कराची के लोगों के लिए जल्दी ही 50 रुपये की वृद्धि होने का अनुमान है। अब्बासी ने दुग्ध उत्पादन खर्च बढ़ जाने का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता इस वृद्धि के लिए जिम्मेदार कारक है। उन्होंने कहा कि यदि अधिकारियों ने 10 मई तक वृद्धि की घोषणा नहीं की तो उस स्थिति में भागीदार मामले को अपने हाथों में ले लेंगे और सहमति के बाद कीमत बढ़ाएंगे।

- पाकिस्तान में एक दर्जन अंडों की कीमत 400 पाकिस्तानी रुपए (पीकेआर) हो चुकी है। वहीं प्याज 250 रुपये किलो बिक रही है। मीडिया के मुताबिक ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि प्रशासन सरकारी दामों को लागू करने में फेल रहा है। सरकार ने प्याज की कीमत 175 पाकिस्तानी रुपए प्रति किलो तय की हुई है, लेकिन बाजार में यह लगभग 100 रुपये ज्यादा की कीमत पर बिक रही है। चिकन भी 615 रुपये प्रति किलो मिल रहा है।

## चीनः कोरोना काल में फंसे छात्रों से भारतीय दूतावास ने किया संवाद

**बीजिंग।** चीन में भारतीय दूतावास ने कोविड काल के दौरान चीन के वीजा प्रतिबंधों के कारण मुश्किलों का सामना करने वाले भारतीय छात्रों के साथ अपना पहला संवाद सत्र आयोजित किया है। चार मई को आयोजित 'स्वागत और संवाद समारोह' में 13 से अधिक चीनी विश्वविद्यालयों के लगभग 80 पुराने और नए छात्रों ने भाग लिया।

बीजिंग में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत और काउंसलर नितिनजीत सिंह ने सत्र के दौरान विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी शिकायतों और अनुभवों को सुना। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा है कि दूतावास द्वारा पेश की जाने वाली विभिन्न सेवाओं के सचिव (द्वितीय) अमित शर्मा ने सत्र के दौरान विस्तृत प्रस्तुति दी।

# पीओके पर बलपूर्वक कब्जे की जरूरत नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनाथ बोले-कश्मीर के विकास को देखकर वहां के लोग स्वयं चाहेंगे भारत में शामिल होना



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कई बड़े दावे किए हैं। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को लेकर कहा कि भारत अपना दावा कभी नहीं छोड़ेगा, लेकिन इसे बलपूर्वक अपने कब्जे में करने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी क्योंकि यहां के लोग कश्मीर में विकास को देखने के बाद स्वयं इसमें शामिल होना चाहेंगे।

राजनाथ सिंह ने 'न्यूज एजेंसी पीटीआई' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि जम्मू-कश्मीर में जमीनी स्थिति में काफी सुधार हुआ है और एक समय ऐसा आएगा जब केंद्र शासित प्रदेश में अफस्पा (सशस्त्र बल विशेष शक्तियां अधिनियम) की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह मामला केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है और वह उचित निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव भी जरूर होंगे, लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं दी। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि भारत को कुछ नहीं करना पड़ेगा। जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से जमीनी हालात बदले हैं, क्षेत्र में जिस तरह से आर्थिक प्रगति हो रही है और वहां जिस तरह से शांति लौटी है, मुझे लगता है कि पीओके के लोगों की ओर से यह मांग उठेगी कि उनका भारत में विलय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें पीओके पर अपना कब्जा करने के लिए बल का प्रयोग नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि लोग ही कहेंगे कि हमें भारत में विलय करना चाहिए। ऐसी मांगें अब उठ रही हैं।

रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि पीओके हमारा था, है और रहेगा। जम्मू-कश्मीर में जमीनी हालात में सुधार का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि वहां जल्द ही विधानसभा चुनाव होंगे लेकिन उन्होंने इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बतायी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर में जिस तरह से स्थिति में सुधार हो रहा है, उसे देखकर मुझे लगता है कि एक समय आएगा जब वहां अफस्पा की आवश्यकता नहीं होगी।

## दिल्ली में कोरियाई नागरिक से तीन लाख अमेरिकी डॉलर बरामद

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों ने रविवार को एक कोरियाई नागरिक के पास से तीन लाख अमेरिकी डॉलर की नकदी बरामद की है।

सीआईएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक कोरियाई नागरिक थाई एयरवेज की उड़ान से बैंकॉक जा रहा था, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) हवाईअड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान रोक लिया गया। तलाशी लेने पर पास से 3.39 लाख अमेरिकी डॉलर (करीब 2.80 करोड़ रुपये) की नकदी बरामद की गई। इसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। नकदी को सीमा शुल्क विभाग को सौंप दिया है। सीआईएसएफ ने कहा- मामले की जांच की जा रही है।

## एक नजर

### त्रिपुरा में चार बच्चों समेत 11 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**अगरतला।** वैध दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश करने के आरोप में त्रिपुरा के धलाई जिले के सीमावर्ती गांव से चार बच्चों सहित 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, ये लोग धलाई जिले के गंडाचेर्रा उपमंडल से होकर अपने घर (बांग्लादेश) जा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि एक खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए गंडाचेर्रा पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी (ओसी) पलाह दत्ता के नेतृत्व में टीम ने धलाई जिले के सीमावर्ती गांव मचकुमीर में छापेमारी की और 11 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। ओसी ने कहा, हमने भारतीय पासपोर्ट अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और जांच जारी है।

### कतर के स्वामित्व वाले अल जजीरा को इजराइली सरकार ने किया बंद

**तेल अवीव।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को कहा कि उनकी सरकार ने इजराइल में कतर के स्वामित्व वाले प्रसारक अल जजीरा के कार्यालयों को बंद करने का फैसला किया है। यह फैसला ऐसे वक्त हुआ है, जब कतर गाजा में युद्ध को लेकर इजराइल और हमास के बीच संघर्ष विराम समझौते में मदद कर रहा है। नेतन्याहू ने एक्स पर इस फैसले की घोषणा की। यह फैसला कब प्रभावी होगा इस बारे में पता नहीं चल पाया है। नेतन्याहू ने पोस्ट में कहा, मेरी सरकार ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि भडकाऊ चैनल अल जजीरा इजराइल में बंद हो जाएगा।

### सलमान के घर गोलीबारी मामले में मृतक आरोपी का परिवार पहुंचा कोर्ट

**मुंबई।** मुंबई में अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी से जुड़े मामले में गिरफ्तारी के बाद पुलिस हिरासत में आत्महत्या किए आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से कराए जाने की मांग को लेकर बंबई हाईकोर्ट का रुख किया है। पुलिस का दावा है कि थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है। याचिका में सीबीआई को उसके बेटे की मौत के मामले की जांच सौंपने का अनुरोध किया है।

### पाकिस्तान : पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में शनिवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए। पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) के एक प्रवक्ता ने बताया कि शनिवार रात दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार आतंकवादियों ने एक पुलिस गश्ती वाहन पर हमला किया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मौके पर ही मारा गया। अन्य को घेराबंदी कर मौत के घाट उतार दिया।

# 3 भारतीयों की गिरफ्तारी पर ट्रूडो बोले कनाडा कानून के शासन वाला देश

## स्वतंत्र न्याय प्रणाली से सभी लोगों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है कनाडा सरकार

टोरंटो, एजेंसी

खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनातनी फिर से शुरू हो गई है। कनाडा ने हाल ही में इस मामले में तीन भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इसी को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि कनाडा कानून के शासन वाला देश है, जहां मजबूत एवं स्वतंत्र न्याय प्रणाली है। बता दें, 18 जून 2023 में कनाडा के सरी शहर में एक गुरुद्वारा साहिब के निकट गोली मारकर खालिस्तानी समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में कनाडा पुलिस ने तीन आरोपियों करनप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बराड़ को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर प्रथम डिग्री हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया है।

ट्रूडो शनिवार को टोरंटो में सिख विरासत का जश्न मनाने वाले एक समारोह में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने गिरफ्तारियों के बारे में कहा, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि कनाडा एक मजबूत और स्वतंत्र न्याय प्रणाली के साथ-साथ अपने सभी नागरिकों की रक्षा के लिए एक मौलिक प्रतिबद्धता वाला कानून के शासन वाला देश है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रूडो ने कहा कि जैसा कि आरसीएमपी का कहना है कि जांच चल रही है। आगे भी जारी रहेगी।

साथ ही जांच कल गिरफ्तार किए गए तीन लोगों की संलिप्तता तक सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि निज्जर की हत्या के बाद सिख समुदाय के कई लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। हर कनाडाई को सुरक्षित रूप से रहने और कनाडा में भेदभाव और हिंसा के खतरों से मुक्त रहने का मौलिक अधिकार है। पिछले साल सितंबर में खालिस्तान अलगाववादी 45 वर्षीय निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के ट्रूडो के आरोपों के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंध तनावपूर्ण हो गए थे।

हालांकि, भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया था। कहा था कि ये टिप्पणियां कनाडा में अलगाववाद, चरमपंथ और हिंसा की दी गई राजनीतिक जगह को दिखाती है।



### लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है संबंध

कनाडा पुलिस के अनुसार इन तीनों का संबंध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग से है। करण बराड़ लगभग साढ़े चार साल पहले 12वीं की पढ़ाई करने के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र है। 18 अप्रैल को ही उसके पिता मनदीप सिंह बराड़ की हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। उसकी माता रमनदीप बराड़ लगभग डेढ़ साल पहले सिंगापुर चली गई थी। करण बराड़ अपने पिता की मौत पर भी नहीं आया था। अब घर में सिर्फ उसके दादा बलवीर सिंह बराड़ हैं। बलवीर सिंह बराड़ ने बताया था कि यहां पर उनका पोता बहुत ही शरीफ और समझदार था। वहां जाकर क्या हुआ क्या नहीं इसके बारे में उन्हें कुछ नहीं पता। बता दें, ने तीन लोगों गिरफ्तारी को लेकर भारत ने कनाडा के आरोप आधारहीन बता कर खारिज कर दिया है। इससे पहले भारत लगातार बेबुनियाद आरोपों को खारिज करता रहा है।

# स्कूलों में एसी का शुल्क भरेंगे परिजन

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली हाईकोर्ट ने खारिज की याचिका, कहा-वित्तीय बोझ अकेले स्कूलों पर नहीं डाला जा सकता

दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्कूल में वातानुकूलन (एयर कंडीशनिंग) का खर्च माता-पिता को वहन करना होगा, क्योंकि यह छात्रों को प्रदान की जाने वाली एक सुविधा है, जो प्रयोगशाला शुल्क जैसे अन्य शुल्कों से अलग नहीं है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एक निजी स्कूल द्वारा कक्षाओं में वातानुकूलन के लिए प्रतिमाह 2 हजार रुपये वसूले जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी। पीठ ने दो मई को पारित अपने आदेश में कहा कि इस तरह का वित्तीय बोझ अकेले स्कूल प्रबंधन पर नहीं डाला जा सकता है और माता-पिता को स्कूल का चयन करते समय सुविधाओं और उन पर आने वाले खर्च को ध्यान में रखना चाहिए। याचिकाकर्ता का बच्चा एक निजी स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। याचिकाकर्ता ने दलील दी कि छात्रों को वातानुकूलन सुविधा प्रदान करने का दायित्व प्रबंधन का है, इसलिए प्रबंधन द्वारा इसे अपने स्वयं के संसाधनों से प्रदान किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि फीस रसीद में एयर कंडीशनिंग का शुल्क विधिवत दर्ज किया गया था। पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया स्कूल द्वारा ली जाने वाली फीस में कोई अनियमितता नहीं है। याचिकाकर्ता मनीष गोयल स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता था, उनके अनुसार छात्रों को एयर कंडीशनिंग सुविधा प्रदान करने का दायित्व स्कूल प्रबंधन पर है और उक्त सुविधा छात्रों को स्कूल के स्वयं के धन और संसाधनों से प्रदान की जानी चाहिए। बता दें कि, अधिकारी संबंधित मुद्दे की जांच कर रहे हैं और प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। कोर्ट को बताया गया कि महाराजा अग्रसेन स्कूल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### युद्धविराम पर इजराइल का रुख सकारात्मक

**तेल अवीव।** स्थायी युद्धविराम पर इजराइल के समझौते का रुख दिखाने से गाजा में शांति की संभावना पैदा हुई है। मिस्त्र की राजधानी काहिरा में चल रही वार्ता में शनिवार को इजराइली अधिकारियों के रुख से ऐसा प्रतीत हुआ। गाजा में 128 इजरायली नागरिकों को बंधक बनाए हमास की गाजा में स्थायी युद्धविराम की ही मुख्य मांग है। अमेरिका के असहमति जताने और बंधकों की रिहाई के लिए इजराइल में लगातार तेज हो रही मांग से स्थायी युद्धविराम की राह बनी है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के 6 की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सवाई माधोपुर जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर आज सुबह हुए सड़क हादसे में कार सवार 6 लोगों की मौत हो गई और दो बच्चे घायल हो गए। कार सवार रणथंभौर गणेश मंदिर में दर्शन करने जा रहे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने कार को टक्कर मार दी। सुबह आठ बजे बौंली थाना क्षेत्र में बनास पुल के पास हुआ यह भीषण हादसा हुआ। कार में सीकर का एक परिवार था जो गणेश जी के दर्शन करने रणथंभौर जा रहा था। इस दौरान दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे कार हादसे का शिकार हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा और शव को पोस्टमार्टम के मोर्चरी भेजा। थाना अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि मृतकों में अनीता पति मनीष शर्मा, संतोष पत्नी कैलाश शर्मा, कैलाश पुत्र रामअवतार शर्मा, पूनम पत्नी सतीश शर्मा, मनीष पुत्र रामअवतार शर्मा और सतीश शर्मा शामिल हैं। मृतकों के नाम की आधिकारिक पुष्टि परिजनों के पहुंचने के बाद ही हो सकेगी। हादसे में घायल दो बच्चों को जयपुर रेफर कर दिया गया है।

## विरोध प्रदर्शन



**अहमदाबाद :** गुजरात में केंद्रीय मंत्री परषोत्तम रूपाला के बयान के खिलाफ क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन लगातार जारी है। रविवार को अहमदाबाद में राजपूत समाज ने धर्मरथ यात्रा निकालकर बीजेपी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। सवा महीने से क्षत्रिय समाज का विरोध प्रदर्शन जारी है। क्षत्रिय समाज राजकोट से भाजपा प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला की राजा-रजवाड़ों और महिलाओं के प्रति अपमानजनक टिप्पणी से खफा है। ● एजेंसी

## बेरहम मां ने 6 वर्षीय दिव्यांग बच्चे को मगरमच्छों वाली नदी में फेंका, मौत

**उत्तर कन्नड़, एजेंसी।** बेरहम मां ने अपने ही कोख के दिव्यांग बेटे को मगरमच्छों वाली नदी में फेंक दिया। मामला कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के दांडेली तालुक का है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बच्चे को निकालने की कोशिश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पुलिस बच्चे को ढूंढ नहीं पाई।

पुलिस ने बताया कि सावित्री का पति रवि कुमार बड़े बेटे की दिव्यांगता पर अक्सर उससे झगड़ा करता था और उससे सवाल करता था कि उसने ऐसे बच्चे को जन्म क्यों दिया। कभी-कभी तो वह कथित तौर यह भी कह देता था कि बच्चे को फेंक दो। पुलिस के अनुसार, शनिवार को फिर सावित्री का पति रवि कुमार से झगड़ा हुआ, जिससे नाराज होकर उसने कथित तौर पर अपने बड़े बेटे को मगरमच्छ से भरी नदी में फेंक दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, रविवार सुबह गोताखोरों की मदद से शव बरामद किया। जिसका एक हाथ गायब है। पुलिस ने कहा-मामला दर्ज दंपती को गिरफ्तार कर लियाव है, और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दबाव में सत्तारूढ़ दल, सुनक बोले- पार्टी कड़ी मेहनत करेगी

लंदन, एजेंसी

- स्थानीय चुनावों में खराब प्रदर्शन के बाद ब्रिटने की पीएम सुनक बोले-परिणाम निराशाजनक



ब्रिटेन के स्थानीय चुनाव में इस साल सत्तारूढ़ दल का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। नतीजों के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने वादा करते हुए कहा कि वे हमेशा की तरह और कड़ी मेहनत करेंगे। चुनाव में कंजर्वेटिव पार्टी के नेताओं को बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा। यहां तक कि पार्टी के हाथ से वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र का मेयर पद भी निकल गया, जिसे कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ कहा जाता था।

इन चुनाव नतीजों को 40 साल में कंजर्वेटिव पार्टी का सबसे बुरा प्रदर्शन बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मिडलैंड्स के लोकप्रिय मेयर एंडी स्ट्रीट पुनर्मतगणना में लेबर नेता रिचर्ड पार्कर से मात्र 1508 वोटों से हार गए। हालांकि, पार्टी को बेन हाउचेन के टीज वैली से मेयर पद जीतने से थोड़ी राहत जरूर मिली है।

वेस्ट मिडलैंड्स के परिणामों पर सुनक ने कहा कि क्षेत्र में सर्वोत्तम सेवाएं और निवेश आकर्षित करने के ट्रैक रिकॉर्ड के बाद भी स्ट्रीट का हारना निराशाजनक है।

## ब्राजील में बाढ़-बारिश से भारी तबाही, 57 की मौत, 67 लापता

**ब्राजिलिया।** ब्राजील में भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन से भारी तबाही मची हुई है। इसका सबसे ज्यादा कहर दक्षिणी राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में देखने को मिल रहा है। भारी बारिश के कारण कई जगहों की सड़कें बुरी तरह से धस गई है। हजारों लोगों को बाढ़ के कारण अपना घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ब्राजील में इस हफ्ते की बारिश से लगभग 57 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 67 लोग लापता है। रेस्क्यू टीम बचाव कार्य में जुटी हुई है। नागरिक सुरक्षा द्वारा शनिवार को साझा किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, विनाशकारी बाढ़ ने 281 नगर पालिकाओं को प्रभावित किया है और कम से कम 74 लोग घायल हो गए हैं।

**अध्ययन** 5 वर्षों में डेढ़ गुना बढ़ी महिलाओं की संख्या, बेहतर भविष्य को लेकर उठा रहीं कदम

# करिअर बनाने की धुन में महिलाएं करा रहीं एग फ्रीज

वाशिंगटन, एजेंसी

दुनियाभर में देर से मां बनने के लिए एग फ्रीज करवाने वाली महिलाओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। अमेरिका में तो ऐसे महिलाओं की संख्या में बीते 5 वर्षों में डेढ़ गुना की वृद्धि हुई है। अब तक माना जा रहा था कि वे अपना करिअर बनाने की धुन में यह कदम उठा रही हैं।


हालांकि, शोध में सामने आया है कि काबिल पति की तलाश में वे ऐसा कर रही हैं। अमेरिका की येल यूनिवर्सिटी में मेडिकल एंथ्रोपोलोजी की प्रोफेसर मार्सिया इनहॉर्न बताती हैं, अब सिर्फ करियर वजह नहीं रही। ज्यादातर महिलाएं इसलिए एग फ्रीज करा रही हैं कि उन्हें ऐसे साथी नहीं मिल रहे हैं, जिनके साथ वे जिंदगी गुजारने का फैसला ले सकें। इसलिए शादियां देर से हो रही हैं।

दरअसल, महिलाएं हर मामले में पुरुषों से आगे निकल रही हैं। उनकी औसत सैलरी बढ़ी है। दुनिया के 60% देशों में उच्च शिक्षा में महिलाओं का प्रदर्शन पुरुषों से बेहतर है। ऐसे में कम शिक्षित पुरुषों से शादी करना बेमेल विवाह जैसी स्थिति पैदा करता है, जिससे आगे आपसी रिश्तों में दिक्कतें हो सकती हैं।

शोध में पाया गया है कि, 20 से 39 साल की शादी योग्य लाखों लड़कियों के लिए अमेरिका में कुछ ही कॉलेज ग्रेजुएट लड़के हैं। एग फ्रीज कराने के मामले बढ़ने की एक अहम वजह महिलाओं का तेजी से सशक्तीकरण भी है। एग फ्रीज कराना तमाम तकनीकी विकास होने के बावजूद बहुत सस्ता नहीं है।

इसमें 16 से 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। लेकिन महिलाएं स्वयं आर्थिक तौर पर इतनी सक्षम हो गई हैं कि वे इसका खर्च उठा पा रही हैं। दूसरी ओर, कई महिलाओं के लिए उनकी कंपनियां ही यह सुविधा दे रही हैं, ताकि वे लंबे समय तक काम कर सकें। शोध में पाया गया है कि, दुनियाभर की महिलाओं की शिक्षा में पुरुषों की तुलना में बेहतर हो गई है।

### दो दशक पहले 40 की उम्र में कराती थीं, अब 20 में ही



फर्टिलिटी विशेषज्ञ डॉक्टर निकोलो नोयस और एमी इव्याजेद्दा कहती हैं- दो दशकों में सोच बदली है। पहले एग फ्रीज कराने आने वाली महिलाएं फर्टिलिटी के आखिरी पड़ाव पर एग फ्रीजिंग के लिए आती थीं। उनकी उम्र 40 के आसपास हुआ करती थी। अब 20-25 की उम्र में ही महिलाएं एग फ्रीज कराने आ रही हैं। उन्होंने बताया है एक दशक से भी कम समय में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है।

## बॉलीवुड हलचल

# इस हफ्ते ओटीटी पर मिलेंगी क्राइम व रोमांस की नई फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। मई की शुरुआत के साथ ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी कुछ धमाकेदार फिल्मों और वेब सीरीज ने दस्तक दी है। हॉरर से लेकर एक्शन और ड्रामा जॉनर तक की फिल्में ओटीटी के अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर ऑडियंस का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। अप्रैल महीने में रिलीज हुईं फिल्मों से बॉक्स ऑफिस सूखा ही पड़ा रहा। हिंदी भाषा में रिलीज हुई किसी भी फिल्म ने उम्मीद के अनुसार कलेक्शन नहीं किया। मगर बॉक्स ऑफिस पर पड़े अकाल की भरपाई ओटीटी प्लेटफॉर्म जरूर करता है। मई के पहले हफ्ते में कई तरह के कंटेंट ने इस डिजिटल वर्ल्ड में दस्तक दी। अब इस महीने के दूसरे हफ्ते भी ओटीटी पर ढेर सारे ऐसे कंटेंट मौजूद होंगे, जिन्हें आप कभी भी देख सकते हैं। जानकी समसारा' कन्नड़ भाषी सीरीज है। यह



कहानी ज्वाइंट फैमिली में रहने वाले कपल जानकी और राघव की है। ऑल ऑफ अस स्ट्रेंजर्स' ब्रिटिश फैंटेसी फिल्म है। यह कहानी उस व्यक्ति की है, जिसका अपने रहस्यमयी पड़ोसी के साथ रिलेशन बनता है। द फाइनल अटैक ऑन वेम्ब्ले, यह सीरीज फुटबॉल मैच पर आधारित है।

## 24 को रिलीज होगी मनोज बाजपेयी की फिल्म भैया जी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता मनोज बाजपेयी की आने वाली फिल्म भैया जी 24 मई को रिली होगी। फिल्म भैया जी का टीजर हाल ही में रिलीज किया है। वीडियो क्लिप में मनोज बाजपेयी को एक्शन अवतार में दिखाया गया है। उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो बदला लेना चाहता है। इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा सुविंदर विक्की, जतिन गोस्वामी, विपिन शर्मा और जोया हुसैन प्रमुख भूमिका निभा हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का अनाउंस किया है। मेकर्स ने बताया है कि मनोज बाजपेयी स्टारर भैया जी सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मनोज बाजपेयी ने अपने एक्स हैंडल पर फिल्म भैया जी मोशन पोस्टर शेयर किया, जिसमें लिखा है,आ रहा है रॉबिन हुड का बाप! मिलिए भैया जी से, 24 मई से आपकी नजदीकी सिनेमा-घरों में, वायरल टीजर में, मनोज बाजपेयी का किरदार घायल दिखाई दे रहा है। वह बीड़ी पीते हुए नजर आ रहे हैं।

